●वर्ष : 16 ●अंक : 233 ●मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08

RNI No. DELHIN/2008/23928

# दैनिक लोकतंत्र की शान

लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित

सोमवार 16 दिसम्बर 2024

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEUTICALS (OPC) PRIVATE LIMITED




Distributorship ke liye contact Karen . ( 9315755133 / ya email Karen) angenpharmaceuticals@gmail.com

## समाचार

### उमर अब्दुल्ला ने कांग्रेस को ईवीएम का रोना बंद करके चुनाव परिणाम स्वीकार करने की सलाह दी



**नयी दिल्ली।** जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने अपने महत्वपूर्ण सहयोगी के साथ टकराव के एक और मुद्दे को छेड़ते हुए कांग्रेस पार्टी की इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पर तीखी आपत्ति को खारिज किया और एक तरह से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के रुख को दोहराते हुए कहा कि ऐसा नहीं हो सकता कि जब आप चुनाव जीतें तो परिणाम स्वीकार कर लें और जब हार जायें तो ईवीएम पर दोष मढ़ दें। उमर अब्दुल्ला ने शुक्रवार को पीटीआई-भाषा के साथ एक विशेष साक्षात्कार में कहा, जब इसी ईवीएम के इस्तेमाल से संसद में आपके सौ से अधिक सदस्य पहुंच जाते हैं और आप इसे अपनी पार्टी के लिए जीत का जश्न मनाते हैं, तो आप कुछ महीने बाद पलटकर यह नहीं कह सकते कि... हमें ये ईवीएम पसंद नहीं हैं क्योंकि अब चुनाव के परिणाम उस तरह नहीं आ रहे हैं जैसा हम चाहते हैं। यह कहे जाने पर कि वह भाजपा के एक प्रवक्ता की तरह बात कर रहे हैं, तो अब्दुल्ला ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये कहा, ईश्वर ना करें। उन्होंने फिर कहा, नहीं, यह ऐसा ही है...जो सही है वह सही है। उमर ने कहा कि वह गठबंधन सहयोगी के प्रति निष्ठा के बजाय सिद्धांतों के आधार पर बोलते हैं और सेंट्रल विस्टा जैसी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए अपने समर्थन को अपनी स्वतंत्र सोच का उदाहरण बताया। नेशनल कांफ्रेंस नेता अब्दुल्ला ने कहा, हर किसी की धारणा के विपरीत, मुझे लगता है कि दिल्ली में सेंट्रल विस्टा परियोजना के साथ जो हो रहा है वह एक बहुत अच्छी चीज है। मेरा मानना ??है कि नया संसद भवन बनाना एक बेहतरीन विचार था। हमें नये संसद भवन की आवश्यकता थी। पुराना भवन अपनी उपयोगिता खो चुका है। उन्होंने कहा कि अगर पार्टियों को मतदान तंत्र पर भरोसा नहीं है तो उन्हें चुनाव नहीं लड़ना चाहिए। उन्होंने कहा, यदि आपको ईवीएम से दिक्कत है, तो उसे लेकर आपका रुख एकसमान रहना चाहिए। उनसे पूछा गया था कि क्या उन्हें लगता है कि आम तौर पर विपक्ष, खास तौर पर कांग्रेस ईवीएम पर ध्यान केंद्रित करके गलत रास्ता अपना रही है।

# आम आदमी पार्टी की आखिरी सूची जारी

## केजरीवाल-सिसोदिया ने भाजपा पर साधा निशाना



नूना न्यूज एजेंसी।

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए अपनी चौथी और आखिरी सूची जारी कर दी है। आप की इस सूची में 38 उम्मीदवारों के नाम हैं। सूची के मुताबिक, दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल अपने वर्तमान निर्वाचन क्षेत्र नई दिल्ली से चुनाव लड़ेंगे। दिल्ली की वर्तमान मुख्यमंत्री आतिशी कालकाजी से और मंत्री सौरभ भारद्वाज ग्रेटर कैलाश से चुनाव लड़ने वाले हैं। केजरीवाल, आतिशी और भारद्वाज के अलावा मंत्री गोपाल राय बाबरपुर से, सत्येन्द्र कुमार जैन शकूर बस्ती से, दुर्गेश पाठक राजिंदर नगर से, रमेश पहलवान कस्तूरबा नगर से, नांगलोई जट से रघुविंदर शौकीन, सदर बाजार से सोम दत्त, बल्लीमारान से इमरान हुसैन, तिलक नगर से जरनैल सिंह चुनाव लड़ेंगे।

केजरीवाल ने अपनी पार्टी के कामों का जिक्र करते हुए कहा, 'हमारी पार्टी के पास दिल्ली वालों के विकास के लिए विजन है, प्लान है और उसे लागू करने के लिए पढ़े लिखे लोगों की एक अच्छी टीम है। पिछले दस सालों में किए कामों की लंबी लिस्ट है।

भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, 'दूसरी ओर, बीजेपी अब भी भ्रमित है। न उनके पास कोई मुद्दा है, न कोई नेता, और न ही दिल्लीवालों के लिए कोई उम्मीद। केजरीवाल ही उम्मीद हैं, और केजरीवाल ही भरोसा हैं। दिल्ली का विकास और उज्ज्वल भविष्य केवल केजरीवाल जी के साथ ही संभव है।

### >> केजरीवाल ने भाजपा पर साधा निशाना

दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए आप द्वारा जारी की गयी अंतिम सूची पर अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पार्टी पूरे आत्मविश्वास और पूरी तैयारी के साथ चुनाव लड़ रही है। इसी के साथ उन्होंने भाजपा पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, 'बीजेपी गायब है। उनके पास ना सीएम चेहरा है, ना टीम है, ना प्लानिंग है और ना दिल्ली के लिए कोई विजन है। उनका केवल एक ही नारा है, केवल एक ही नीति है और केवल एक ही मिशन है- केजरीवाल हटाओ। उनसे पूछो 5 साल क्या किया, तो वो जवाब देते हैं- केजरीवाल को खूब गाली दी।

### >> मनीष सीसोदिया की प्रतिक्रिया

मनीष सिसोदिया ने एक्स हैंडल पर लिखा, 'दिल्ली की सभी 70 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा के साथ ही, आम आदमी पार्टी ने चुनाव में पूरी ताकत से कदम रख दिया है। अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में हम जनता के बीच जा रहे हैं, यह मांगने कि हमें 5 और साल दिए जाएं ताकि शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, और पानी पर हुए अच्छे कामों को और आगे बढ़ा सकें।

# अतुल सुभाष सुसाइड केसः पत्नी निकिता समेत 3 गिरफ्तार

### >> 14 दिनों के लिए न्यायिक हिरासत में भेजा गया




नूना न्यूज एजेंसी।

**नई दिल्ली।** इंजीनियर अतुल सुभाष सुसाइड केस में आरोपी पत्नी निकिता सिंघानिया समेत 3 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. गिरफ्तार आरोपियों को अदालत ने 14 दिनों के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया है. इससे पहले बेंगलुरु पुलिस ने अतुल सुभाष की ससुराल में नोटिस चिपकाकर उनकी पत्नी, सास, और अन्य आरोपियों को 3 दिनों के अंदर पूछताछ के लिए बेंगलुरु पुलिस के सामने पेश होने का आदेश दिया था. आरोपियों ने इलाहाबाद हाई कोर्ट में अग्रिम जमानत की अर्जी दाखिल की थी। अतुल सुभाष के भाई विकास कुमार की शिकायत के आधार पर एक महिला पुलिसकर्मी सहित बेंगलुरु पुलिस की चार सदस्यों की टीम उत्तर प्रदेश के जौनपुर पहुंची थी. पुलिस ने जौनपुर में अतुल सुभाष की पत्नी निकिता सिंघानिया के निवास पर एक नोटिस चिपकाया. यह नोटिस निकिता सिंघानिया, उनकी मां निशा सिंघानिया, उनके भाई अनुराग सिंघानिया और उनके चाचा सुशील सिंघानिया को जारी किया गया है। बता दें कि आत्महत्या से पहले अतुल सुभाष ने 24 पन्नों का सुसाइड नोट और 81 मिनट का वीडियो जारी किया था. इसमें उन्होंने ससुराल वालों पर उत्पीड़न का आरोप लगाया था. वहीं, निकिता की मां ने अतुल के सभी आरोपों को खारिज कर कहा कि उन्होंने सिर्फ अपनी कुंठा जाहिर करने के लिए उनके परिवार पर इस तरह के गंभीर आरोप लगाए हैं, जिसमें बिल्कुल भी सच्चाई नहीं है। फिलहाल, पुलिस इस मामले में संलिप्त सभी आरोपियों की तलाश कर रही है. अतुल सुभाष के भाई विकास ने बुधवार को कहा था, मैं चाहता हूं कि मेरे भाई को इंसाफ मिले। मैं चाहता हूं कि इस देश में एक ऐसी न्यायिक व्यवस्था स्थापित की जाए, जिससे पुरुषों को इंसाफ मिल सके. मैं उन लोगों के खिलाफ विधिक कार्रवाई करना चाहता हूं, जो इस देश में विधिक पद पर बैठे हुए हैं और भ्रष्टाचार कर रहे हैं. अगर यह लोग इसी तरह से भ्रष्टाचार करते रहे, तो कभी-भी किसी को इंसाफ नहीं मिलेगा।

## ज्वलंत मुद्दा

### सम्पादकीय



### धीमी न्यायिक प्रक्रिया के विकल्प पर सोचना होगा

उलेमा बनाम उत्तरी दिल्ली मामले पर सुनवाई के दौरान जिस तरह सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणियां की थीं, इस मामले पर आए फैसले का अंदेशा उनसे हो गया था। सबसे बड़ी अदालत ने बुलडोजर कार्रवाई पर पूरी रोक तो नहीं लगाई है, लेकिन इसके लिए मानक प्रक्रिया बनाकर राज्य सरकारों और स्थानीय निकायों के हाथ जरूर बांध दिए हैं। जैसा कि हर फैसले के साथ होता है, हर पक्ष अपने-अपने हिसाब से इसकी व्याख्या कर रहा है। बुलडोजर कार्रवाई के विरोधी इसे अपनी जीत बता रहे हैं, वहीं इसके समर्थक इस फैसले में भी कार्रवाई के लिए राह खोज रहे हैं। इससे साफ है कि बुलडोजर न्याय सिर्फ स्पीड ब्रेकर का काम करेगा, ब्रेक नहीं बन पाएगा। स्पीड ब्रेकर तेज रफ्तार वाहनों की रफ्तार को धीमी करता है, जबकि ब्रेक गाड़ी को रोक देता है। यह फैसला भी कुछ इसी तरह का साबित होने जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर कार्रवाई को नियंत्रित करते वक्त एक तथ्य पर ध्यान नहीं दिया है। हमारे यहां आपराधिक मामलों की सुनवाई की जो प्रक्रिया है और उसमें जिस तरह की देर लगती है, उसे अपराध करने वालों ने अपने लिए आड़ बना रखा है। बरसों तक धीमी गति से चलने वाली न्यायिक प्रक्रिया का एक संदेश यह है कि ताकतवर चाहे तो अपराध करने के बावजूद प्रक्रिया की घुमावदार गलियों में न्यायिक फैसले को टाल सकता है। यह टालना इतना लंबा हो जाता है कि एक तरह से वह न्याय से इनकार हो जाता है। देर है पर अंधेर नहीं की सोच भी उबाऊ और धीमी न्यायिक प्रक्रिया के सामने धुंधली होते-होते समाप्त हो जाती है। इसी घुमावदार और लंबी-धीमी न्यायिक प्रक्रिया का विकल्प बनकर बुलडोजर न्याय उभरा था। राज्य सरकारों ने इसे त्वरित न्याय के साधन के तौर पर अपनाया और देखत ही देखते अपराधमुक्त समाज की चाहत रखने वालों की चहेती बन बैठीं। सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर कार्रवाई की मानक प्रक्रिया बनाते हुए त्वरित न्याय के विकल्प या न्यायिक प्रक्रिया की घुमावदार गलियों को पूरी तरह नजरंदाज किया है। यही वजह है कि इस फैसले के बाद अपराधियों, गैंगस्टरों, असामाजिक तत्वों के उभार को लेकर समाज का एक बड़ा वर्ग सशंकित हो उठा है। देश की सबसे बड़ी अदालत होने के चलते सुप्रीम कोर्ट को इस सामाजिक सोच का भी संज्ञान लेना चाहिए।

**SYED ZAKI HAIDER**

( EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR OF NAI UMMEED NEWS AGENCY

MOBILE NO. 9911371802

EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

# फडणवीस की टीम में कौन-कौन, किन मंत्रियों का पत्ता कटेगा?

### >> 9 पुराने मंत्रियों की वापसी पर संशय

सूत्रों के अनुसार मंत्रिमंडल में नए चेहरों को जगह देने के लिए ऐसे 9 मंत्रियों की छुट्टी हो सकती है जिनके कार्य पिछले कार्यकाल में अच्छे नहीं रहे थे. चर्चा है कि बीजेपी के 3, शिवसेना के 4 और एनसीपी के 2 ऐसे मंत्रियों को इस सरकार में जगह मिलने की संभावना नहीं है. इनमें से अधिकांश कैबिनेट सदस्य, जिन्हें सूचित किया गया है कि उन्हें मंत्रालय में शामिल नहीं किया जा सकता है, सीएम और उनके प्रतिनिधियों के साथ जमकर पैरवी कर रहे हैं. इस बात की कोई जानकारी नहीं है कि फड़णवीस, पवार और शिंदे ने उनसे मुलाकात की या नहीं।

**बीजेपी के खाते में इन विभागों के आने की संभावना**

बीजेपी अपने पास गृह, आवास, राजस्व, सामान्य प्रशासन विभाग, कानून और न्यायपालिका, ग्रामीण विकास, बिजली, जल, आदिवासी कल्याण, ओबीसी और तकनीकि शिक्षा विभाग आदि रख सकती है. वहीं शिवसेना के हिस्से में शहरी विकास, स्कूल शिक्षा, स्वास्थ्य, और लोक निर्माण आदि आ सकते हैं. वहीं एनसीपी के पास वित्त, कृषि और महिला एवं बाल कल्याण विभाग आ सकता है।



### >>क्या सभी घटक दलों में बन गयी सहमति?

मंत्रिमंडल को लेकर कई तरह की अटकलें चल रही थी. पहले यह कहा गया था कि अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी भी बराबरी की हिस्सेदारी चाहती ख. भले ही उसने कम सीटों पर जीत दर्ज की हो, लेकिन पार्टी ने अपने दावे को साबित करने के लिए बेहतर 'स्ट्राइक रेट' यानी लड़ी गई और जीती गई सीटों के प्रतिशत की ओर इशारा किया था. विशेष रूप से NCP चाहती थी कि पिछली सरकार में जो वित्त विभाग उनके पास था, उसे वापस किया जाए. हालांकि संभवतः घटक दलों के बीच अब सहमति बन गयी है।

नूना न्यूज एजेंसी।

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र में हुए विधानसभा चुनाव में महायुति को शानदार जीत मिली. हालांकि मुख्यमंत्री पद के चयन को लेकर काफी प्रतीक्षा करनी पड़ी. सरकार गठन के बाद अब मंत्रिमंडल के विस्तार पर सबकी नजर है. रविवार को देवेन्द्र फडणवीस कैबिनेट के विस्तार की संभावना है. भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने ह्यपीटीआई-भाषा' को बताया कि 30-32 मंत्रियों के शपथ लेने की संभावना है.महाराष्ट्र में मंत्रिपरिषद में मुख्यमंत्री समेत अधिकतम 43 सदस्य हो सकते हैं.सूत्रों के अनुसार बीजेपी को 20-21 मंत्री पद मिल सकते हैं, जबकि शिवसेना को 11-12 और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को 9-10 मंत्री पद मिलने की संभावना है।

### महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में महायुति को मिली थी जीत

महाराष्ट्र में हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों में बीजेपी एक बार फिर सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी. यहां बीजेपी ने 132 सीटों पर जीत हासिल की. वहीं महायुति में शामिल एकनाथ शिंदे की शिवसेना को 57 सीटें मिली थीं और अजित पवार की एनसीपी के हाथ 41 सीटें ही आई थीं. वहीं कुछ अन्य छोटे सहयोगियों को मिलाकर महायुति के हिस्से में कुल 288 सीटें आई थीं।

# संभल शिव मंदिर की कहानी क्या है...

## 46 साल पहले क्यों बंद हुई थी पूजा और अब कैसे शुरू हुई

नूना न्यूज एजेंसी।

**संभल।** के दीपा सराय में मिले शिव मंदिर में आज सुबह की पहली आरती की गई. मंदिर में भक्तों ने भगवान शिव की आरती करने के बाद हनुमान चालीसा का पाठ किया. मंदिर में 46 साल के बाद सुबह की पहली आरती हुई है।

**>> आखिर क्या हुआ था 46 साल पहले?**

29 मार्च 1978 को याद करते ही संभल का हर इंसान सहम जाता है. आरोप है कि डिग्री कॉलेज में सदस्यता न मिलने पर मंजर शफी ने खौफनाक साजिश रची और साथियों संग मिलकर जिले को दंगे की आग में झोंक दिया. 10-12 हिंदुओं को जान गंवानी पड़ी। दो माह तक जिले में कर्फ्यू लगा रहा. 169 केस दर्ज हुए. बाद में खुफिया विभाग ने दंग पर एक गोपनीय रिपोर्ट तैयार की।

**>> क्या था गोपनीय रिपोर्ट में**

इस रिपोर्ट के अनुसार साल 1978 में संभल नगरपालिका कार्यालय के पास महात्मा गांधी मेमोरियल डिग्री कॉलेज था. उसके संविधान के अनुसार प्रबंध समिति 10 हजार रुपये दान लेकर संस्था का आजीवन सदस्य बना सकती थी. मंजर शफी कॉलेज प्रबंध समिति में




आजीवन सदस्य बनना चाहते थे। इस बीच ट्रक यूनियन की तरफ से कॉलेज को 10 हजार का रुपये का चेक दिया गया। इस पर मंजर शफी के साइन थे। शफी के दावे पर ट्रक यूनियन के पदाधिकारियों ने ये लिखकर दे दिया कि उनकी ओर से किसी को इसके लिए अधिकृत नहीं किया गया है. इस पर कॉलेज की प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष (जो उस समय एसडीएम के पद भी जिले में तैनात थे) ने शफी को सदस्य नहीं बनाया. इसके बाद आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हुआ।

**>> ऐसे शुरू हुआ दंगा**

25 मार्च को होली के समय दो स्थानों पर दोनों संप्रदायों में तनाव फैल गया. एक होली जलने के स्थान पर खोखा बना लिया गया तो दूसरी जगह चबूतरा बना लिया गया. फिर किसी तरह बातचीत कर मामला संभला। फिर 28 मार्च को कॉलेज में स्टूडेंट्स को उपाधि दी जानी थी. उसी दिन कुछ मुस्लिम छात्राएं प्राचार्य से मिलीं और उपाधियों को आपत्तिजनक बताया। मामला बढ़ा तो फिर 29 मार्च को घेराव हुआ और इसमें अराजक तत्व शामिल हो गए। आरोप है कि मंजर शफी भी पहुंचे। अचानक दुकानें बंद कराई जाने लगीं. अफवाह फैली कि मंजर शफी को मार दिया गया है. मस्जिद तोड़ी जा रही है और फिर दंगा फैल गया।

**>> अब तक 16 बार संभल में हुए दंगे**

दंगे के कारण इस मुस्लिम बाहुल्य इलाके से हिंदू परिवार पलायन करने लगे. औने-पौने दामों में मकान बेचने लगे. अभी संभल के डीएम डॉ. राजेंद्र पेन्सिया ने बताया कि इस इलाके में बिजली चोरी की घटनाएं बहुत सारी हो रही थीं. इस इलाके में लोग घुसते नहीं थे. जब हम यहां पर आए तो हमें यहां एक मंदिर मिला. इसे हम साफ करवा रहे हैं। यहां पर एक कुआं भी मिला है, जिसके ऊपर रैंप बनाया गया था। किसी ने हमें बताया कि रैंप के नीचे कुआं है, तो हमने उसे हटाया. इसके बाद हमें नीचे कुआं मिला। पूरे संभल में मिस्क्ड आबादी है, लेकिन यहां पर केवल मुस्लिम आबादी है। हम मंदिर की सफाई करवा रहे हैं. यह जिस समाज का मंदिर है, उसे हम सौंपेंगे. वह जैसा इसका इस्तेमाल करना चाहते हैं, वैसा कर सकते हैं। कब्जा करने वाले लोगों को भूमाफिया के रूप में चिह्नित किया जाएगा।

# छत्तीसगढ़ः कांकेर जिले में बारूदी सुरंग निष्क्रिय करते समय बीएसएफ जवान घायल

नूना न्यूज एजेंसी।

**छत्तीसगढ़।** के कांकेर जिले में बारूदी सुरंग को निष्क्रिय करने के दौरान सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) का एक जवान घायल हो गया। पुलिस अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। कांकेर जिले के पुलिस अधीक्षक इंदिरा कल्याण एलेसेला ने बताया कि यह घटना सुबह करीब 9.30 बजे हेटारकसा गांव की सड़क पर पानीडोबीर कैंप के पास हुई। एलेसेला ने बताया कि सुरक्षाबलों के दल को नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना किया गया था। दल जब हेटारकसा गांव की सड़क पर पानीडोबीर कैंप के करीब



था तब उन्हें वहां बारूदी सुरंग होने की जानकारी मिली। उन्होंने बताया कि जब बारूदी सुरंग को निष्क्रिय किया जा रहा था तब वह फट गया, जिससे बीएसएफ जवान बी ईश्वर राव के हाथ और चेहरे पर मामूली चोटें आईं। अधिकारी ने बताया कि घायल जवान का प्रारंभिक उपचार किया गया और बेहतर चिकित्सा के लिए उसे अस्पताल ले जाया जा रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय दौरे पर रविवार को रात करीब डेढ़ बजे रायपुर पहुंचे। वह रायपुर और बस्तर जिलों में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

# तेंदुए के शावक का शव बरामद, दुर्घटना में मरने की आशंका

नूना न्यूज एजेंसी।

**पीलीभीत।** जिले के माधोटांडा थाना क्षेत्र में भारत-नेपाल सीमा से सटेनौजलिया गांव के पास शुक्रवार की देर शाम तेंदुए के शावक का शव बरामद हुआ है। ग्रामीणों से सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच कर शव को रेंज कार्यालय पहुंचाया। पीलीभीत टाइगर रिजर्व के उप निदेशक मनीष सिंह ने बताया कि शावक का शव रास्ते के किनारे मिला था, प्रारंभिक जांच में आशंका व्यक्त की गई है कि रास्ता पार करते समय किसी वाहन की चपेट में आने से शावक की मौके पर ही मौत हो गई, मृत्यु का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही स्पष्ट हो सकेगा। वन




क्षेत्राधिकारी अरुण मोहन श्रीवास्तव के अनुसार सड़क से गुजरते समय किसी वाहन की टक्कर से तेंदुए की मौत होने की आशंका है। उन्होंने कहा कि उसे किस वाहन से टक्कर लगी है इसकी जांच की जा रही है, शव को रेंज कार्यालय में रखा गया है और उसका पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। श्रीवास्तव ने कहा कि जिस शावक की मौत हुई है वह मादा है और उसकी उम्र लगभग आठ माह बताई जा रही है।

# पराली जलाने के लिए व्यवस्थित समाधान की आवश्यकताः उपराष्ट्रपति धनखड़

नूना न्यूज एजेंसी।

**दिल्ली।** राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस समारोह को संबोधित करते हुए धनखड़ ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी हर साल पराली जलाने से उत्पन्न खतरनाक पर्यावरणीय परिस्थितियों से पीड़ित होती है। उन्होंने कहा कि समाज को नवाचार को अपनाना चाहिए और इसे व्यक्तियों पर छोड़ने के बजाय एक व्यवस्थित समाधान की तलाश करनी चाहिए। धनखड़ ने कहा, तंत्र को परिपक्व होना चाहिए... हमारी लापरवाही हमें कई तरह से खतरे में डाल रही है। एक तो हमारा स्वास्थ्य। दूसरा, काम के घंटों का



नुकसान। तीसरा, सामान्य जीवन में व्यवधान और चौथा, हमें अपने बच्चों का ख्याल रखना होगा। उन्होंने पराली जलाने के लिए एक व्यवस्थित समाधान खोजने का आह्वान किया और कहा कि इसे व्यक्तियों पर नहीं छोड़ा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, जलवायु परिवर्तन जैसी खतरनाक समस्या सामाजिक बाधाओं को मिटा देती है। अमीर या गरीब, शहरी या ग्रामीण। हमें एक साथ काम करना चाहिए, या हम एक साथ नष्ट हो जाएंगे। लोकाचार और पारंपरिक ज्ञान का उल्लेख करते हुए धनखड़ ने कहा, हमारा सभ्यतागत ज्ञान एक विरासत है, और मैं कहूंगा कि एक तरह से इस जलवायु आपातकाल के लिए उत्तरजीविता मैनुअल, विश्वकोश है। हमारे पास हजारों वर्षों के सभ्यतागत लोकाचार, हमारे वेद, पुराण, हमारे महाकाव्य महाभारत, रामायण और गीता का ज्ञान है। यदि हम उस सोने की खान को देखें, तो हमें वास्तविक प्रेरणा मिलती है कि संरक्षण हमेशा एक महत्वपूर्ण कारक रहा है, जीवन का एक पहलू रहा है।

# जामिया हमदर्द ने एशियन फेडरेशन ऑफ सोसाइटीज फॉर अल्टरनेटिव्स टू एनिमल एक्सपेरिमेंट्स की स्थापना की।





**नई दिल्ली।** 14 दिसंबर 2024: चौथी एशियन कांग्रेस फॉर अल्टरनेटिव्स टू एनिमल एक्सपेरिमेंट्स* के समापन समारोह का आयोजन जामिया हमदर्द कन्वेंशन सेंटर में किया गया। इस अवसर पर जामिया हमदर्द के कुलपति प्रोफेसर एम. अफशार आलम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। आयोजन सचिव प्रोफेसर एस. रईसुद्दीन ने बताया कि यह कांग्रेस पहली बार भारत में आयोजित की गई है। इस कांग्रेस के दौरान भारत, चीन, जापान और दक्षिण कोरिया के प्रतिनिधियों और संस्थापक सदस्यों ने संयुक्त घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर करते हुए *एशियन फेडरेशन ऑफ सोसाइटीज फॉर अल्टरनेटिव्स टू एनिमल एक्सपेरिमेंट्स (AFSAAE)* की स्थापना की घोषणा की। अमेरिका, यूरोप और श्रीलंका की संस्थाओं, जो पशु प्रयोगों के विकल्पों पर कार्य कर रही हैं, के शुभचिंतकों ने भी इस पहल के प्रति अपनी शुभकामनाएं व्यक्त कीं। सभी प्रतिनिधियों को आयोजन सचिव द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रोफेसर वाई. के. गुप्ता और डॉ. एम. ए. अकबरशा ने विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लिया। प्रोफेसर वाई. के. गुप्ता ने वैज्ञानिकों से आग्रह किया कि वे प्रयोगों के दौरान जानवरों की पीड़ा को भी समझें। डॉ. अकबरशा ने घोषणा की कि संगठन की अगली बैठक हैदराबाद में आयोजित की जाएगी। प्रोफेसर रईसुद्दीन ने सम्मेलन के दौरान तीन दिवसीय विचार-विमर्श की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की और युवा वैज्ञानिकों के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुतियों के लिए विभिन्न पुरस्कारों की घोषणा की। डॉ. क्रिश्चियन पेलेवोइसिन, वैज्ञानिक निदेशक, मैटटेक और सीईओ, उर्बिलेटेरिया, फ्रांस, ने सर्वश्रेष्ठ पोस्टर प्रस्तुति पुरस्कार और नकद पुरस्कार प्रायोजित किए। वहीं, डॉ. क्रिस्टी सुलिवन, उपाध्यक्ष, शिक्षा और आउटरीच, इंस्टीट्यूट फॉर इन विट्रो साइंसेज, अमेरिका, और प्रोफेसर विनफ्रेड नोहास, ऑस्ट्रियन कमीशन फॉर एनिमल एक्सपेरिमेंटेशन के सदस्य, ने कांग्रेस के सफल आयोजन की सराहना की। जामिया हमदर्द के कुलपति प्रोफेसर एम. अफशार आलम ने सम्मेलन के सफल आयोजन पर आयोजकों को बधाई दी। उन्होंने जामिया हमदर्द के चांसलर जनाब हम्माद अहमद के संरक्षण और हमदर्द नेशनल फाउंडेशन सहित अन्य वित्तीय संस्थानों के सहयोग की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इससे जामिया हमदर्द को पशु प्रयोगों के वैकल्पिक मॉडल विकसित करने में सहायता मिली।

# कल लोकसभा में अपने भाषण में, प्रधानमंत्री ने भारत के संविधान में हुए पहले संशोधन को लेकर नेहरू पर अटैक किया - जो 18 जून 1951 से लागू किया गया था।



**दिल्ली।** यह संशोधन 3 कारणों से किया गया था। पहला उद्देश्य, बेहद संवेदनशील समय में सांप्रदायिक प्रोपेगेंडा से निपटना था। दूसरा, जमींदारी उन्मूलन कानूनों की रक्षा करना, जिन्हें अदालतें रद्द कर रही थीं। तीसरा, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और OBC के लिए शिक्षा और रोजगार में आरक्षण की रक्षा करना, जिसे अदालतों ने खारिज कर दिया था। एक प्रवर समिति ने विधेयक की विस्तार से जांच की। इस समिति के सदस्यों में नेहरू, राजगोपालचारी और डॉ. अम्बेडकर थे। प्रवर समिति द्वारा अपनी रिपोर्ट पेश करने के बाद भी नेहरू ने अपने आलोचकों की बात सुनी और अपना रुख बदला। इससे पहले 3 जुलाई 1950 को सरदार पटेल ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसे लोगों के प्रति अपनी निराशा व्यक्त करते हुए अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध की आवश्यकता को लेकर नेहरू को पत्र लिखा था। इस पत्र से पता चलता है कि यदि सरदार पटेल जीवित होते तो खुद प्रथम संशोधन का समर्थन करते। ग्रैनविले ऑस्टिन की शानदार पुस्तक 'वर्किंग ए डेमोक्रेटिक कॉन्स्टिट्यूशन' में 1980 तक किए गए संशोधनों की पूरी कहानी है। एंटायर पॉलिटिकल साइंस में MA करने वाले या उनके चीयरलीडर्स से इसे पढ़ने की उम्मीद नहीं की जा सकती है।

# ——- आवाज ——



—- **डॉ.जया शुक्ला**

बाहर निकालो मुझे, क्योकि मैं आवाज हूँ,
तुमसब की सुबहों का मैं ही आगाज हूँ !

बन्द पड़ीहूँ इस अघोषित तहखाने में,
जहरीले साँपों की डोरों से बँधी हुई;
मुँह मेरा बन्द किया तीखे बाणों से छेद,
चुप हूँ, लाचार हूँ कि तुमतक पहुँचती

नहीं।
बाहर निकालो
मुझे क्योंकि मैं आवाजहूँ,
तुमसब की सुबहों का मैंही आगाज हूँ !

मेरी जड़ों से जो पौधे निकलते थे,
नित नए विचार उनकी शाखों पर खिलतेथे
नईनई राहें उनसे जब भी निकलती थीं,
ऊँचे सुनहरे पर्वतों तक पहुँचती थीं ।

मेरे बिना तुमसब बोलना ही भूल गये,
केवल सुनते हो, तो क्या देखना भी भूल गए ?
अजनबी राहों पर बढ़ते चले जाते हो,
इनसे बस अन्धी गुफाओं तक ही जाते हो !

अपने अन्तर्मन की भीतरी गुफाओं से
बाहर निकालो अपनी दबाई आवाज को
अपनी मनुजता पर थोड़ा तो नाज करो,
अपनी अस्मिता पर तुम्हें भी विश्वास हो!
बाहर निकालो मुझे क्योंकि मैं आवाज हूँ,
हर अगली सुबह को लाने का साज हूँ।

# दिल्ली के स्कूलों और संस्थानों में सुरक्षा के मुद्दे पर सवाल, कांग्रेस ने आतिशी से इस्तीफे की मांग की

नई दिल्ली, दिसम्बर : दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविन्द केजरीवाल का राजधानी की बिगड़ चुकी कानून व्यवस्था के संदर्भ में भाजपा की केन्द्र सरकार के गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर समय मांगना पूरी तरह राजनीतिक ड्रामा है। मैं अरविन्द केजरीवाल जी से पूछना चाहता हूँ कि क्या हर गतिविधि और घटनाओं का राजनीतिकरण करना सही है? जब दिल्ली में सरकार आपकी, स्कूल आपके, संस्थान आपके, मैट्रो आपकी, बसें आपकी। फिर इनमें बम होने की घटना के लिए कुछ जिम्मेदारी तो दिल्ली सरकार की भी है जहां सुरक्षा गार्ड और व्यवस्था दिल्ली के आधीन है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली कांग्रेस मांग करती है कि दिल्ली के बिगड़ते हालात की जिम्मेदारी लेते हुए अरविन्द केजरीवाल तुरंत प्रभाव से मुख्यमंत्री आतिशी का इस्तीफा लें। क्योंकि सरकार आतिशी नही अरविन्द केजरीवाल द्वारा चल रही है, एक इंटरव्यू में स्पष्ट कहा है कि भ्रष्टाचार के कारण मेरे जेल जाने पर कुछ समय के लिए आतिशी को मुख्यमंत्री पद पर बैठाया है। अरविन्द केजरीवाल ने स्पष्ट कर दिया है कि दिल्ली में उनके अलावा कोई मुख्यमंत्री नही बन सकता, जो पार्टी में उनकी तानाशाही को दर्शाता है।

देवेन्द्र यादव ने कहा कि रिजर्व बैंक को बम से उड़ाने की धमकी, देश की गरिमा और सुरक्षा व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह लगाती है, क्या साईबर क्राईम इस कदर हावी है कि हमारी पुलिस और खुफिया एजेंसियां ऐसे असामाजिक तत्वों पर नियंत्रण करने के लिए असहाय और असफल दिखाई पड़ती है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल की नाक के नीचे पिछले एक सप्ताह में 9, 13 और 14 दिसम्बर को 30-40 स्कूलों में बम होने की खबर और स्कूलों को उड़ाने की धमकी, देश भर में 170 विमानों में बम की धमकी पूरी तरह से दिल्ली सरकार और केन्द्रीय सरकार के गृह मंत्रालय के अंतर्गत दिल्ली पुलिस की नाकामी है।

# बैडमिंटन को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्र को समर्पित हुआ शटल बाय डालमिया

नई दिल्ली, दिसम्बर : बैडमिंटन में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए समर्पित एक हाई परफार्मेंस सैंटर (एचपीसी), ह्यशटल बाय डालमिया भारत, का उद्घाटन आज भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में ओडिशा के माननीय मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी और असम के माननीय मुख्यमंत्री डॉ. हेमंता बिस्वा सरमा ने भारत के मुख्य राष्ट्रीय कोच पुल्लेला गोपीचंद और पुनीत डालमिया, प्रबंध निदेशक, डालमिया भारत की उपस्थिति में किया। यह एचपीसी, ओडिशा राज्य, पुल्लेला गोपीचंद बैडमिंटन फाऊंडेशन (पीजीबीएफ) और डालमिया भारत समूह के बीच एक त्रिपक्षीय सहयोग है, जिसे ह्यडालमिया भारत पुल्लेला गोपीचंद बैडमिंटन अकादमीह्ल के रूप में जाना जाएगा। इंडोर क्षेत्र के 77, हजार वर्ग फीट में फैली 400 सीटों की दर्शक क्षमता वाली इस अकादमी में 8 बैडमिंटन कोर्ट हैं। अकादमी विश्व स्तरीय कोचों के मार्गदर्शन में युवा प्रतिभाओं के समग्र प्रशिक्षण और विकास को बढ़ावा देने के लिए इस स्थान पर उपलब्ध उन्नत खेल सुविधाओं का उपयोग करेगी। इस प्रतिष्ठित संरचना में 50 खिलाड़ियों के लिए आधुनिक आवासीय सुविधाएं, एक व्यायामशाला और बाहरी गतिविधियों के लिए एक सभागार है। छत पर एक व्यूइंग रिंग शहर का एक अनूठा 360-डिग्री मनोरम दृश्य प्रदान करता है।

# डिजीटल कनैक्टिविटी के क्षेत्र में नई उपलब्धि

नई दिल्ली, दिसम्बर : जाने-माने दूरसंचार सेवा प्रदाता वोडाफोन आइडिया (वी) को ओपनसिगनल की नैटवर्क एक्सपीरियंस रिपोर्ट, नवंबर 2024 में हरियाणा में उत्कृष्ट 4जी नैटवर्क प्रदान करने के लिए सराहा गया है। रिपोर्ट में स्मार्टफोन 4जी उपयोगकर्ताओं के अनुभव का मूल्यांकन विभिन्न मानकों पर किया गया, जिसमें 4जी अपलोड और डाउनलोड स्पीड, वीडियो अनुभव, लाइव वीडियो अनुभव, गेम्स अनुभव और वॉइस एप्प अनुभव शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार हरियाणा में वी का उत्कृष्ट प्रदर्शन उपभोक्ताओं को सर्वश्रेष्ठ डिजीटल अनुभव और कनैक्टिविटी देने की उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह रिपोर्ट देशभर में नैटवर्क सुधारने के वीके प्रयासों की पुष्टि करती है। गौरतलब है कि इसी वर्ष अप्रैल में वी ने एफपीओ के माध्यम से 18,000 करोड़ जुटाए थे और नैटवर्क सुधार के लिए लगातार निवेश कर रही है। इस मौके पर दीपक राव, क्लस्टर बिजनैस हैड (पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख) ने कहा हरियाणा में शानदार 4जी नैटवर्क प्रदर्शन के लिए सम्मानित होना हमारी बड़ी उपलब्धि है।






ठंडी शाम के दौरान सड़क पर रहने वाले बच्चे खुद को गर्म करने के लिए अलाव के पास बैठते हैं तथा (दाएं) गुरु नानक देव जी के जीवन और शिक्षाओं पर लिखी गई एक नई पुस्तक का विमोचन डीएसजीएमसी के अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका व अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में किया गया।

# 'एक भारत, हम भारत' पदयात्रा ने दिया एकता और भाईचारे का संदेश



**नई दिल्ली-** देश में एकता, प्रेम और शांति का संदेश फैलाने के लिए रविवार को लोधी गार्डन से 'एक भारत, हम भारत' पदयात्रा का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक यात्रा में 1500 से ज्यादा लोग शामिल हुए. सामाजिक-आध्यात्मिक संगठन मैत्रीबोध परिवार की इस पहल का मकसद भारतीय समाज में प्रेम, एकता और भाईचारे की नई रोशनी जगाना था। यात्रा का मुख्य उद्देश्य भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखना और 'वसुधैव कुटुंबकम' यानी 'सारा विश्व एक परिवार है' की भावना को बढ़ावा देना था। इस दौरान, प्रतिभागियों ने अपने कदमों से यह संदेश फैलाया कि हम सभी एकजुट होकर एक मजबूत और खुशहाल समाज बना सकते हैं। मैत्रीबोध परिवार की प्रवक्ता मैत्रेयी मोहिनी ने इस अवसर पर कहा कि भारत की असली ताकत उसकी एकता में है। उन्होंने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य केवल एकता का संदेश देना नहीं बल्कि यह दिखाना भी है कि प्रेम और भाईचारे से ही हम समाज में समृद्धि और शांति ला सकते हैं। मैत्रीबोध परिवार 2013 से समाज के आध्यात्मिक और सामाजिक सुधार में सक्रिय रूप से काम कर रहा है। 'एक भारत, हम भारत' यात्रा उसी का एक हिस्सा है। यह यात्रा देशभर में भारत की सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने और उसे विश्व में एकजुटता का प्रतीक बनाने के उद्देश्य से आयोजित की गई है।

# फांसी लगाकर विवाहिता ने की आत्महत्या, पुलिस को लगा संदिग्ध

यमुनानगर, दिसंबर : पुराना हमीदा में एक विवाहिता ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने आकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। हालांकि पुलिस को फांसी लगाने का मामला संदिग्ध लग रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने मृतका के भाई की शिकायत पर पति सहित पांच लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज किया है। उत्तर प्रदेश के नन्दी निवासी गौरव ने बताया कि उसकी बहन 31 वर्षीय स्वाती की शादी 2019 में पुराना हमीदा निवासी अनिल के साथ हुई थी। कुछ समय तक तो ठीक चलता रहा, लेकिन कुछ समय बाद वह दहेज के लिए तंग करने लगे। कई बार पंचायत भी हुई, उसके बाद भी आरोपी अपनी हरकतों से बाज नहीं आए। स्वाती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका के भाई का आरोप है कि दहेज को लेकर उन्होंने उसकी बहन की हत्या कर दी और पुलिस को भी नहीं बताया। पुलिस को सूचना भी उन्होंने आने के बाद दी। मृतका के पास सवा साल की एक बेटी है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

**कर लिया है मामला दर्ज :** थाना शहर यमुनानगर प्रभारी नरेन्द्र राणा का कहना है कि पुलिस ने मृतका के भाई गौरव की शिकायत पर स्वाती के पति अनिल, दो जेठ व जेठानी सहित पांच पर दहेज हत्या का केस दर्ज किया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है क्योंकि पुलिस को फांसी लगाने का मामला संदिग्ध लग रहा है। फोरेंसिग टीम को मौके पर बुलाया गया है। पोस्टमार्टम के आधार पर ही आगामी कार्रवाई होगी।

# पिस्टल व दो जिंदा राऊंड के साथ युवक को किया गिरफ्तार

यमुनानगर, दिसंबर : सीआईए-1 की टीम ने एक पिस्टल व दो जिंदा राउंड के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत किस दर्ज किया गया, जहां से आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इंचार्ज केवल सिंह ने बताया कि उनकी टीम को सूचना मिली कि एक युवक अवैध हथियार लेकर हाईवे के नजदीक करेड़ा गांव के पास घूम रहा है। गुप्त सूचना के आधार पर एएसआई राजेंद्र सिंह, अवतार सिंह, पंकज, विमल व सुशील की टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर जाकर वहां घूम रहे युवक को गिरफ्तार किया। जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से एक पिस्टल व दो जिंदा राउंड बरामद हुए। आरोपी की पहचान सांगीपुर निवासी इमरान खान उर्फ तालिबान के नाम से हुई। आरोपी के खिलाफ के दर्ज कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।



पुलिस टीम द्वारा पकड़े गए आरोपी

***जानलेवा हमले के मामले में दो सगे भाई गिरफ्तार :*** रादौर के गांव अमलोहा निवासी बलवान सिंह पर जानलेवा हमला कर घायल करने व उसके भतीजे की कार तोड़ने और घर में आग लगाने के प्रयास के आरोप में फरार चल रहे गांव के ही पूर्व सरपंच अंकुश व उसके भाई अंकित को सीआईए-1 की टीम ने गिरफ्तार कर लिया। मामले की जांच एएसआई प्रवीण कुमार कर रहे हैं। जांच अधिकारी प्रवीण का कहना है कि पकड़े गए दोनों आरोपी सगे भाई हैं और यही झगड़े के मुख्य आरोपी हैं। सीआईए इंचार्ज केवल सिंह का कहना है कि आरोपी अंकित ने झगड़े के लिए अन्य बदमाश बुलाए और अंकुश के साथ पुरानी रंजिश थी। इनका बलवान के साथ जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। पहले सुबह के समय झगड़ा हुआ, उसके बाद दोपहर को अन्य बदमाश बुलाकर हमला किया गया। अंकुश गांव का पूर्व सरपंच है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। 27 अक्टूबर को बलवान सिंह खेत में पानी चलाने गया, जहां पर उनका पानी चलाने को लेकर अंकुश के साथ विवाद हो गया। जिसमें अंकुश ने कस्सी से सिर पर वार कर घायल कर दिया। बलवान सिंह घर पर पहुंचा। तभी अंकुश व उसके भाई अंकित ने अपने 15-20 साथियों के साथ उन पर हमला कर दिया। नीरज की कार तोड़ डाली।

# भाजपा ने दिल्ली में जानबूझ कर बसाए रोहिंग्या, आतिशी के आरोप

## हरदीप सिंह पुरी ने किया पलटवार

**नई दिल्ली।** विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी लगातार राष्ट्रीय राजधानी में अवैध रूप से रह रहे रोहिंग्या और बांग्लादेशी लोगों के मुद्दे को लेकर भाजपा पर निशाना साध रही है। इसी कड़ी में दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने आज केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखा। अपने इस पत्र में उन्होंने केंद्र सरकार पर शहर के विभिन्न हिस्सों में 'बड़ी संख्या में अवैध रोहिंग्या' को बसाने का आरोप लगाया। दिल्ली सीएम ने अपने पत्र में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी के कुछ पुराने ट्वीट का भी जिक्र किया। दिल्ली सीएम के आरोपों पर हरदीप सिंह पुरी ने जवाब दिया है। उन्होंने आप पर भटकाव, झूठे विमर्श और आधा अधूरा सच बताने की राजनीति करने का आरोप लगाया। शाह को लिखे अपने पत्र में आतिशी ने केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी के 2022 में किए गए दो ट्वीट का हवाला दिया है। उन्होंने लिखा, 'केंद्रीय शहरी विकास मंत्री हरदीप पुरी ने 17 अगस्त, 2022 को दो ट्वीट किए थे जिनसे स्पष्ट रूप से पता चलता है कि इन शरणार्थियों को दिल्ली में बसाना भाजपा सरकार का सोचा-समझा निर्णय और नीति है।' आतिशी के आरोपों पर पलटवार करते हुए पुरी ने एक्स पर लिखा, 'आम आदमी पार्टी ने ध्यान भटकाने, झूठी कहानियों और आधे सच की राजनीति जारी रखी है। अवैध रोहिंग्या प्रवासियों के बारे में तथ्य और वास्तविक स्थिति को उसी दिन ट्वीट के माध्यम से स्पष्ट किया गया था, जिसे उन्होंने चुनिंदा रूप से अनदेखा करना चुना और ऐसा करना जारी रखा। किसी भी रोहिंग्या प्रवासी को दिल्ली में सरकारी घर नहीं दिया गया है। वास्तव में, अअढ के झूठे दावों के विपरीत, वे वास्तव में वे लोग हैं जो दिल्ली में अवैध रोहिंग्याओं की मेजबानी करते हैं, उन्हें बड़ी संख्या में बसाते हैं, उन्हें बिजली और पानी देते हैं और उन्हें 10,000 भी देते हैं। उन्होंने आगे लिखा, 'यदि वे उन घोटालों पर अपनी स्थिति बताते हैं, जिनके कारण उन्हें जेल जाना पड़ा, शीश महल, परियोजनाओं को रोकने के लिए फ्ब्ब्र और दिल्ली मेट्रो के चरण-4 में राज्य का हिस्सा देने से इनकार करना और PM-UDAY योजना में देरी करना जब तक कि हम दिल्ली की अब तक अनधिकृत कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को मालिकाना हक देने के लिए अपने दम पर आगे नहीं बढ़ते।

# केजरीवाल ने बुजुर्गों की पेंशन रोक दी

# दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण पर ध्यान नहीं दिया: मनोज तिवारी

**दिल्ली।** विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद मनोज तिवारी ने आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए उन पर राष्ट्रीय राजधानी के महत्वपूर्ण मुद्दों की उपेक्षा करने का आरोप लगाया। तिवारी ने आप सरकार की आलोचना करते हुए दावा किया कि दिल्ली में पिछले एक दशक में जल प्रदूषण से 21,000 लोगों की मौत हुई। उन्होंने कहा कि केजरीवाल प्रदूषण की गंभीर होती समस्या से निपटने में विफल रहे, उन्होंने बुजुर्गों की पेंशन बंद कर दी तथा गरीबों के लिए राशन कार्ड जारी करने में भी लापरवाही बरती। तिवारी ने केजरीवाल पर अवैध रूप से बांग्लादेश से घुसपैठ करने वाले लोगों और रोहिंग्याओं को संरक्षण देने का आरोप लगाया तथा दिल्ली की बिगड़ती कानून-व्यवस्था के लिए उन्हें जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने पीटीआई-वीडियो से कहा, अरविंद केजरीवाल अपनी जिम्मेदारियों के बारे में बात नहीं करना चाहते हैं। आज हम जहरीली हवा में सांस ले रहे हैं, लेकिन वह कभी इस पर बात नहीं करते। वह इन मुद्दों को क्यों छिपाना चाहते हैं। तिवारी ने यह टिप्पणी ऐसे समय में की है जब केजरीवाल ने राजधानी में बिगड़ती कानून व्यवस्था के लिए भाजपा नीत केंद्र सरकार की आलोचना की थी। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को लिखे पत्र में, हाल में कई विद्यालयों और इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे को बम से उड़ाने की धमकी मिलने का हवाला देते हुए दावा किया कि शहर को देश की अपराध राजधानी कहा जा रहा है। दिल्ली में अगले साल फरवरी में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर दोनों पार्टियां एक-दूसरे पर निशाना साध रही हैं।

# एस बी एफ ) ने जरूरतमंदों के लिए कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया, करीब 100 लोगों को कंबल वितरित किए गए

**अब्दुल हफीज**

**नई दिल्ली।** 15 दिसंबर, सोसायटी फॉर ब्राइट फयूचर ( एस बी एफ ) ने रविवार (15 दिसंबर 2024) को द स्कॉलर स्कूल (अबुल फजल एनक्लेव,ओखला) के प्रांगण में जरूरतमंदों के लिए कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में करीब 100 लोगों को कंबल वितरित किए गए। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में में प्रोफेसर मसूद अहसन सिद्दीकी (प्रोफेसर, भूगोल विभाग, जामिया मिल्लिया इस्लामिया, नई दिल्ली), श्री कलीमुल हफीज (चेयरमैन अलह्नहफीज एजुकेशनल अकादमी एंड सीएमडी एट होटल रिवर व्यू) श्री असलम नवेद, श्री अतीकुर रहमान (ट्रेजरार, सोसाइटी फॉर ब्राइट फ्यूचर और श्री अकील खान के इलावा पी आर कोऑर्डिनेटर अशहर आलम भी इस कार्यक्रम में मौजूद थे। इस अवसर पर सभी अतिथियों ने सोसायटी फॉर ब्राइट फ्यूचर के कार्यों की सराहना की और इसे समाज के लिए एक प्रेरणास्त्रोत बताया। सभी गणमान्य अतिथियों ने कहा कि सोसायटी फॉर ब्राइट फ्यूचर राष्ट्र निर्माण और समाजिक कल्याण के कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है,तथा इस संस्था का काम प्रशंसनीय है। सभी गणमान्य अतिथियों ने लोगों को सोसाइटी फॉर ब्राइट फ्यूचर का साथ देने तथा सोसाइटी के लिए डोनेट करने की भी अपील की। इस के साथ ही तमाम अतिथियों ने एस बी एफ संगठन का कैलेंडर भी जारी किया। कैलेंडर के औपचारिक विमोचन के बाद नेशनल कोऑर्डिनेटर श्री इरफान अहमद ने लोगों को एक दूसरे की सहायता करने की अपील की तथा मानवीय कल्याण हेतु सोसाइटी फॉर ब्राइट फ्यूचर द्वारा किए गए कार्यों के बारे में भी बताया। वालंटियर कोऑर्डिनेटर डॉक्टर आमिर जमाल ने सोसाइटी फॉर ब्राइट फ्यूचर के कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा प्रोजेक्ट राहत के बारे में भी बताया। उल्लेखनीय है कि सर्दी के मौसम में समाज के गरीब और जरूरतमंद वर्गों को सहायता प्रदान करने के लिए सोसायटी फॉर ब्राइट फ्यूचर द्वारा भारत के 13 राज्यों में प्रोजेक्ट राहत प्रोग्राम चलाया जाता है। अब तक प्रोजेक्ट राहत के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर अगर कम्बल के वितरण की बात की जाए तो सोसायटी फॉर ब्राइट फ्यूचर लगभग तीन लाख कम्बल वितरित कर चुकी है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सोसायटी फॉर ब्राइट फ्यूचर दिल्ली के कन्वीनर मोहम्मद शहजाद, वालंटियर अब्दुस सत्तार रिजक मोहम्मद तथा हुमा ने सक्रिय भूमिका निभाई।





CMYK

# आर्य समाज द्वारा गरीबों को वितरित किए गए लिहाफ



लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा

**हसनपुर।** रविवार को नगर की समाजसेवी संस्था आर्य समाज द्वारा सर्दी के प्रकोप को देखते हुए नगर के गरीब असहाय लोगों को लिहाफो का वितरण किया गया, कार्यक्रम का शुभारंभ आर्य वंदना से किया गया तथा मुख्य अतिथि गणों को आर्य समाज का पटका तथा पुस्तक देकर उनका स्वागत किया गया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत एवं वरिष्ठ भाजपा नेता हेम सिंह आर्य से लिहाफो का वितरण कराया गया, कार्यक्रम का संचालन नन्हे सिंह गौतम ने किया वहीं लिहाफ वितरण में पहुंचे अन्य लोगों से भी लिहाफ वितरित कराए गए, आर्य समाज द्वारा इस बार 56 महिला एवं पुरुष पात्र व्यक्तियों को लिहाफ वितरित किए गए, इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह, कस्बा इंचार्ज संदीप मलिक, चीरंजीलाल कॉलेज ऑफ एजूकेशन डगरोली के निदेशक पुनीत अग्रवाल, प्रधान महीपाल सिंह गौतम, मंत्री अंकित गुप्ता, कोषध्यक्ष उमा गुप्ता, विनय कुमार गुप्ता, रोहतास सिंह, रमेश चंद्र गुप्ता, नन्हे सिंह आर्य, मनोज कुमार गौतम, उधम सिंह, दिनेश अग्रवाल, इंद्रपाल अग्रवाल आदि सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# हसनपुर पुलिस ने साइबर अपराधों के प्रति महिलाओं को किया जागरूक, हेल्पलाइन नंबरो की दी जानकारी



लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा

**हसनपुर।** रविवार को हसनपुर कोतवाली पुलिस द्वारा साइबर अपराधों के प्रति महिलाओं को सजग रहने तथा जागरूकता लाने संबंधी जानकारी दी गई, कोतवाली प्रांगण में महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध तथा डिजिटल हाउस अरेस्ट जैसी घटनाओं को रोकने के लिए जी 10 की महिलाओं को बुलाकर जानकारी दी गई, इस संबंध में क्राइम इंस्पेक्टर बालेंद्र यादव ने महिलाओं को सरकार द्वारा चलाए जा रहे हेल्पलाइन नंबर 1076, 1090, 181, 112, 102, 108, 1098, 101, 1930 आदि नंबरों के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी तथा सरकार द्वारा नारी शक्ति वंदन आदि के पंपलेट वितरित किए, महिलाओं को जागरुक करते हुए क्राइम इंस्पेक्टर बालेंद्र यादव ने बताया कि किसी भी अनजान नंबर से फोन आने पर ज्यादा देर बात ना करें तथा उसकी बातों में आकर अपना कोई भी खाता नंबर आदि न बताएं हाल ही में मेरठ व अन्य शहरों में महिलाओं को अपराधियों द्वारा टारगेट करके हाउस अरेस्ट किया गया जिसमें महिलाओं को इमोशनली ब्लैकमेल करके उनके खाते से लाखों रुपए ट्रांसफर करा लिए गए, इसी प्रकार अन्य अपराधों के प्रति भी सजग करते हुए जानकारी दी गई, इस मौके पर इनर व्हील क्लब हसनपुर की अध्यक्षा नीतू अग्रवाल, सचिव पारुल अग्रवाल, रितु अग्रवाल, मनीशा अग्रवाल, खुशबू अग्रवाल, रचना गुप्ता तथा जी 10 की अन्य महिलाएं तथा महिला पुलिसकर्मी मौजूद रही, साथ ही वरिष्ठ उप निरीक्षक कुमरेश कुमार भी मौजूद रहे।

# यादव यदुवंशी महासभा की बैठक में समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने का लिया गया संकल्प



लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा

**मुरादाबाद/हसनपुर।** रविवार को मुरादाबाद महानगर में यादव यदुवंशी महासभा की एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें समाज में फैली कुरीतियों दूर करने का संकल्प लिया गया, सभा में विभिन्न नगरों से पदाधिकारी व सदस्य गणों ने पहुंचकर प्रतिभा किया, सभा की अध्यक्षता चंद्रपाल यादव ने की तथा संचालन राधेश्याम यादव ने किया, बैठक में सभी ने अपने-अपने विचार व्यक्त किया, इस मौके पर हसनपुर नगर से पहुंचे यादव समाज के नेता एवं शिवसेना के जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश यादव ने तथा देवेंद्र यादव वह विकास यादव आदि ने अपने-अपने विचार रखें बैठक में विचार रखते हुए कहा गया कि समाज में फैली हुई बुराइयों को दूर कर अपने समाज के लोगों को हर स्तर पर मजबूत एवं सशक्त बनाएं तथा यादव यदुवंशी महासभा संगठन को आर्थिक स्तर पर मजबूत बनाने पर भी जोर दिया गया साथ ही यादव समाज के बच्चों की उच्च शिक्षा के लिए नगर की सभी सभाओं के माध्यम से नगर कमेटी को प्रभावी एवं सक्रिय तौर पर समाज के बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करने पर भी बल दिया गया, इस मौके पर मुख्य रूप से चंद्रपाल सिंह यादव, राधेश्याम यादव, नरेंद्र कुमार यादव, राजो देवी, महेश यादव, ताराचंद यादव, नरेश कुमार यादव, सुनील कुमार यादव, गौरीशंकर यादव, तारा देवी, सुरेश यादव, देवेंद्र यादव, वेद प्रकाश यादव, मनीष यादव, विकास यादव आदि मौजूद रहे।

# हसनपुर बीजेपी मंडल अध्यक्ष के लिए 13 लोगों ने दावेदारी की पेश



लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा

**हसनपुर।** रविवार को भाजपा के 13 नेताओं ने हसनपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष पद के लिए अपने नामांकन चुनाव अधिकारी को दिए ' बता ते चले की भाजपा के बूथ अध्यक्षों का चुनाव हो चुका है तथा अब मंडल अध्यक्षों का चुनाव होना है जिसके लिए चयनित चुनाव अधिकारियों को मंडल अध्यक्ष पद की दावेदारी के लिए हसनपुर नगर से 13 लोगों ने अपने दावेदारी पेश की है जिसमें हसनपुर मंडल चुनाव अधिकारी भाजपा युवा जिला अध्यक्ष शुभम चौधरी को राजू राणा, हिमांशु त्यागी, शिखर अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, अर्पण गुप्ता, सौरभ गुप्ता, विक्रांत शर्मा, पंकज भटनागर, पवन राज, ज्योति गर्ग, सोनिया प्रजापति, आम्रपाली गुर्जर, गजराज जाटव ने अपने नामांकन पत्र जमा किए इस संबंध में भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष एवं हसनपुर मंडल चुनाव प्रभारी शुभम चौधरी ने बताया कि नामांकन पत्रों की जांच किए जाने के बाद सभी नामांकन पत्र वरिष्ठ पदाधिकारी को सौंपे जाएंगे तथा सभी वरिष्ठ पदाधिकारी वरिष्ठ नेतृत्व द्वारा आपसी तालमेल के बाद किसी एक नाम की घोषणा की जाएगी उसके बाद आगे की प्रक्रिया जारी रहेगी।

# पारिवारिक न्यायालय (फैमिली कोर्ट) का वार्षिक चुनाव संपन्न हुआ







लोकतंत्र की शान/कौशल रस्तोगी

**लखनऊ।** फैमिली कोर्ट स्थित पारिवारिक न्यायालय बार एसोसिएशन लखनऊ के वार्षिक चुनाव में सुरेश नारायण मिश्रा को अध्यक्ष पद के लिए चुना गया। दीनानाथ मिश्रा को महासचिव, रामनरेश कनौजिया को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अजय शर्मा को उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष पद पर यशवंत राय और संयुक्त सचिव (प्रशासन) के पद पर दीपक कुमार शर्मा को सर्वाधिक मतों से विजयी घोषित किया गया। संयुक्त सचिव (पुस्तकालय) पद पर प्रभजोत कौर निर्विरोध विजयी हुईं। वरिष्ठ कार्यकारिणी के लिए प्रवीण कुमार सूदन, शरद कुमार, विजयलक्ष्मी और कनिष्ठ कार्यकारिणी के पद पर अल्पना पांडे व कमल कुमार को निर्विरोध जीत मिली है।

# देश को एकता और अखंडता के सूत्र में पिरोया था सरदार पटेल ने: मलखान सिंह



लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा

**हसनपुर/ सैद नंगली।** रविवार को नगर पंचायत सैद नंगली में उभन गुर्जर के आवास पर अखिल भारतीय गुर्जर महासभा द्वारा अखंड भारत का निर्माण करने वाले भारत रत्न प्राप्त आजाद भारत के प्रथम गृह मंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्प व माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी इस अवसर पर जिलाध्यक्ष मलखान सिंह गुर्जर ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी ने भारत सरकार के गृहमंत्री रहते हुए देश मै बिखरीं सभी रियासातों को मिलाकर अखंड भारत का निर्माण किया इस असम्भव कार्य को पटेल जी ने ही सम्भव किया आजादी की लड़ाई मै भी पटेल साहब का विशेष योगदान है वो देश की आजादी की लड़ाई मै अनेकों बार जेल गये पटेल जी महान व्यक्तित्व के धनी व सरल स्वभाव के व्यक्ति थे। इस मौके पर मुख्य रूप से कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया, गुर्जर सभा के जिलाध्यक्ष मलखान सिंह गुर्जर, उभन गुर्जर, कमल मुखिया, हर्शरूप प्रधान जी, सोनू पटेल, विकल गुर्जर, दिक्षु अहलावत, अंकित कटारिया, रचित पटेल, मनोज कटारिया, अंकित कटारिया, राजपाल सैनी, मांगे गुर्जर, बेगराज गुर्जर, आशीष औलख, रचित पटेल, आदि मुख्यरूप से मौजूद रहे।

# सदन में स्वस्थ चर्चा से प्रदेश का विकास और जनता की समस्याओं का होता है समाधान: सीएम योगी





**लखनऊ।** 15 दिसंबरः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शीतकालीन सत्र से पहले रविवार को राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ सर्वदलीय बैठक की। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की मौजूदगी में हुई बैठक में सीएम योगी ने कहा कि सदन में स्वस्थ चर्चा से प्रदेश का विकास और जनता की समस्याओं का समाधान होता है। हम सभी जनप्रतिनिधि हैं, हमें जनता के मुद्दों, उनकी समस्याओं को लेकर सदन में सुचारू रूप से चर्चा करनी चाहिए। मुख्यमंत्री व विधानसभा ने सदन के कुशल संचालन के लिए सभी दलों का सहयोग मांगा।

**सदन के संचालन में न हो कोई बाधा, सभी रखें इसका ध्यान**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सर्वदलीय बैठक में कहा कि सदन सार्थक चर्चा का माध्यम होता है। इससे ही प्रदेश के विकास कार्यों को रफ्तार मिलती है। साथ ही समस्याओं का समाधान होता है। सदन के संचालन में किसी प्रकार की बाधा न हो, सभी को इसका ध्यान रखना चाहिये। सदन को ज्यादा से ज्यादा समय तक संचालित किया जाए, इसके लिए सभी का सहयोग जरूरी है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश के विकास में योगदान देने के लिए सभी दलों के नेताओं को भी प्रयास करने चाहिए।

**यह रहे सर्वदलीय बैठक में उपस्थित**

इस अवसर पर वित्त व संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय, कैबिनेट मंत्री संजय निषाद, कांग्रेस विधायक अनुराधा मिश्रा मोना, जनसत्ता दल के रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया, अनिल त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# एक भारत-श्रेष्ठ भारत व सुरक्षित भारत की पृष्ठभूमि में सरदार पटेल की सोच, प्रयास व परिश्रम: योगी



**लखनऊ, 15 दिसंबरः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल वर्तमान भारत के शिल्पी थे। उनका पूरा जीवन राष्ट्र व भारत मां के चरणों में समर्पित था। 1946 में देश के संविधान सभा का गठन हुआ। उसके प्रमुख सदस्य और स्वतंत्र भारत के पहले गृह मंत्री के रूप में सरदार पटेल ने न केवल देश के एकीकरण के वर्तमान अभियान को नई ऊंचाइयां प्रदान कीं, बल्कि 563 से अधिक रियासतों को भारत गणराज्य का हिस्सा बनाया। आज जो भारत देख रहे हैं, यह सरदार पटेल की सूझबूझ का परिणाम है। एक भारत, श्रेष्ठ भारत, सुरक्षित भारत की पृष्ठभूमि में सरदार पटेल की सोच, प्रयास व परिश्रम है।

मुख्यमंत्री ने रविवार को भारत रत्न लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शिरकत की। उन्होंने सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

**सरदार पटेल की संकल्पनाओं को मूर्त रूप देने का चल रहा अभियान**

सीएम योगी ने कहा कि सरदार पटेल ने अग्रिम पंक्ति में खड़े होकर देश की आजादी के आंदोलन को नई दिशा देने के लिए तत्कालीन नेतृत्व के साथ बढ़-चढ़कर भाग लिया। गुजरात के आणंद के पास छोटे गांव में सामान्य किसान परिवार में उनका जन्म हुआ। प्रारंभिक शिक्षा भी मां के सानिध्य में घर पर संपन्न हुई। इंग्लैंड से लॉ की शिक्षा प्राप्त करने के बाद वे भारत आए। सरदार पटेल का देहावसान 15 दिसंबर 1950 को हो गया। उनके नेतृत्व में भारत नई ऊंचाइयों को छूता। उनकी संकल्पनाओं को मूर्त रूप देने के लिए जो अभियान चल रहा है, वह एक भारत-श्रेष्ठ भारत की पीएम मोदी की परिकल्पना को साकार करेगा।

# महाकुम्भ से पहले प्रयागराज हो जाएगा पूरी तरह हो जाएगा लेवल रेल क्रासिंग से मुक्त

**महाकुम्भनगर, 15 दिसंबर।** महाकुम्भ 2025 के आयोजन को लेकर प्रयागराज में तैयारियां अपने अंतिम चरण में हैं। एक ओर त्रिवेणी संगम के तट पर महाकुम्भ नगरी ने आकार लेना शुरू कर दिया है। साधु-संन्यासी, अखाड़े लाव लश्कर के साथ मेला क्षेत्र में प्रवेश करने लगे हैं। वही दूसरी ओर प्रयागराज शहर भी महाकुम्भ में आने वाले करोड़ श्रद्धालुओं के लिए तैयार है। इसी क्रम में भारतीय रेलवे ने राज्य सेतु निगम के साथ मिलकर प्रयागराजवासियों को बड़ी सौगत दी है। महाकुम्भ के पहले प्रयागराज शहर पूरी तरह से लेवल रेल क्रांसिग से मुक्त हो जाएगा। इससे ट्रेनों के परिचालन में सुविधा और दुर्घटनाओं में तो कमी होगी ही साथ ही शहरवासियों को घंटों के जाम से भी मुक्ति मिल जाएगी। प्रयागराज की लगभग सभी लेवल रेल क्रासिंग पर आरओबी या आरयूबी बन कर तैयार हैं, जिन पर महाकुम्भ के पहले आवगमन पूरी तरह से शुरू हो जाएगा।

**ट्रेनों के सुरक्षित और सुगम परिचालन के साथ शहरवासियों को मिलेगा ट्रैफिक जाम से छुटकारा**

महाकुम्भ का प्रयागराज में आयोजन न केवल शहरवासियों के लिए गौरव और सम्मान का विषय होता है, साथ ही ये आयोजन उन्हें कई तरह की सौगात भी दे जाता है। महाकुम्भ की तैयारियों के चलते शहर में कई तरह के स्थाई और अस्थाई निर्माण कार्य हो रहे हैं जो महाकुम्भ के बाद भी शहरवासियों की सुविधाओं में इजाफा करेगें। इसी क्रम में प्रयागराज शहर को रेलवे और राज्य सेतु निगम के संयुक्त प्रयास से लेवल रेल क्रासिंग से मुक्ति की एक बड़ी सौगात मिल रही है। केंद्र और राज्य की डबल इंजन की सरकार के निर्देशन में ट्रेनों के बाधारहित परिचालन और सड़कों पर ट्रैफिक जाम की समस्या से मुक्ति के लिए महत्वपूर्ण सुविधा प्रदान की गई है।

**महाकुम्भ से पहले पूरी होगी तैयारी**

प्रयागराज रेल मण्डल के वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी अमित मालवीय ने बताया कि प्रयागराज शहर के अंदर ही नहीं बल्कि आस-पास के क्षेत्रों की भी लगभग सभी लेवल रेल क्रासिंगों पर जरूरत के मुताबिक आरओबी या आरयूबी का निर्माण हो रहा है। उन्होंने बताया कि इनमें से कुछ रेल क्रासिंगों पर आरओबी या फ्लाई ओवर का निर्माण पिछले कुम्भ 2019 में हो गया था। शेष परियोजनाएं केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयास से इस महाकुम्भ के अवसर पर पूरे हो रही हैं। जो कि महाकुम्भ की शुरूआत से पहले पूरी तरह तैयार हो जाएंगी।

**शोभायात्रा** नगर में ज्योति प्रज्वलित कर निकाली बाबा फुलसंदे वालो की शोभायात्रा

# हम देवपुत्र हैं, हमें जात पात को नहीं मानना चाहिए : सत्पुरुष बाबा फुलसन्दे वाले







लोकतंत्र की शान
मुरादाबाद ।

रविवार को महानगर में एक तू सच्चा तेरा नाम सच्चा मंत्र के द्रष्टा ऋषि सत्पुरुष बाबा फुलसन्दे वालों की भव्य नगर शोभायात्रा एक तू सच्चा तेरा नाम सच्चा धर्मार्थ समिति के तत्वाधान में निकाली गई। इस शोभायात्रा में धर्म ध्वज व राष्ट्रीय ध्वज सबसे आगे समिति के सेवक लेकर राष्ट्रीय एकता के परिचायक के रूप में चल रहे थे। फिर एक रथ पर अखंड ज्योति प्रज्वलित की गई जिसमें सभी को प्रसाद वितरण किया जा रहा था। भारतमाता की झांकी सबका मन मोह रही थी जिसे देखकर नगरवासी नतमस्तक थे। हमारे पुरखों के रूप में गणेश जी व कार्तिकेय जी की झांकी सबका मन मोह रही थी। रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि की झांकी का अनूठा प्रदर्शन था। फि र यमराज जी व ब्रह्मा, विष्णु, महेश की झांकियां थीं। ब्रह्मा, विष्णु, महेश त्रिदेवों के रूप में सबका मन मोह रहे थे। सबसे बाद में सतपुरुष बाबा फुलसन्दे वालों का दिव्य एवं अनूठा रथ सजाया गया था जिसमें स्वयं सतपुरुष बाबा फुलसन्दे वाले समस्त नगरवासियों को आशीष दे रहे थे तथा बीच-बीच में रुक-रुक कर सभी को संदेश दे रहे थे कि 'एक ईश्वर की आराधना के जरिए हम अपने बिखरे हुए समाज को संगठित कर सकते हैं। बाबा जी का संदेश था कि हमें जात पात को नहीं मानना चाहिए। हम देवपुत्र हैं, हमें अपने नाम के साथ देवपुत्र लिखना चाहिए। उपेक्षित, दुखी, बीमार, वृद्धों की सेवा करना, उनकी जीवनशक्ति और उत्साह को बढ़ाना तथा अपने वृद्धों (वृद्ध माता- पिता आदि) की उपेक्षा न करो। जीवन में जिसको मिला वृद्धों का आशीष, कभी किसी के सामने झुका न उसका शीश।"सतपुरुष बाबा फुलसन्दे वालों ने कहा है " अपने कमजोर पड़ोसी, भाई, पत्नी, संतान, कर्मचारी, कमजोर ससुराल वालों पर अत्याचार न करो। बीमारों, कमजोरों और लाचार व्यक्तियों की मदद करने के लिए हर वक्त तैयार रहो।

कम्पनी बाग में समापन के समय सभी साधसंगत व धर्मप्रेमियों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए सतपुरुष बाबा फुलसन्दे वालों ने कहा है " मेरे राष्ट्र का हर एक व्यक्ति आत्मा से तपस्वी और शरीर से एक मजबूत सैनिक बने, धर्म योद्धा बने, जो अपने धर्म की, अपने राष्ट्र की सेवा एवं रक्षा कर सके। अपने सत्संकल्प और धर्म पर अडिग रहो, आत्मा में कमजोर न बनो, परमेश्वर हमारे साथ है, उसकी मदद हमारे साथ है। विजय हमारी ही होगी। हे परमेश्वर ! शक्ति तू है, ज्ञान तू है, आत्मा का परम विश्राम तू है, सारी सृष्टि को नियम में रखने वाला और सबमें समाया हुआ तू है । तू हममें और हम तुझमें बने रहें। सच्चे गुरु की दुआ तुझे भवसागर से पार करेगी। तेजी से परमेश्वर की तरफ को दौड़। एक तू सच्चा तेरा नाम सच्चा।धर्मार्थ समिति के प्रभारी के द्वारा बताया गया कि सतपुरुष बाबा फुलसन्दे वालों का त्रिदिवसीय दिव्य सत्संग रॉयल विला बैंक्वेट हाल, दानशाह की मिलक, शाहपुर रोड, खुशहालपुर में दिनांक 16,17, व 18 दिसंबर 2024 को प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से होगा। सभी साधसंगत व धर्मप्रेमी दिव्य सत्संग में पहुंचकर सतपुरुष बाबा फुलसन्दे वालों के दर्शन कर प्रवचनों का अमृतपान करें।

# 21 फीट ऊंची भगवान श्री राम की प्रतिमा का किया जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने किया अनावरण





विवेक पांडेय-

**अंबेडकरनगर ।** श्रवण क्षेत्र धाम में मंत्रोच्चारण के साथ प्रभु श्री राम जी की प्रतिमा का अनावरण जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने कहा कि कहा कि श्रवण क्षेत्र धाम को उसकी पौराणिक एवं ऐतिहासिक महत्व को दृष्टिगत रखते हुए एक बड़े आधुनिक पर्यटन स्थल के रूप में विकास किया जा रहा है, यहां बाहर से आने वाले श्रद्धालु के लिए गेस्ट हाउस के निर्माण कार्य चल रहा है, नया आधुनिक पंचायत घर बनवाया गया है, नई पुलिस चौकी बनवाई गई है इसके साथ ही साथ हवन, भंडारा आदि करने के लिए यहां पर एक अलग टीन सेड का निर्माण किया गया है। श्रवण धाम मंदिर को एक प्रयटन स्थल के रूप में विकसित किया गया है मुख्यमंत्री जी के विजन के अनुसार धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देते हुए एवं स्थानीय रोजगार का सृजन करते हुए वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी के सपने को साकार रूप दिया जा रहा है माननीय मुख्यमंत्री के विजन के अनुरूप पूरे क्षेत्र को धार्मिक पर्यटन के रूप में विकसित किया जा रहा हैं। जो लोग अयोध्या आते हैं वह लोग भी यहां पर अवश्य आए। और यहां पर पर्यटकों के ठहरने के लिए व्यवस्थाएं की जा रही है। मुख्य सड़क पर दशरथ नंदन नाम से एक गेट का निर्माण कराया जा रहा है। तथा मातृ पितृ भक्ति के प्रतीक श्रवण कुमार की निर्वाण स्थली श्रवण धाम में सात दिवसीय ऐतिहासिक मेले का शुभारंभ आज अगहन पूर्णिमा स्नान के साथ हो गया। मेला क्षेत्र में दूरदराज से आए श्रद्धालुओं ने तमसा नदी के संगम तट पर स्नान कर पूजा अर्चना की। श्रवण क्षेत्र का घाट तीन नदियों से तमसा नदी, विसुही नदी तथा मडहा नदी के उद्गम का पौराणिक संगम स्थल है। सर्वविदित है कि श्री अयोध्या तीर्थ के बाद प्रमुख पौराणिक श्रवण कुमार की तपोस्थली श्रवण धाम है। माता-पिता की भक्ति के प्रतीक श्रवण कुमार की तपोस्थली श्रवणक्षेत्र के नाम से प्रसिद्ध है। श्रवण क्षेत्र का उल्लेख पुराणों में भी मिलता है। हिंदू समाज के लोगों में इस स्थान को लेकर गहरी आस्था है। वर्ष भर में ऐसे कई मौके होते है। जब श्रवण धाम आस्था का बड़ा गवाह बनता है। सप्तकोशी परिक्रमा व पूर्णिमा स्नान पर यहां श्रद्धालु पहुंचकर संगम तट पर स्नान करते हैं और श्रवण कुमार की उपासना करते हैं उक्त अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा मेले में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया इस दौरान अपर जिलाधिकारी डॉ सदानंद गुप्ता,वरिष्ठ भाजपा नेता रमाशंकर सिंह,ब्लाक प्रमुख संजय सिंह,अनिल वर्मा,श्रवण क्षेत्र महोत्सव समिति न्यास डॉ अनुपम पांडेय,उप जिलाधिकारी सौरभ शुक्ल,जिला सेवा प्रमुख विहिप आशीष पांडेय,खंड विकास अधिकारी कटेहरी अनुपम सिंह,पं.सुनील मिश्रा, एमएलसी प्रतिनिधि प्रकाश त्रिपाठी,मंडल मीडिया प्रभारी भाजपा अतुल द्विवेदी,मुकेश मिश्रा,कुलदीप अग्रहरि,दिलीप सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# महाकुम्भ में 100 करोड़ श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्था कर रही सरकारः मुख्यमंत्री



**लखनऊ, 15 दिसंबरः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रयागराज महाकुम्भ के 45 दिन (13 जनवरी से 26 फरवरी) में 40 करोड़ श्रद्धालु आएंगे, लेकिन तैयारी 100 करोड़ श्रद्धालुओं के लिए होगी। 29 जनवरी को मौनी अमावस्या पर मुख्य मुहूर्त में प्रयागराज में छह करोड़ श्रद्धालु स्नान करेंगे, लेकिन तैयारी 10 करोड़ की होगी। 12 किमी. के घाट तैयार किए जा रहे हैं। 10 हजार एकड़ क्षेत्रफल में कुम्भ का विस्तार किया गया है। यहां चार धाम के भी दर्शन होंगे। द्वादश ज्योतिर्लिंग व अन्य प्रमुख ज्योतिर्लिंग के भी दर्शन होंगे। प्रयागराज कुम्भ, खोया-पाया के बारे में एआई टूल, भाषिणी ऐप के माध्यम से भारत की 11 भाषाओं को समाहित करते हुए हर व्यक्ति अपनी भाषा में जानकारी प्राप्त कर सकेगा। कुम्भ में प्रवेश करने वाले हर व्यक्ति की काउंटिंग भी सरकार के पास होगी। जीरो लिक्विड डिस्चार्ज, 1.50 लाख शौचालय, सिंगल यूज प्लास्टिक फ्री कुम्भ होगा। महाकुम्भ यूपी के आर्थिक समृद्धि के रोडमैप को आगे बढ़ाने में मार्गदर्शक होगा।

# हरियाणा

# हरियाणा में तीसरी बार सरकार बनाने के बाद अब नगर निकायों में जीत के लिए निकलेंगे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

## भाजपा प्रदेश संगठन के साथ बनाई योजना, 18 दिसंबर से धन्यवाद दौरे शुरू करेंगे मुख्यमंत्री



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, प्रदेश प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया, संगठन महामंत्री फणींद्रनाथ शर्मा और प्रदेश महामंत्रियों के साथ धन्यवादी दौरों की रूपरेखा बनाने के लिए बैठक करते हुए।

- दौरों के लिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने संयोजक नियुक्त किए

चंडीगढ़, दिसंबर : हारयाणा में भाजपा की तीसरी बार सरकार बनाने के बाद अब नगर निकायों में जीत के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी फील्ड में निकलेंगे। वे विधानसभा में तीसरी बार जीत के लिए जहां लोगों को धन्यवाद करने के लिए विधानसभा अनुसार दौरे करेंगे, वहीं इन दौरों के बीच नगर निकायों के चुनाव की भूमिका भी तैयार करेंगे। भाजपा प्रदेश संगठन के साथ मिलकर मुख्यमंत्री ने योजना बनाई है। मुख्यमंत्री आगामी 18 दिसंबर से ये दौरे शुरू करेंगे। पहला दौरा कालका विधानसभा क्षेत्र से शुरू होगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दौरों को सफल बनाने के लिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने संयोजक नियुक्त कर दिए हैं। नगर निकायों में जीत का आधार तैयार करने के लिए और विधानसभा चुनाव में जीत के लिए प्रदेश के लोगों का आभार जताने के लिए प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहनलाल बड़ौली, प्रदेश प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया, संगठन मंत्री फणींद्र नाथ शर्मा और महामंत्रियों के साथ मीटिंग कर पूरी योजना बनाई। मीटिंग के बाद प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का पहला दौरा 18 दिसंबर को शाम तीन बजे कालका विधानसभा पहुंचकर कार्यकर्त्ताओं और जनता का आभार जताएंगे। उन्होंने कहा कि 19 दिसंबर को पुंडरी विधानसभा में शाम तीन बजे पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री 22 दिसंबर को उकलाना विधानसभा में 2 बजे, 23 दिसंबर को सुबह 11 बजे करनाल की इंद्री विधानसभा और दो बजे पिहोवा विधानसभा में 2 बजे पहुंचकर धन्यवाद करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 25 दिसंबर को कोसली विधानसभा में धन्यवाद जताएंगे। मुख्यमंत्री 26 दिसंबर को मुख्यमंत्री सुबह 11 बजे असंध और 2 बजे सोहना विधानसभा में पहुंचकर कार्यकर्त्ताओं और लोगों से मिलकर आभार व्यक्त करेंगे। उन्होंने कहा कि 27 दिसंबर को मुख्यमंत्री सुबह 11 बजे नलवा और दो बजे महेंद्रगढ़ विधानसभा में धन्यवादी दौरा करेंगे। मुख्यमंत्री 29 दिसंबर को नरवाना विधानसभा में धन्यवाद दौरा करेंगे।

### संयोजक बनाए, अभी 11 विधानसभा क्षेत्रों के दौरे तय हुए : अरविंद सैनी

भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी अरविंद सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रदेश की सभी 90 विधानसभाओं में जनता का आभार जताने के लिए धन्यवादी दौरा करेंगे। अभी मुख्यमंत्री के 11 विधानसभाओं के कार्यक्रम तय हुए हैं, जल्दी ही शेष विधानसभाओं के कार्यक्रम भी तय कर लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने मुख्यमंत्री के धन्यवादी दौरों को सफल बनाने के लिए विधानसभा अनुसार संयोजक नियुक्त कर दिए हैं। अरविंद सैनी ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने विधायक शक्ति रानी शर्मा को कालका, विधायक सतपाल जांबा को पुंडरी, पूर्व विधायक अनूप धानक को उकलाना, विधायक राम कुमार कश्यप को इंद्री, जयभगवान शर्मा को पिहोवा, अनिल डहीना को कोसली, विधायक योगेंद्र राणा को असंध, विधायक तेजपाल तंवर को सोहना, विधायक रणधीर पनिहार को नलवा, विधायक कंवर सिंह यादव को महेंद्रगढ़ और कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी को नरवाना विधानसभा का संयोजक नियुक्त किया है।

### नगर निगम चुनाव में भी खिलेगा कमल, हमारी तैयारी पूरी : बड़ौली

प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हरियाणा की कत शुक्रवार देर रात दिल्ली में महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक हुई। उन्होंने कहा कि उनकी अध्यक्षता में हुई बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेश प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया, संगठन मंत्री फणींद्रनाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री डॉ. अर्चना गुप्ता और सुरेंद्र पूनिया मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि इस बैठक में 18 दिसंबर से शुरू हो रहे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के विधानसभाओं में धन्यवादी दौरों और संगठन को और अधिक मजबूत बनाने व आगामी संगठनात्मक कार्ययोजनाओं को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में नगर निकाय चुनाव को लेकर भी मंथन हुआ। मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि भाजपा का संगठन पर्व चल रहा है। हर रोज लाखों लोग भाजपा से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा पार्टी एक चुनाव के बाद दूसरे चुनाव की तैयारियों में जुट जाती है। चुनाव कोई भी हो, पार्टी उसे एक मिशन के तहत जीतने का काम करती है। उन्होंने दावा किया कि नगर निगम चुनाव के लिए भाजपा की तैयारियां पूरी है और भाजपा सभी नगर निगमों में कमल का फूल खिलाकर ट्रिपल इंजन की सरकार बनाकर जनसेवा का काम करेंगे।

## हरियाणा महिला आयोग की उपाध्यक्ष सोनिया अग्रवाल और चालक एक लाख रुपए की रिश्वत के आरोप में गिरफ्तार

### ड्राइवर रंगे हाथों गिरफ्तार, एसीबी टीम शनिवार दोपहर से ऑप्रेशन में जुटी थी



सोनिया अग्रवाल।

चंडीगढ़, दिसंबर : हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो ने हरियाणा महिला आयोग की उपाध्यक्ष सोनिया अग्रवाल और उनके चालक कुलबीर को एक लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। एसीबी की टीम शनिवार दोपहर तीन बजे से इस ऑपरेशन में जुटी हुई थी। एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम को शिकायत मिली थी कि जींद जिले के जुलाना तहसील के राजगढ़ निवासी अनिल कुमार से उसकी पत्नी के साथ चल रहे विवाद को निपटाने से बदले एक लाख रुपए की रिश्वत मांगी जा रही है। एसीबी टीम ने जाल बिछाया और सोनिया अग्रवाल के ड्राइवर कुलबीर को एक लाख रुपये की रिश्वत के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद एसीबी ने सोनिया अग्रवाल को गिरफ्तार कर लिया। सोनिया अग्रवाल सोनीपत जिले के खरखौदा निवासी हैं और भाजपा की 2019 से 2024 वाली सरकार में महिला आयोग की उपाध्यक्ष नियुक्त की गई थीं।

# प्रदेश में सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों के कैशलैस निःशुल्क इलाज के लिए शुरू किया पायलेट प्रोजैक्ट

## सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति का 1.5 लाख रुपए तक का ईलाज होगा निःशुल्क, जिलों को जारी किए गए दिशा-निर्देश

- सड़क सुरक्षा की ओर निरंतर प्रयासरत हरियाणा पुलिस, पिछले वर्ष की अपेक्षा वर्ष-2024 में 616 सड़क दुर्घटनाएं व 251 मृत्यु हुई कम



चंडीगढ़, दिसंबर : सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की पालना में हरियाणा पुलिस द्वारा एक नई पहल शुरू की गई है जिसके तहत अब सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति का शुरुआती गोल्डन आवर में निःशुल्क इलाज करवाया जा रहा है। इस योजना के तहत दुर्घटना की तिथि से अधिकतम 7 दिनों की अवधि के लिए प्रत्येक सड़क दुर्घटना के लिए प्रति व्यक्ति 1.5 लाख रुपए तक का उपचार निःशुल्क किया जाता है। इस बारे में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक हरदीप दून द्वारा प्रदेश के सभी संबंधित अधिकारियों को पत्र लिखते हुए इसकी पालना सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। इस बारे में जानकारी देते हुए पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने बताया कि प्रदेश की सड़कों को आमजन के लिए सुरक्षित बनाना हमारी प्राथमिकताओं में से एक है ऐसे में जरूरी है कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए एक बेहतर और प्रभावी कार्य योजना तैयार करते हुए उन पर काम किया जाए। इसी कड़ी में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को निःशुल्क उपचार संबंधी सुविधाएं उपलब्ध करवाने की शुरूआत की गई है। उन्होंने बताया कि यह पायलेट प्रोजैक्ट नैशनल हैल्थ अथॉरिटी द्वारा स्थानीय पुलिस व राज्य स्वास्थ्य विभाग द्वारा अनुबंधित अस्तपतालों के साथ तालमेल स्थापित करते हुए संयुक्त रूप से लागू किया जाएगा। इस दौरान दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति का मोटर व्हीकल एक्ट 1988 की धारा 162 के तहत अधिकतम 7 दिनों तक 1.5 लाख रुपए की सीमा तक निःशुल्क ईलाज किया जाएगा।

### कैशलैस सुविधा लेने की प्रक्रिया

इस योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल ले जाया जाता है। इसके बाद अस्पताल प्रबंधन द्वारा अपने यहां साफटवेयर में घायल व्यक्ति का डेटा अपलोड करके संबंधित पुलिस थाने में भेजा जाता है जिसके बाद संबंधित पुलिस थाने द्वारा 6 घंटे के भीतर पुष्टि की जाती है कि घायल व्यक्ति सड़क दुर्घटना में घायल हुआ है अथवा नहीं। पुष्टि होने के उपरांत घायल व्यक्ति को कैशलैस ईलाज की सुविधा दी जाती है।

### तुलनात्मक विश्लेषण, उपलब्धियां व उपाय

कपूर ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए हरियाणा पुलिस द्वारा कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर ध्यान केन्द्रित करते हुए काम किया जाता है जिसके परिणामस्वरूप वर्ष 2023 की अपेक्षा वर्ष 2024 में 616 सड़क हादसों में कमी दर्ज की गई है। इसके साथ ही, वर्ष 2023 की तुलना में वर्ष 2024 में 251 सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु में भी कमी आई है तथा 403 लोग कम घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि जनवरी 2024 से लेकर नवंबर 2024 के अंत तक हरियाणा पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा के 2166 जागरूकता अभियान चलाए गए जिनके माध्यम से 2 लाख 91 हजार 307 बच्चों व अन्य लोगों ने भागीदारी सुनिश्चित की। इसके अलावा, वर्ष-2024 में 6 विशेष अभियान चलाए गए जिनमें से पांच अभियान लेन ड्राइविंग तथा एक विशेष अभियान वाहनों पर ब्लैक फिल्म लगाने वालों के खिलाफ चलाया गया। विशेष अभियान के दौरान प्रदेश में 27 हजार 321 वाहनों के चालान किए गए जिनमें से 2600 चालान ब्लैक फिल्म लगाने वाले वाहनों के चालान किए गए।

### रणनीतिक सांझेदारी

इसके साथ ही प्रदेश में ऐसे ब्लैक स्पॉट्स भी चिन्हित किए गए हैं जहां पर सड़क दुर्घटनाएं अपेक्षाकृत अधिक होती हैं। इन ब्लैक स्पॉट्स को संबंधित रोड़ इंजीनियरिंग विभागों के साथ तालमेल स्थापित करते हुए इन्हें ठीक करवाया जाता है। सड़क सुरक्षा संबंधी विषय की गंभीरता को देखते हुए प्रदेश के अलग-2 जिलो में सड़क सुरक्षा समिति गठित की गई हैं जिसके द्वारा एजेंडावार सड़क सुरक्षा को लेकर नियमित बैठकें की जाती हैं। वर्ष-2024 में अक्टूबर माह के अंत तक इस प्रकार की 107 बैठकें आयोजित की गई हैं जिसकी अध्यक्षता संबंधित जिले के उपायुक्त द्वारा की जाती है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में सड़क सुरक्षा समिति द्वारा वर्ष-2024 में 19 हजार 261 स्कूल बसों की चैकिंग की गई जिनमें से 4,657 स्कूल बसों का अनियमितता पाए जाने पर चालान किए गए। श्री कपूर ने बताया कि प्रदेश में वर्तमान में कुल 66 टोल प्लाजा है जिन पर वे-इन-मोशन मशीनें लगाई जानी है इनमें से 54 टोल प्लाजा पर ये मशीने लगाई जा चुकी है जिनमें से 29 वे इन मोशल मशीनों के माध्यम से ओवरलोडिड वाहनों के चालान किए जा रहे हैं और जल्द ही अन्य टोल प्लाजा पर भी इसे शुरू किया जाएगा।

### डीजीपी की अपील

श्री कपूर ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा एक महत्वपूर्ण विषय है। आमजन को सड़कों को सुरक्षित बनाने में अपना सहयोग देना चाहिए और वाहनों को निर्धारित गति सीमा में ही चलाना चाहिए। हरियाणा पुलिस द्वारा आमजन को यातायात नियमों के बारे में जागरूक करने के लिए अनेक प्रकार की प्रतियोगिताएं व गतिविधियां आयोजित की जाती हैं। उन्होंने कहा कि वाहन चलाते समय लोग मोबाइल फोन आदि का भी इस्तेमाल ना करें। व्यक्ति की जरा सी लापरवाही ना केवल उनके स्वयं के लिए बल्कि दूसरे व्यक्तियों के लिए भी जानलेवा साबित हो सकती है।

# हरियाणा कांग्रेस 18 दिसंबर को राजभवन तक गौतम अदाणी और अन्य मुद्दों पर मार्च निकालेगी

- प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान ने सभी नेताओं को पत्र जारी किया
- प्रदेश कांग्रेस के अग्रणी संगठन, विभाग व प्रकोष्ठ भी अपनी-अपनी व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करें



उदयभान

चंडीगढ़, दिसंबर : हरियाणा कांग्रेस आगामी 18 दिसंबर को प्रदेश कांग्रेस के चंडीगढ़ कार्यालय से हरियाणा राजभवन तक मार्च निकालेगी। प्रदेश अध्यक्ष उदयभान ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष, महासचिव (संगठन), पार्टी के सांसदों, विधायकों, पूर्व सांसदों, पूर्व विधायकों, हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्षों, सदस्यों (डेलीगेट्स), जिला प्रभारियों, प्रवक्ताओं, हरियाणा से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों और सदस्यों, पिछले लोकसभा, विधानसभा और निगम चुनावों में पार्टी के रहे प्रत्याशियों, कांग्रेस के अग्रणी संगठनों/विभागों व प्रकोष्ठों के राज्य स्तरीय प्रमुखों और अन्य को पत्र भेजा है। उन्होंने पत्र में लिखा है, 'अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसार भाजपा के पूंजीपति मित्र गौतम अदाणी और उनके सहयोगियों के भ्रष्टाचार, धोखाधड़ी और छल की कथित जालसाजी का अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा किए गए पदार्फाश और मणिपुर में हो रही निरंतर हिंसा, गोलीबारी, कर्फ्यू और व्यापक अराजकता के अभूतपूर्व संकट से निपटने में भाजपा सरकार की विफलता का पुरजोर विरोध करने के उद्देश्य से हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा बुधवार, 18 दिसंबर, 2024 को राजभवन मार्च का आयोजन किया जाएगा। यह रोष मार्च मेरे नेतृत्व में चंडीगढ़ स्थित प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय से प्रातः 11 बजे हरियाणा राज भवन की ओर प्रस्थान करेगा जिसमें हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधायक चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा की गरिमामयी उपस्तिथि रहेगी। इस संदर्भ में अधिक जानकारी के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा 13 दिसंबर, 2024 को जारी परिपत्र साथ भेजा जा रहा है। अतः आप सभी से अनुरोध है कि बुधवार, 18 दिसंबर, 2024 को प्रातः 11 बजे अपने ज्यादा से ज्यादा साथियों सहित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में पहुंचने का कष्ट करें और लोकतंत्र व भारतवासियों के अधिकारों के लिए एकजुट खड़े हों। इस रोष मार्च में प्रदेश कांग्रेस के अग्रणी संगठन, विभाग व प्रकोष्ठ भी अपनी-अपनी व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करें।'

### कांग्रेस अभी तक घोषित नहीं कर पाई कांग्रेस विधायक दल का नेता

हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के 37 विधायक बने थे। मगर अभी तक कांग्रेस विधायक दल के नेता की घोषणा नहीं हुई है। विधायकों ने प्रस्ताव पारित कर हाईकमान को अधिकृत किया हुआ है। हालांकि पर्यवेक्षकों ने हर विधायक से एक-एक कर अकेले में राय जानी थी जिसमें अधिकतर विधायकों ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को विधायक दल का नेता बनाने के लिए कहा था। मगर हाईकमान यह घोषणा नहीं कर रहा है। कांग्रेस की हार के कारणों की समीक्षा चल रही है। हो सकता है कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और विधायक दल के नेता की घोषणा एक साथ हो।

### जनता ने विपक्ष को लगातार...

की लगातार तीसरी बार सरकार बनाई है। लोगों के विश्वास से ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को तेजी से पूरा किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि लोगों ने सरकार पर जो विश्वास दिखाया है, उस विश्वास पर हम खरा उतरेंगे और हरियाणा को तीव्र गति से विकास के पथ पर आगे बढ़ाएंगे।

### कांग्रेस के एक परिवार...

भी है। उन्होंने कहा कि लेकिन गुलामी की मानसिकता में पले-बढ़े लोगों ने और भारत का भला न देख पाने वाले लोगों ने इस विविधता में भी विरोधाभास ढूंढा। उन्होंने कहा, 'वे इस उत्सव को मनाने के बजाय उस विविधता में ऐसे जहरीले बीज बोने के प्रयास करते रहे, ताकि देश की एकता पर चोट पहुंचे। अनुच्छेद 370 यही था। देश की एकता में दीवार बना पड़ा था, लेकिन देश की एकता हमारी प्राथमिकता थी, जो हमारी संविधान की भावना थी... इसीलिए अनुच्छेद 370 को हमने जमीन में गाड़ दिया।' आपातकाल को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, 'दुनिया में जब भी लोकतंत्र की चर्चा होगी तो कांग्रेस के माथे से कभी यह कलंक मिट नहीं सकेगा क्योंकि लोकतंत्र का गला घोंट दिया गया था। भारतीय संविधान निर्माताओं की तपस्या को मिट्टी में मिलाने की कोशिश की गई थी।' प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत का गणतांत्रिक अतीत विश्व के लिए प्रेरक रहा है और इसलिए देश को लोकतंत्र की जननी के रूप में जाना जाता है।

### शंभू बॉर्डर पर करीब...

पंधेर ने 16 को देशभर में ट्रैक्टर मार्च व 18 को पंजाब में रेलवे ट्रैक जाम करने का ऐलान कर दिया।

**101 किसानों का जत्था हुआ था रवाना**

शंभू बॉर्डर से शनिवार को 101 किसानों का जत्था दिल्ली जाने के लिए निकला था। यहां बॉर्डर पर पुलिस के जवानों ने जत्थे को आगे न बढ़ने की अपील की। इस दौरान डीसी पार्थ गुप्ता व एसपी सुरेंद्र सिंह भौरिया ने किसानों से बातचीत की। उनसे दिल्ली जाने की अनुमति दिखाने की बात कही गई थी, मगर करीब आधे घंटे तक किसान व अधिकारी बातचीत करते रहे, लेकिन बातचीत किसी नतीजे पर न पहुंचने की सूरत में किसानों ने जबरन बैरिकेड के सामने लगी जाली को उखाड़ने का प्रयास किया। इसके बाद पुलिस की ओर से आंसू गैस के गोले बरसाने शुरू कर दिए। साथ ही पानी की बौछारें कर किसानों को खदेड़ दिया। किसानों का आरोप है कि पुलिस उन पर एक्सपायरी आंसू गैस के गोले बरसा कर जख्मी कर रही है। जबकि वाटर कैनन से केमिकल युक्त पानी की बौछारें की जा रही हैं। हालांकि एसपी सुरेंद्र सिंह ने सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है।

### संविधान को लेकर गांधी...

किसी ने संविधान का अपमान किया है तो वो कांग्रेस और गांधी परिवार है 1975 में आपातकाल लगाकर पूरे विपक्ष को जेल में डाल कर इन्होंने पूरा संविधान ही बदल दिया, संविधान की प्रस्तावना जिसे संविधान की आत्मा कही जाती है इन लोगों ने संविधान को उसकी आत्मा से ही अलग कर दिया था। क्या राहुल गांधी ने संविधान की प्रस्तावना को पढ़ा भी है जिसमें लिखा है कि इंदिरा गांधी की यातनाओं को खत्म करने का काम बाबा साहब के संविधान में किया था। राहुल जी को पहले संविधान की प्रस्तावना पढ़नी चाहिए और देश को बताना चाहिए कि इसमें क्या लिखा है। वरिष्ठ वकील गोपाल शंकरनारायणन जी द्वारा लिखी संविधान की जो किताब राहुल जी इधर-उधर लहराते फिरते हैं उसमें कांग्रेस सरकार के काले कारनामे और संविधान विरोधी करतूतों का पूरा वर्णन है। एकलव्य के अंगूठे को काटने की बात करने वाले राहुल गांधी कैसे भूल जाते हैं कि इन लोगों ने सिखों का गला काटा है।

ठाकुर ने कहा कि संविधान की किताब राहुल लहराते फिरते हैं उसी में केके वेणुगोपाल ने लिखा है कि कांग्रेस सरकार न्यायपालिका को धमकाती थी और उसे अंजाम भुगतने की धमकी भी देती थी। जब इलाहाबाद हाइकोर्ट ने इंदिरा गांधी का चुनाव रद्द कर दिया था तो इंदिरा गांधी ने देश पर आपातकाल लागू कर दिया। इंदिरा गांधी ने न्यापालिका को कमजोर करने का कोशिश की, उसी संविधान की किताब में वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकर नारायणन ने लिखते हैं 'यदि यह दस्तावेज मजबूत न होता, तो इंदिरा गांधी को आपातकाल समाप्त करके स्वतंत्र भारत के सबसे काले प्रकरण को समाप्त करने के लिए बाध्य नहीं होना पड़ता और देश के सबसे गरीब लोगों को सूचना के अधिकार अधिनियम द्वारा सशक्त नहीं बनाया जाता।'

राहुल गांधी उस दस्तावेज़ से स्पष्ट रूप से अपरिचित हैं जिसके वे समर्थन में वो दिन रात संविधान की दुहाई देते हैं। ऐसा लगता है कि गांधी वंश पुस्तक के प्रस्तावना और भूमिका के शुरुआती पन्नों तक भी नहीं पहुंच पाया है। यह एक अनुस्मारक है कि संविधान की सच्ची संरक्षकता के लिए इसे केवल धारण करने से अधिक की आवश्यकता होती है; इसके लिए इसकी सामग्री और सिद्धांतों को समझना और उनका सम्मान करना आवश्यक है।

सांसद ने कहा कि राहुल गांधी संविधान की कॉपी तो लहराते हैं लेकिन कई बार वो ये भूल जाते हैं कि ये वही संविधान है जिसे उनके परिवार ने अपने निजी लाभ के लिए एक बार नहीं बल्कि बार बार तार तार किया है। संविधान देने वाले बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर को ही कांग्रेस पार्टी ने सत्ता और राजनीति से बाहर करने अति निंदनीय काम किया। राहुल गांधी संविधान को लहराते समय कई उन तथ्यों को अनदेखा कर देते हैं जो कि यदि उन्होंने संविधान के खंडों को पढ़ा होता, तो वे दस्तावेज़ को इतनी सहजता से दिखाने की हरकत पर पुनर्विचार कर सकते थे। ईस्टर्न बुक कंपनी द्वारा प्रकाशित संविधान की एक प्रति लहराते हुए राहुल गांधी को देख कर हंसी यह आती है कि राहुल गांधी ने ईबीसी द्वारा प्रकाशित संविधान की प्रति की प्रस्तावना भी नहीं पढ़ी है और वे जगह-जगह लहराते हैं। अगर उन्होंने इसे पढ़ा होता, तो उन्हें पता होता कि गांधी परिवार ने उसी संविधान पर कितने सुनियोजित तरीक़े से हमले किए जिसे इस किताब में उजागर किया गया है। राहुल गांधी को यह पढ़ना चाहिए, उन पर विचार करना चाहिए और फिर अपना बेशर्म पाखंड छोड़ देना चाहिए।

### संभल में 46 साल...

साल पुराना है। वर्ष 1978 में संभल में हुए सांप्रदायिक दंगों के बाद से यह मंदिर बंद हो गया था। मंदिर के बंद होने का कारण दंगे के बाद आसपास के हिंदू समुदाय के निवासियों का मोहल्ले से पलायन कर जाना बताया जा रहा है। मंदिर के आसपास के हिंदू समुदाय के निवासियों के मोहल्ले से पलायन कर जाने के बाद भक्तजनों के मंदिर में न आने पर पुजारी ने भी मंदिर में जाना बंद कर दिया था, जिसका लाभ उठाकर मंदिर के आसपास के दूसरे संप्रदाय के निवासियों ने मंदिर पर अतिक्रमण कर लिया। मंदिर से सपा सांसद जियाऊर्रहमान वर्क का घर लगभग 200 मी दूर है तथा मंदिर से जामा मस्जिद लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर है।

जिलाधिकारी ने बताया कि इस इलाके में बिजली चोरी ज्यादा होती है। टीम यहां आती नहीं थी। बिजली की चैकिंग के दौरान मंदिर देखा तो बंद पड़े मंदिर को खुलवाया गया। मंदिर जिस समाज का है उस समाज को सौंप दिया जाएगा। मंदिर के 3 तरफ अतिक्रमण है जिसे हटाया जाएगा। मंदिर के पास ही एक कुआं है जिस पर रैंप बना दिया गया है इसका अतिक्रमण हटवाया गया तब कुएं की बनावट मिली है। मंदिर लगभग 70 गज में बना हुआ है।

# देश में 'संविधान बनाम मनुस्मृति' की लड़ाई, एकलव्य के जैसे युवाओं का अंगूठा कट रहा: राहुल गांधी

- सावरकर के एक 'कथन' का हवाला देते हुए भारतीय जनता पार्टी तथा सरकार पर तीखा प्रहार किया

नई दिल्ली, दिसंबर : लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने हिंदुत्व विचारक विनायक दामोदर सावरकर के एक 'कथन' का हवाला देते हुए भारतीय जनता पार्टी तथा सरकार पर तीखा प्रहार किया और आरोप लगाया कि जिस तरह एकलव्य का अंगूठा कटा था, उसी तरह से आज देश के युवाओं का अंगूठा काटा जा रहा है एवं आज देश में 'संविधान बनाम मनुस्मृति' की लड़ाई है। राहुल गांधी ने लोकसभा में 'संविधान की 75 वर्ष की गौरवशाली यात्रा' पर चर्चा में भाग लेते हुए यह दावा भी किया कि सावरकर ने कहा था कि संविधान में कुछ भी भारतीय नहीं है और उन्होंने संविधान के मुकाबले मनुस्मृति को महत्व दिया था।

उन्होंने सत्तापक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि आज जब भाजपा के लोग संविधान की रक्षा की बात करते हैं तो वो अपने 'सुप्रीम लीडर' सावरकर का अपमान करते हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि विपक्षी दल सत्ता में आने पर जातिगत जनगणना करवाएंगे और आरक्षण की 50 प्रतिशत की 'दीवार' को भी तोड़ेंगे। राहुल ने गुरु द्रोणाचार्य और एकलव्य की गाथा का उल्लेख करते हुए कहा कि जैसे एकलव्य का अंगूठा कटा था, उसी तरह सरकार पूरे देश के युवाओं का अंगूठा काट रही है।

उन्होंने आरोप लगाया, 'जैसे एकलव्य ने तपस्या की थी, वैसे ही हिंदुस्तान के युवा सुबह उठकर अलग-अलग परीक्षा की तैयारी करते हैं। लेकिन जब आपने 'अग्निवीर' लागू किया, तब आपने उन युवाओं का अंगूठा काटा।' राहुल ने कहा कि जब पेपर लीक होता है, तब हिंदुस्तान के युवाओं का अंगूठा काटा जाता है। राहुल ने कहा, 'आपने दिल्ली के बाहर किसानों पर आंसू गैस चलाई (का प्रयोग किया) है, लाठियां चलाई हैं। किसान आपसे एमएसपी की मांग करते हैं, लेकिन आप 2 उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाते हैं और इस तरह से किसानों का अंगूठा काटने का काम करते हैं।' उद्योगपति गौतम अदाणी का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा, ''जब आप एक उद्योगपति को धारावी परियोजना देते हैं, बंदरगाह और हवाई अड्डे देते हैं तो आप हिंदुस्तान का अंगूठा काटते हैं।'

राहुल ने दावा किया, 'इंदिरा गांधी जी से मैंने सावरकर के बारे में पूछा था। उन्होंने मुझे बताया था कि सावरकर ने अंग्रेजों से समझौता कर लिया, सावरकर ने अंग्रेजों को चिट्ठी लिखकर माफी मांगी। इंदिरा जी ने यह भी कहा था कि गांधी जी जेल गए, नेहरू जी जेल गए, लेकिन सावरकर ने माफी मांग ली।' राहुल के इस दावे पर सत्तापक्ष के सदस्यों ने विरोध जताया जिसके बाद सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच नोकझोंक देखने को मिली। कांग्रेस नेता ने संभल की घटना का उल्लेख करते हुए कहा, 5 लोगों की हत्या कर दी गई.... यह संविधान में कहां लिखा है? संविधान में कहां लिखा है कि एक धर्म को दूसरे धर्म से लड़ाओ। संविधान में कहीं नहीं लिखा कि देश में एकाधिकार, पेपर लीक और अग्निवीर होने चाहिए। राहुल गांधी ने संविधान और वैचारिक लड़ाई का उल्लेख करते हुए एक हाथ में संविधान की प्रति और दूसरे हाथ में मनुस्मृति की प्रति उठाकर सदन में दिखाई। उन्होंने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि मनुस्मृति 'आपकी किताब' है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में एक लाख अस्सी हजार मामले निस्तारित

## विभिन्न बैंकों के बकाया ऋण के 567 मामलों में समझौता कराया

■ उरई




जनपद न्यायाधीश अचल सचदेव द्वारा फीता काटने के उपरान्त मां सरस्वती पर माल्यार्पण करके दीप प्रज्ज्वलित करते हुये राष्ट्रीय लोक अदालत का विधिवत उद्घाटन किया गया। जनपद की सभी तहसीलों मे स्थित दीवानी न्यायालयों में भी उक्त आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में जनपद न्यायाधीश के अलावा स्थायी लोकअदालत के पीठासीन अधिकारी राजवर्धन गुप्ता व समस्त न्यायिक अधिकारीगण उपसिथत रहें।

राष्ट्रीय लोकअदालत में निस्तारित वादों की जानकारी देते हुए सचिव/अपर जिला जज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजीव सरन द्वारा बताया गया कि आज जनपद न्यायाधीश अचल सचदेव के कुशल मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई राष्ट्रीय लोक अदालत में जिला जज द्वारा 58 मुकदमों का निस्तारण किया गया एवं मु0 17335472/- रू0 धनराशि पक्षकारों को दिलायी गयी। उनके द्वारा अवगत कराया गया कि आज लोक अदालत में कुटुम्ब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह गौतम द्वारा 36 मुकदमों का निस्तारण करते हुये भरण पोषण के मामलें निस्तारित किये। इनके द्वारा 6 वैवाहिक मामले प्रीलिटिगेशन स्तर के भी निपटाये गये। अपर कुटुम्ब न्यायाधीश अमृता शुक्ला द्वारा 47 मुकदमों का निस्तारण किया गया। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के पीठासीन अधिकारी अनिल कुमार वशिष्ठ द्वारा 78 मामलों में विपक्षी बीमा कम्पनियों से पी?ित याचीगण को 16200000/-रू धनराशि क्षतिपूर्ति के रूप में दिलायी गयी। इसी क्रम में स्थायी लोक अदालत (पी0यू0एस0) के अध्यक्ष श्री राजवर्धन गुप्ता द्वारा भी 06 मुकदमा में पक्षकारों के मध्य सुलह कराते हुये उन्हें विवाद से राहत प्रदान की गयी। अपर जिला जज-प्रथम शिवकुमार द्वितीय द्वारा 01, विशेष न्यायाधीश (एस0सी0/एस0टी0 एक्ट) श्री प्रमोद कुमार गुप्ता द्वारा 11, विशेष न्यायाधीश (द0प्र0क्षे0) डॉ0 अवनीश कुमार द्वारा 02, विशेष न्यायाधीश (ई0सी0 एक्ट) पारुल पनवार द्वारा विशेष प्रयास करते हुये विद्युत अधिनियम के 140 मुकदमों का निस्तारण किया गया।

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अभिषेक खरे द्वारा कुल 2669 आपराधिक वादों का निस्तारण किया गया। सिविल जज सी0डि0 अर्पित सिंह द्वारा दीवानी के 11 फौजदारी के 27, सिविल वादो में पक्षकारों के मध्य सुलह समझौता कराया गया।

सिविल जज सी0डि0/एफ0टी0सी0 अनुकृति सन्त द्वारा फौजदारी के 53 दीवानी के 02, सिविल जज जू0डि0 उरई प्रियंका सरन द्वारा फौजदारी के 102 व 06 दीवानी के वाद एवं वाह्य न्यायालय कोंच के न्यायिक अधिकारी उमैमा शहनवाज द्वारा फौजदारी के 193, अपर सिविल जज (जू0डि0) कोंच मोहित निर्वाल द्वारा 01 दीवानी प्रकृति एवं फौजदारी प्रकृति के 407, सिविल जज जू0डि0 जालौन जावेद खान द्वारा कुल 556 फौजदारी व दीवानी के 08 वाद, अपर सिविल जज जू0डि0 जालौन वन्दना सिंह के द्वारा दीवानी के 02 एवं फौजदारी के 138 और कालपी दीवानी न्यायालय के न्यायिक अधिकारी इशिता सिंह द्वारा दीवानी के 06 एवं फौजदारी के 614, न्यायालय सिविल जज (जू0डि0)/एफ0टी0सी0/सी0ए0डब्ल्यू0 निकिता सिंह द्वारा 15 एवं विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय उरई राजा सिंह द्वारा फौजदारी के 22 मामलों का निस्तारण करते हुये विभिन्न न्यायालयों द्वारा 153730/-रू0 कोष में जमा कराये।

आज राष्ट्रीय लोक अदालत में जिले की विभिन्न बैंकों के बकाया ऋण के 567 मामलों में समझौता कराया गया।

इनके अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, अपर जिला मजिस्ट्रेट सहित सभी उप जिला मजिस्ट्रेट, नगर मजिस्ट्रेट और तहसीलदार न्यायालयों द्वारा राजस्व संहिता और फौजदारी के कुल 2437 मामलों सहित विभिन्न विभागों द्वारा प्री-लिटिगेशन प्रकृति के 171768 मामले निस्तारित किये गये। इस प्रकार जिला प्रशासन एवं न्यायालयों में लगभग एक लाख अस्सी हजार मामलों को आज निस्तारित करते हुये राष्ट्रीय लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया।

# माइनर से बरामद महिला के शव की हुई शिनाख्त, पुलिस ने दो संदिग्धों को लिया हिरासत में

■ जालौन-उरई

शुक्रवार की सुबह ग्राम खजुरी के पास माइनर में अज्ञात महिला का शव मिला था। महिला की शिनाख्त के लिए पुलिस प्रयास कर रही थी। शनिवार को महिला की शिनाख्त हो गई है। वहीं, इस मामले में पुलिस ने दो संदिग्धों को पकड़ा है। जिनसे पूछतांछ चल रही है। हालांकि अभी तक मामले में रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खजुरी गांव के पास शुक्रवार की सुबह माइनर में लगभग 35 वर्षीय महिला का शव मिला था। कम पानी होने की वजह से महिला का सिर पानी में था और आधा हिस्सा पानी के बाहर था। गले में कट का निशान भी नजर आ रहा था। शव के दाहिने हाथ में अंग्रेजी का ए व जीतू भाई लिखा था। जबकि बाएं हाथ में मोर पंख बना हुआ था। शव मिलने के बाद से पुलिस महिला की शिनाख्त का प्रयास कर रही थी। जिसमें महिला की शिनाख्त ज्योति बेलदार (35) पत्नी अमित कुमार निवासी मोहल्ला गणेशजी के रूप में हुई है। महिला की शिनाख्त होने के बाद पुलिस इसे हत्या से जोड़कर देख रही है। पुलिस ने इस मामले में दो संदिग्धों को भी पकड़ा है। जिनसे पूछतांछ चल रही है। पुलिस हत्या में प्रयोग किए गए सामान और शव को माइनर पर ले जाने वाले वाहन की भी तलाश कर रही है। मामले को लेकर कोतवाल वीरेंद्र पटेल ने बताया कि महिला के शव की शिनाख्त हो चुकी है। पुलिस पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई करेगी।

## किशोरी के साथ बुरी नियत से की छेड़खानी

**कालपी -उरई।** गांव में रात को आयोजित हो रहे तिलक समारोह में शामिल 11 वर्षीया किशोरी को बहला फुसलाकर कर खेतों में ले जाकर बुरी नियत से हरकत करने के मामले को लेकर पीड़िता की मां के द्वारा कालपी कोतवाली में शिकायत की गई है।

स्थानीय कोतवाली में शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करते हुए पीड़ित मां बताया कि प्रार्थनी के गांव उरकरा कला में तिलक समारोह कार्यक्रम चल रहा था जिसमें हम लोग मौजूद थे। इसी दौरान रात 11 बजे प्रार्थनी की 11 वर्षीया पुत्री को गांव के ही एक आरोपी युवक शिवेंद्र सिंह ने पैसे का लालच देकर बुरी नियत से खेतों में ले गया। तथा जबरन छेड़खानी करने लगा शोर सुनकर कुछ लोगों ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को ललकारा तथा आरोपी युवक जान से मारने की धमकी देते हुए चला गया। किशोरी ने इस घटना को लेकर के घर में अपनी मां को बताया है। पीड़ित मां ने शिकायती पत्र देते हुए पुलिस से कार्रवाई करने की मांग की है। इस घटना की सूचना मिलती ही कोतवाली पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## कुल्हाड़ी लगने से घायल वृद्ध अस्पताल में भर्ती

**कालपी -उरई।** बीती की शाम को कालपी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कीरतपुर में घरेलू बात को लेकर विवाद हो गया। इस मामले में कथित रूप से कुल्हाड़ी लगने से 60 वर्षीय वृद्ध भोला घायल हो गया। घायल वृद्ध को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में भर्ती कराए गया हैं। चिकित्साधिकारी डॉक्टर विशाल सचान के द्वारा प्राथमिक उपचार करने के उपरांत घायल भोला को मेडिकल कॉलेज उरई के लिए रेफर कर दिया गया है। बताया जाता है कि यह घटना उस वक्त हुई जब भोला अपने नलकूप में से पानी लग रहा था।इस दौरान विवाद हो गया।

## संक्षिप्त समाचार

### रास्ते में रोककर मारपीट कर जान से मारने की दी धमकी

**जालौन-उरई।** उरई से घर आ रहे युवक को कुछ लोगों ने तमंचे की दम पर रास्ते में रोककर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दे डाली। पीड़ित ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पहाड़पुरा निवासी विश्वजीत सिंह ने पुलिस को बताया कि वह बैंक में ड्यूटी के लिए उरई जाता है। प्रतिदिन की भांति शाम को वह बस से ड्यूटी से वापस आया और अकोढ़ी दुबे श्रमदान पर उतर गया। आरोप लगाया कि बस से उतकर जैसे ही वह घर जाने लगा तभी वहां मौजूद तीन चार युवकों ने तमंचे की दम पर उसे रास्ते में रोक लिया और उसके साथ गाली, गलौज करने लगे। मना करने पर उन्होंने मारपीट शुरू कर दी। उसके चिल्लाने पर जब आसपास के लोगों को वहां आता देख वह सभी जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गए। वहीं, पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### अलग-अलग मामलों में पत्नियों के साथ मारपीट के आरोपियों पर हुई कार्यवाही

**जालौन-उरई।** अलग अलग मामलों में पत्नियों के साथ मारपीट किए जाने की सूचना पर पुलिस ने आरोपी पतियों के खिलाफ कार्रवाई की है। कोंतवाली क्षेत्र के ग्राम लहचूरा निवासी सोनी देवी ने पुलिस को बताया कि उनके पति राजीव कुमार आए दिन उसके साथ मारपीट करते रहते हैं। जिससे वह तंग आ चुकी है। उधर, चिमनदुबे निवासी साबिया ने पुलिस को बताया कि शास्त्री नगर दिल्ली में रहने वाले पति घर आए थे। घर पर किसी बात को लेकर उन्होंने मारपीट कर दी। पीड़िताओं की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पतियों के खिलाफ कार्रवाई की है।

### डीएम व एसपी ने थाना आटा में आए हुए फरियादियों की सुनी समस्यायें

**उरई।** जिलाधिकारी राजेश कुमार एवं पुलिस अधीक्षक डा दुर्गेश कुमार द्वारा थाना/समाधान दिवस के अवसर पर थाना आटा में आए हुए फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से सुना गया तथा उनकी समस्याओं के गुणवत्तापूर्ण/ समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ।



### एटीएम लगवाने के नाम पर की धोखाधड़ी

**कोंच।** एटीएम लगवाये जाने के नाम पर धोखाधड़ी किए जाने की पीड़ति ने पुलिस से शिकायत कर कार्यवाही किए जाने की मांग की।सचिव प्रियंक पांडेय पुत्र शिवकुमार निवासी नया पटेल नगर उरई ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि हिटाची कम्पनी से एटीएम मशीन लगवाये जाने के लिए उन्होंने कम्पनी के एजेंट समीर को बीती 25 अक्टूबर को 3 लाख 40 हजार रुपये नगद और आरटीजीएस के माध्यम से दो अलग अलग बार में 34 हजार व 70 हजार रुपये दिए। एटीएम मशीन चंदकुआं चौराहे के पास मुबीन की दुकान में लगना तय हुआ था। कम्पनी से आए हुए कर्मचारियों द्वारा मशीन लगाने का सारा कार्य उन्होंने खुद ही मौजूद रहकर कराया और दुकान मालिक मुबीन को उन्होंने किराया भी जमा किया। बीती 12 दिसंबर को समीर ने बगैर कोई सूचना दिए ही मुबीन से दुकान की चाबी लेकर एटीएम मशीन चालू कर ली। सचिव प्रियंक ने अपने साथ हुई धोखाधड़ी की शिकायत पुलिस से कर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

# व्यापारी के पुत्र का पीसीएस में हुआ चयन

■ कोंच



गल्ला व्यापारी राजकुमार अग्रवाल के छोटे पुत्र शुभम द्वारा उत्तराखंड कैडर में पीसीएस अधिकारी के रूप में ज्वाइनिंग करने पर नगरवासियों ने खुशी जतायी।पीसीएस अधिकारी के रूप में ज्वाइनिंग करने वाले मेधावी शुभम ने हाईस्कूल सरस्वती विधा मंदिर इंटर कालेज कोंच और इंटरमीडिएट कोटा से उत्तीर्ण किया था। आईआईटी धनबाद से बीटेक कर शुभम ने दिल्ली में रहकर कोचिंग की। शुभम की इस सफ़लता पर नगरवासियों ने खुशी व्यक्त करते हुए अपना आशीर्वाद देकर शुभम के उज्जवल भविष्य की कामना की। गल्ला व्यापारियों ने भी राजकुमार का मुँह मीठा कराते हुए खुशी जताई। शुभम ने अपनी सफ़लता का श्रेय परिजनों सहित गुरुजनों को देते हुए कहा कि अनुशासन के साथ पूरी लगन से यदि शिक्षा ग्रहण की जाये तो हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। शुभम का बड़ा भाई प्रवीण अग्रवाल आईआईटी बॉम्बे से पासआउट होकर वहीं पर शैक्षणिक क्षेत्र में एनजीओ चला रहा है जबकि दो बहिनों में से एक बहिन दिल्ली कैडर की आईएएस अधिकारी है और दूसरी गोरखपुर में एमएस डॉक्टर है।

# भाजपा संगठन चुनाव को लेकर चुनाव अधिकारी के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल

■ कोंच



भारतीय जनता पार्टी संगठन चुनाव प्रक्रिया के अंतर्गत नामांकन पत्र दाखिल किए गए। कोंच नगर में 3 महिलाओं समेत कुल 15 लोगों ने अध्यक्ष पद पर नामांकन किए। कोंच ग्रामीण में 4 जबकि नदीगांव मंडल में 8 लोगों ने नामांकन दाखिल किए हैं।सर्किट हाउस में शनिवार को भाजपा अध्यक्ष पद के लिए कोंच नगर और ग्रामीण मंडल के लिए अलग-अलग चुनाव अधिकारियों के समक्ष नामांकन प्रक्रिया 12 वजे से 2 वजे तक संपन्न हुई। कोंच नगर चुनाव अधिकारी पूर्व नरेंद्र सिंह जादौन पूर्व विधायक कालपी एवं सहायक चुनाव अधिकारी वीरेंद्र सिंह निरंजन चमरसेना जिला उपाध्यक्ष के समक्ष 15 उम्मीदवारों ने अपने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए जिनमें 3 महिलाएं अंजली सोनी, अर्चना सोनी एवं अंजू अग्रवाल शामिल हैं। पुरुष उम्मीदवारों में आशुतोष कुमार मिश्रा, ब्रजेंद्र कुमार कुशवाहा, मनीष नगरिया, धर्मेंद्र राठौर, अमित उपाध्याय, ओम प्रकाश कुशवाहा, महेंद्र सोनी, राघवेंद्र सिंह निरंजन, शिवसिंह कुशवाहा, प्रदीप वर्मा, दीपक कुमार मिश्रा, प्रभंजन अग्रवाल शामिल हैं।वही कोंच नगर चुनाव अधिकारी नरेंद्र सिंह जादौन एवं सहायक चुनाव अधिकारी वीरेंद्र सिंह निरंजन ने पत्रकारो से बातचीत में स्पष्ट कहा कि संगठन द्वारा जो भी आदेश निर्देश दिए गए है उनका पालन किया जाएगा।वही पत्राकारो द्वारा अध्यक्ष पर के लिए उम्र सीमा 35 वर्ष सें 45 वर्ष निर्धारण पर चुनाव अधिकारी से पूंछा तो उन्होने दो टूक शब्दो में कहा कि इसका पालन कड़ाई से किया जाएगा उन्होने कहा कई आवेदन ऐसे आए है जिनकी उम्र 45 वर्ष से अधिक है उन्हे खारिज कर दिया जाएगा।कोंच ग्रामीण मंडल के लिए चुनाव अधिकारी भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र यादव के समक्ष 4 उम्मीदवारों सर्वेश निरंजन, हरिओम निरंजन, रानूराजा पटेल एवं सोनू पटेल ने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। उधर, नदीगांव मंडल की नामांकन प्रक्रिया नदीगांव स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में चुनाव अधिकारी क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा मनोज राजपूत की देखरेख में संपन्न हुई जिसमें 8 लोगों अनुराग खरे, प्रवेंद्र द्विवेदी, सुनील चौरसिया, प्रदीप उपाध्याय, राजेंद्र द्विवेदी, तेजप्रताप सिंह चंदेल, दशरथ रत्नाकर, संतोष सोनी ने पर्चे भरे।

# सभासदों की शिकायत पर एसडीएम ने किया सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण

■ कोंच



नगर पालिका क्षेत्र के मुहल्ला भगत सिंह नगर में बनाई गई सड़क निर्माण की शिकायत कर सभासदों ने एसडीएम से जांच कराकर कार्यवाही किए जाने की मांग की थी। एसडीएम ज्योति सिंह ने सड़क निर्माण कार्य का मौके पर निरीक्षण कर आसपास रहने वाले लोगों से जानकारी ली। एसडीएम ने सड़क निर्माण कार्य की जांच हेतु प्रभारी तहसीलदार जितेंद्र सिंह की अगुवाई में 3 सदस्यीय जांच टीम गठित कर दी है। टीम में ईओ नगर पालिका पवन किशोर मौर्य और एडीओ पंचायत नरेशचंद्र द्विवेदी शामिल हैं। एसडीएम ने बताया कि जांच टीम को जल्द ही जांच पूरी कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। रिपोर्ट मिलते ही जांच रिपोर्ट जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी।पालिका सभासद नंदनी सिंह एवं रविकांत ने बीते रोज एसडीएम ज्योति सिंह को शिकायती पत्र देकर बताया था कि नगर पालिका के अंतर्गत मुहल्ला भगत सिंह नगर में कैलिया बाईपास मोक्षधाम तक राजवंश फर्म द्वारा डामर युक्त सड़क बनवाई जा रही है। उक्त सड़क निर्माणकार्य में घोर अनियमितता बरती जा रही है और मानकों की अनदेखी की जा रही है। निर्माण कार्य में 8 लाख रुपये से 60 सेमी तक मिट्टी का भराव किया जाना निर्धारित था लेकिन मिट्टी का भराव नहीं कराया गया और तीन लेयर की पीसी भी नहीं करायी गयी, इतना ही नहीं पूर्व में क्षतिग्रस्त सड़क का री-मैटेरियल नई सड़क के निर्माण कार्य में प्रयुक्त किया जा रहा है जिससे लाखों रुपये की लागत से बनने वाली सड़क का भविष्य चंद दिनों तक ही रह सकेगा। मामले को लेकर ईओ द्वारा संबंधित ठेकेदार को नोटिस भी दिया गया था लेकिन ठेकेदार अपनी मनमर्जी से गुणवत्ताविहीन कार्य कर रहा है। सभासदों ने सरकारी धन की लूट खसोट रोके जाने के लिए सड़क निर्माण कार्य की जांच कराकर ठेकेदार के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने और उसके शेष भुगतान पर रोक लगाने की मांग की थी।

## मंडलीय मिनी बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में यूपीएस लौना की कबड्डी की टीम बनी उप विजेता

**जालौन-उरई ।** मर्दन सिंह इंटर कॉलेज तालबेहट ललितपुर में आयोजित मंडलीय मिनी बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में यूपीएस लौना की कबड्डी की टीम फाइनल खेलते हुए उप विजेता बनी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के मंत्री मनोहर लाल व कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे एडी बेसिक ने बच्चों को मेडल पहनाकर और प्रमाण पत्र व शील्ड प्रदान देकर सम्मानित किया। खेलों को बच्चों की रूचि को देखते हुए और बच्चों को खेल में करयिर बनाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए शिक्षा विभाग द्वारा खेल प्रतियोगिताओं को आयोजित कराया जाता है।

## क्षेत्र पंचायत से बनाई गयी सड़कों में लाखों का गोलमाल

**कोंच।** बीते वर्ष 2022-23 में कोंच क्षेत्र के बदनपुरा मौजे में ग्राम पड़री के पास महाकालेश्वर कालौनी में लाखों रुपये की लागत से इंटरलॉकिंग कार्य कराया गया था। इसके अलावा ग्राम बिरगुवां-अंडा के बीच भुआ खेरा मंदिर तक सीसी सड़क का निर्माण कार्य कराया गया था। उक्त दोनों कार्यों के नाम पर क्षेत्र पंचायत से लाखों रुपये की धनराशि निकाली गयी थी। वहीं इन दोनों कार्यों में से महाकालेश्वर कालौनी में कराया गया इंटर लॉकिंग कार्य निजी होने और मंदिर के रास्ते दर्शाया गया सीसी सड़क निर्माण कार्य मौके पर न होने के बाद भी क्षेत्र पंचायत से दोनों कार्य दर्शाकर लाखों रुपये की धनराशि निकाले जाने की शिकायत बीते महिनों पूर्व ग्राम विकास आयुक्त लखनऊ के यहां की गयी थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए आयुक्त ने जांच हेतु अधिकारी नियुक्त कर दिया था। गुरुवार को जांच अधिकारी दीनदयाल वर्मा ने यहां आकर दोनों कार्यों की स्थलीय जांच की। जांच को लेकर उन्होंने बताया कि जांच रिपोर्ट ग्राम विकास आयुक्त को सौंपी जाएगी जिसके बाद कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। इस दौरान बीडीओ सर्वेश कुमार रवि, एडीओ पंचायत देवेंद्र, जेई आरईएस विजय बहादुर, जेई आरईडी गिरिजेशचंद्र, एपीओ लोकेश यादव मौजूद रहे।

# श्रीबाराहीं देवी मंदिर पर हवन पूजन के साथ मेले की तैयारियां प्रारम्भ

■ जालौन-उरई



नगर में हर वर्ष गंगा जमुनी तहजीब का प्रतीक श्रीबाराही देवी मेला प्रर्दशनी का आयोजन किया जाता है। मेले के आयोजन से पूर्व मेला मैदान पर विधि विधान से पूजा अर्चना की जाती है। पूजन के साथ ही आयोजन की तैयारियां शुरू हो जा जाती हैं।

नगर में प्रतिवर्ष श्रीबाराहीं देवी मेला मैदान पर श्रीबाराहीं देवी मेला का आयोजन किया जाता है। यह मेला इस मायने में और भी महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि यह मेला गंगा जमुनी तहजीव की मिसाल बना हुआ है। मेला मैदान में श्रीबाराहीं देवी मंदिर के साथ ही उसी के बगल में मजार भी स्थित है। प्रतिवर्ष नगर पालिका द्वारा श्रीबराहीं देवी मंदिर पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन एवं मजार पर अकीदत के साथ चादर चढ़ाई जाती रही है। पूजन व चादर चढ़ाने के बाद मेले के आयोजन की गतिविधियां शुरू हो जाती हैं। शनिवार को पालिका अध्यक्ष नेहा मित्तल ईओ सुशील कुमार दोहरे के साथ सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा व एसडीएम विनय मौर्य व सभासदों ने मेला परिसर में बने श्रीबाराही देवी मंदिर पर पूजा अर्चना की। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन कुंड में आहूतियां दी गईं। बाराही के मौके पर पूजन के बाद मेला एवं विकास प्रदर्शनी के आयोजन की तैयारियां शुरू हो जाएगी। मेला को आकर्षक बनाने के लिए नगर पालिका परिषद प्रयास कर रही है। इसके साथ मेले में दुकानें लगाने वाले दुकानदारों को कोई असुविधा न हो इसका प्रयास किया जा रहा है। मेला की तैयारियों के पूर्ण होने के बाद मेला का उद्घाटन कराया जायेगा। इस मौके अध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल, जेई प्रवीण कुमार, सभासद रवि कुशवाहा, अन्नू शर्मा, हर्षित श्रीवास्तव, सतीश सेंगर, जय करन, लक्ष्मीकांत शाक्य, ईलू, मलखान दोहरे, रामू गुप्ता, इकरार, अनिल कुशवाहा, कमलेश त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# देश-विदेश






हैदराबाद के डुंडिगल में शनिवार को भारतीय वायुसेना अकादमी में संयुक्त स्नाक तक परेड के दौरान भारतीय वायुसेना कैडेट्स ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया। वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने आईएएफ की संयुक्त पासिंग आउट परेड का रिव्यू किया। भारतीय वायुसेना की नवगठित हथियार प्रणाली शाखा में अफसरों के पहले बैच को शामिल किया गया। इनसेट: इस दौरान आकाश गंगा टीम के पैराट्रूपर्स ने भी अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन किया।

## ब्रीफ न्यूज़

### त्रिपुरा भाजपा में 45+ वाले नेता नहीं बनेंगे मंडल अध्यक्ष

**अगरतला,** त्रिपुरा भाजपा में चल रहे संगठन के चुनाव में 45 साल से ज्यादा उम्र के नेता भाजपा मंडल अध्यक्ष नहीं बन पाएंगे। पार्टी के प्रदेश महामंत्री भगवान दास ने कहा की ऐसे मंडल अध्यक्ष जो अपना 2 कार्यकाल पूरा कर चुके हैं, उन्हें भी फिर से मौका नहीं दिया जाएगा। इसके पीछे भाजपा का तर्क है संगठन को मजबूत करने के लिए नए चेहरों को मौका मिलेगा। इस कदम का उद्देश्य युवा पीढ़ी को लंबे समय तक पार्टी का नेतृत्व करने को तैयार करना है। भाजपा के राज्य महासचिव भगवान दास ने बताया कि हम पार्टी के संगठनात्मक चुनाव प्रक्रिया में आदेश को लागू करेंगे। जिन्होंने पहले ही मंडल अध्यक्ष के रूप में दो कार्यकाल पूरे कर लिए हैं, उन्हें इस बार इस पद के लिए चुनाव लड़ने से रोका जाएगा।

### ग्रेनेड हमले के मामले में तीन आतंकी गिरफ्तार

**जालंधर,** पंजाब के नवांशहर में थाना काठगढ़ के अंसार पुलिस चौकी पर हुए हैंड ग्रेनेड हमले के मामले में पुलिस ने खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स के तीन आतंकियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान युगप्रीत सिंह उर्फ युवी, जसकरण सिंह और हरजोत सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक देसी पिस्तौल, एक रिवॉल्वर और 6 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। वे खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स (केजेडएफ) मॉड्यूल के सदस्य हैं। इनका नियंत्रण जर्मनी, यूके और अन्य देशों में बैठे हैंडलर्स के पास था। उनसे आदेश मिलने के बाद आरोपियों ने नवांशहर के काठगढ़ थाने पर हमला किया। पिछले 6 माह में इस मॉड्यूल को 4.5 लाख रुपये की फंडिंग मिली है।

### श्रीलंका के राष्ट्रपति आज से भारत की यात्रा पर



**नई दिल्ली,** श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसनायका 15-17 दिसंबर को राजकीय यात्रा पर भारत आएंगे। राष्ट्रपति बनने बाद दिसनायका की भारत की यह पहली द्विपक्षीय यात्रा होगी। विदेश मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा गया है कि राष्ट्रपति दिसनायका इस यात्रा में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात करेंगे और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ दोनों देशों के परस्पर हित के मुद्दों पर चर्चा करेंगे। भारत और श्रीलंका के बीच निवेश और वाणिज्यिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रपति दिसनायका राष्ट्रीय राजधानी में एक व्यापारिक कार्यक्रम में भी भाग लेंगे।

### योल के खिलाफ संसद में महाभियोग प्रस्ताव पास



**सियोल,** दक्षिण कोरिया के सांसदों ने शनिवार को राष्ट्रपति यूं सुक योल के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। यह महाभियोग प्रस्ताव राष्ट्रपति द्वारा पिछले सप्ताह मार्शल लॉ लागू करने के प्रयास में विफलता के बाद लाया गया था। 300 सांसदों में से 204 ने राष्ट्रपति के खिलाफ महाभियोग के पक्ष में वोट दिया, जबकि 85 ने इसका विरोध किया। तीन सांसदों ने मतदान से परहेज किया। इस दौरान आठ वोट अमान्य घोषित किए गए। विद्रोह और संवैधानिक कर्तव्यों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया है। इस घटनाक्रम ने दक्षिण कोरिया की राजनीति में हलचल मचा दी है। यह महाभियोग प्रस्ताव राष्ट्रपति के खिलाफ पहली बड़ी कानूनी कार्रवाई के रूप में उभरा है।

## आज का इतिहास

- **1749:** शिवाजी महाराज के पोते छत्रपति साहू जी का निधन।
- **1803 :** भोंसले और ईस्ट इंडिया कंपनी के बीच हुई देवगांव संधि के तहत उड़ीसा और कटक कंपनी के शासन के अधीन हुए।
- **1950:** प्रथम उप प्रधानमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल का निधन।
- **1953 :** भारत की एस विजयलक्ष्मी पंडित यूएनजीए के आठवें सत्र की अध्यक्ष चुनी गईं। इस पद पर पहुंची वह पहली महिला थीं।
- **1965 :** बांग्लादेश गंगा नदी के तट पर आये चक्रवात में करीब 15,000 लोगों की जान गई।
- **1991:** मशहूर फिल्म निर्माता सत्यजीत रे को सिनेमा की दुनिया में उनके अहम योगदान के लिए स्पेशल ऑस्कर सम्मान दिया गया।



## नूंह में दो पक्षों में पथराव महिला को जिंदा जलाया

**नूंह,** हरियाणा के नूंह जिले में माहौल एकबार फिर तनावपूर्ण हो गया है। बताया जाता है कि नूंह के लहरवाडी गांव में शुक्रवार को आपसी रंजिश में दो पक्षों में जमकर पथराव हुआ। इस दौरान एक 32 साल की युवती को जिंदा जलाकर मार डाला गया। युवती की आग में जलकर मौत हो गई है। इससे इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है। घटना की गंभीरता को देखते हुए कई थानों की पुलिस फोर्स बुलाई गई है। इलाके में पुलिस फोर्स भी तैनात है।

**इलाके में पुलिस फोर्स तैनात**

प्राप्त जानकारी के मुताबिक, नूंह के लहरवाडी गांव में करीब सात महीने पहले जमीन विवाद को लेकर दो पक्ष आमने सामने आ गए थे। हिंसक टकराव में 21 साल के रिजवान नाम के युवक की मौत हो गई थी। हत्या के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया था। इसके बाद युवक की हत्या के आरोपी पक्ष के लोग गांव छोड़कर फरार हो गए थे।

घटना के लगभग सात महीने बाद आरोपी पक्ष के लोगों ने पुलिस से संपर्क किया और गांव में फिर से बसाए जाने की गुहार लगाई। इसके बाद पुन्हाना थाना पुलिस के अधिकारियों ने दोनों पक्षों को बुलाकर उनमें सहमति कराई।

पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी पक्ष के लोगों को उनके घरों तक पहुंचाया। इसके बाद पुलिस जब चली गई तो दोनों पक्ष फिर आमने सामने आ गए। बताया जाता है कि दोनों गुटों में पथराव भी हुआ। झगड़े के दौरान ही शहनाज पर पेट्रोल डालकर उसे आग के हवाले कर दिया गया। इसमें बुरी तरह झुलसी शहनाज की मौत हो गई।

### हरियाणा में किसानों ने शंभू बॉर्डर से दिल्ली मार्च टाला

# किसान अब 16 दिसंबर को करेंगे ट्रैक्टर मार्च और 18 को रोकेंगे ट्रेन

### पुलिस ने आंसू गैस छोड़ी,10 घायल, एक ने जहर निगला

● **चंडीगढ़**

हरियाणा-पंजाब के शंभू बॉर्डर से शनिवार को दोपहर 12 बजे 101 किसान दिल्ली के लिए रवाना हुए, लेकिन पुलिस ने उन्हें घग्गर नदी पर बने पुल पर की बैरिकेडिंग पर रोक लिया। 40 मिनट तक पुलिस से बहस के बाद किसानों ने बैरिकेडिंग तोड़ने की कोशिश की। किसानों ने शंभू बॉर्डर से दिल्ली मार्च टाला अब 16 दिसंबर को ट्रैक्टर मार्च,18 को ट्रेन रोकेंगे। पुलिस ने आंसू गैस छोड़ी, 10 किसान घायल, एक किसान ने जहर निगला अब उसकी हालत स्थिर है।

**घायल किसानों से मिले बजरंग पुनिया :** हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर शनिवार को भी बवाल हुआ। किसान लगातार तीसरी बार हरियाणा की सीमा में दाखिल नहीं हो पाए। यहां पर किसानों से पहले पुलिस और प्रशासन बात की और फिर जब वह नहीं मानें तो आंसू गैस के गोले दागे और वॉटर कैनन का इस्तेमाल किया। किसान नेता सरवण सिंह पंधेर का कहना है कि कुल 10 किसान घायल हुए हैं। वहीं, शंभू बॉर्डर पर पूर्व कुश्ती खिलाड़ी बजरंग पुनिया भी पहुंचे थे। फिलहाल, जब किसान बार्डर पार नहीं कर पाए तो फिर मोर्चे पर लौट गए। घायल किसानों को पंजाब के अस्पताल में भर्ती किया गया है. अब उनसे मिलने के लिए बजरंग पुनिया पहुंचे हैं।

**पुलिस ने वाटर कैनन और टियर गैस के गोले दागे:** किसान आंदोलन को लेकर एक बार फिर से शनिवार को दिल्ली कूच की कोशिश की। शंभू बॉर्डर पर हरियाणा पुलिस ने अब बैरिकैडिंग और सख्त कर दी है। शंभू बॉर्डर के पास इंटरनेट बंद किया गया है। अब यहां पर हालात बिगड़े हैं और टियर गैस के शेल छोड़े गए हैं।

### किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की तबीयत हुई खराब

चंडीगढ़ में एक बार फिर से किसान दिल्ली कूच की कोशिश की 101 किसानों का मरजीवड़ा जत्था दिल्ली के लिए कूच किया था। हालांकि, हरियाणा पुलिस ने किसान शंभू बॉर्डर से आगे ना जा पाएं। बीती दो कोशिशों में किसान असफल रहे हैं। उधर, जींद के खनौरी बॉर्डर पर जगजीत सिंह डल्लेवाल का अनशन लगातार जारी है और अब उनकी तबीयत ज्यादा खराब हो रही है। वही दूसरी ओर हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने शनिवार को कहा कि किसानों को सुप्रीम कोर्ट की बात मानकर कुछ दिनों के लिए अपना आंदोलन स्थगित करना चाहिए। अंबाला छावनी के भजपा विधायक विज ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट मामले की सुनवाई कर रहा है।

### अंबाला में इंटरनेट सेवाएं बंद शंभू बॉर्डर पर बढ़ाई गई सुरक्षा

**चंडीगढ़।** फसल पर न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी के कानून व अन्य मांगों को लेकर किसानों के दिल्ली कूच के तीसरे प्रयास के बीच शनिवार को हरियाणा सरकार ने अंबाला जिले के कुछ हिस्सों में मोबाईल इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दीं और पंजाब-हरियाणा शंभू सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी। हरियाणा सरकार दस दिनों में किसानों के दो जत्थों को शंभू सीमा पर ही रोकने में सफल रही है। शनिवार का दिल्ली कूच रोकने के प्रयास में अंबाला पुलिस-प्रशासन ने शंभू बार्डर पर बनाई अस्थायी दीवार के ऊपर आठ फीट ऊंची दीवार और बना दी है। तैनाती भी बढ़ा दी गई है।

इस बीच किसान नेता तेजवीर सिंह ने जारी वीडियो में आरोप लगाया कि केंद्र व हरियाणा सरकारें किसानों में फूट डालकर पंजाब के किसानों को अलग-थलग करना चाहती हैं और पंजाब में 'मणिपुर-श्रीलंका-बांग्लादेश' जैसे हालात बनाए जा रहे हैं। एक तरफ अंबाला और जींद जिलों के उपायुक्तों ने दावा किया कि सच्चाई यह है कि हरियाणा समेत देश भर के किसान आंदोलन का समर्थन कर रहे हैं।

गौरतलब है कि किसान संगठन गत दस महीने से पंजाब-हरियाणा सीमाओं पर हैं। उनकी मांगों में एमएसपी गारंटी कानून के अलावा, किसानों-खेत मजदूरों की कर्ज माफी, कृषि कानूनों के खिलाफ किसान आंदोलन के दौरान किसानों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने समेत बारह मांगें हैं।

#### दो घंटे कहर बनकर टूटे

### उ. कोरिया के जवानों ने 300 यूक्रेनी सैनिकों को मौत के घाट उतारा

**कीव,** रूस और यूक्रेन के संघर्ष में उत्तर कोरिया के सैनिक अपना खौफनाक युद्ध कौशल दिखा रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक कुर्स्क क्षेत्र के एक गांव पर कब्जा करने में इन सैनिकों ने केवल 2 घंटे का समय लिया। इस पूरे गांव में मौजूद सभी यूक्रेनी सैनिक या तो मारे गए या फिर भाग गए। उत्तर कोरियाई सैनिकों ने किसी भी यूक्रेनी सैनिक को बंदी नहीं बनाया। एनके न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक रूसी टेलीग्राम चैनल रोमानोलाइट ने शुक्रवार को दावा किया कि उत्तर कोरियाई सैनिकों ने कुर्स्क के प्लियोखोवो गांव पर जोरदार धावा बोला और केवल 2 घंटों के अंदर ही 300 यूक्रेनी सैनिकों को मौत के घाट उतार कर क्षेत्र पर कब्जा कर लिया।

हमले के बारे में बताते हुए चैनल ने कहा कि यह घटना 6 दिसंबर को हुई थी। उत्तर कोरियाई सैनिकों ने यूक्रेनी सैनिकों पर कोई रहम नहीं दिखाया। उन्होंने गोली की रफ्तार के साथ हमला किया और यूक्रेनी सेना के 300 से ज्यादा सैनिकों को मौत के घाट उतार दिया। हालांकि इस पूरे हमले को लेकर यूक्रेन की तरफ से अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की गई है। लेकिन एक पूर्व यूक्रेनी विधायक और रूस समर्थक नेता ओलेग त्सायोर्व ने कहा कि हां यह हमला हुआ है लेकिन मैं इसके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दे सकता।

### बिना हिजाब पहने ईरानी सिंगर ने कॉन्सर्ट में किया परफॉर्म

**तेहरान,** ईरानी सिंगर को ऑनलाइन कॉन्सर्ट में बिना हिजाब पहनकर परफॉर्म करना भारी पड़ गया है। कोर्ट ने कहा है कि सिंगर के खिलाफ कड़ा ऐक्शन लिया जाएगा। इस को कानूनी मानकों का उल्लंघन बताया गया है। परस्तू अहमदी ने यूट्यूब चैनल पर कॉन्सर्ट स्ट्रीम किया था। इसमें, वह बिना सिर पर स्कार्फ बांधे और एक लंबी, लहराती काली पोशाक में में दिखाई दीं। ईरान में शूट किया गया यह कॉन्सर्ट दर्शकों के बिना आयोजित किया गया था और अहमदी और उनके चार सदस्यीय बैकिंग क्रू ने पारंपरिक कारवांसेराई परिसर के मैदान में एक मंच के बाहर परफॉर्म किया था।

### अमेरिका से डिपोर्ट किए जा सकते हैं 18 हजार भारतीय

**वाशिंगटन,** अमेरिकी राष्ट्रपति-चुनाव डोनाल्ड ट्रम्प के कार्यालय संभालने के बाद कड़ी इमिग्रेशन नीतियों का ऐलान किया गया है। अमेरिकी इमिग्रेशन और कस्टम्स एन्फोर्समेंट (आईसीई) द्वारा तैयार की गई सूची में 1.45 मिलियन लोगों का निर्वासन तय किया गया है, जिनमें से 18,000 भारतीय नागरिक भी शामिल हैं। इन भारतीयों में अधिकांश लोग अवैध तरीके से अमेरिका में प्रवेश करने की कोशिश करने वाले लोग है। पिछले तीन सालों में लगभग 90,000 भारतीयों को अमेरिका में अवैध तरीके से प्रवेश करने की कोशिश करते हुए पकड़ा गया था, जिनमें अधिकतर लोग पंजाब, गुजरात और आंध्र प्रदेश से आते हैं। हालांकि, भारत सबसे अधिक अवैध प्रवासियों वाला देश नहीं है. अमेरिका के पड़ोसी देशों जैसे होंडुरस और ग्वाटेमाला शीर्ष पर हैं, जहां क्रमशः 2,61,000 और 2,53,000 अवैध प्रवासी हैं।

**ट्रम्प ने कड़ी नीतियों का किया ऐलान**

### ओपनएआई की पोल खोलने वाले सुचिर की यूएस में मौत

**वाशिंगटन।** ओपनएआई पर सवाल उठाने वाले भारतीय मूल के अमेरिकी एआई रिसर्चर सुचिर बालाजी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। सैन फ्रांसिस्को के बुचानान स्ट्रीट स्थित फ्लैट में सुचिर (26) की लाश मिली। सुचिर चार साल ओपनएआई के साथ जुड़े थे। इसके अलावा चैट जीपीटी के डिवेलपमेंट के लिए भी वह काम कर चुके हैं। बीते दिनों उन्होंने ओपनएआई पर आरोप लगाए थे। सुचिर ने कहा था कि चैटजीपीटी के लिए बिना इजाजत के ही प्रोग्रामरों और पत्रकारों, कलाकारों के कॉपीराइट मटीरियल का धड़ल्ले से इस्तेमाल किया गया।

### यूपी समेत 11 राज्यों में पारा 5 डिग्री से नीचे

**नई दिल्ली, आरएनएन।** छत्तीसगढ़ राजस्थान और उत्तरप्रदेश समेत 11 राज्यों में रविवार को शीतलहर का अलर्ट है। इन राज्यों के कई जिलों में पारा 5 डिग्री से नीचे चल रहा है। राजस्थान में पिछले 3 दिन से सीकर, माउंट आबू में पारा 0 डिग्री पर बना हुआ है। पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में उप्र में अयोध्या 3 डिग्री तापमान के साथ बीती रात सबसे ठंडी रही।

**मौसम की मार**

सर्दी से बचाने के लिए राममंदिर में रामलला को ऊनी कपड़े पहनाए गए हैं, साथ ही जयपुरी रजाई ओढ़ाई जा रही है। पंजाब के आदमपुर में माइनस 0.4 डिग्री और हरियाणा के हिसार में 1.7 डिग्री टेम्परेचर रहा। श्रीनगर में शनिवार को तापमान माइनस 3 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। हिमाचल प्रदेश के चंबा में नलों में पानी जमने लगा है। लाहौल स्पीति के ऊंचे इलाकों में भी झरने-नदियां जम गए हैं। हालांकि यहां बर्फबारी रुकी है। दक्षिण भारत के तमिलनाडु और पुडुचेरी में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। 15 दिसंबर को दोनों राज्यों बारिश से थोड़ी राहत रहेगी।

#### ठंड बढ़ने के कारण

- पश्चिम-उत्तर भारत में 12.6 किमी की ऊंचाई पर 278 किमी प्रतिघंटा की गति से तेज ठंडी हवाएं चल रही हैं।
- वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव है। इस वजह से बर्फ पिघल रही है। जिससे उत्तर और मध्य भारत के इलाकों में ठंड बढ़ रही है।
- पाकिस्तान में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के चलते जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में लगातार बर्फबारी हो रही है।

**स्वास्थ्य** ब्रिटेन के नॉटिंघम विवि के शोधकर्ताओं ने अपने अध्ययन में किया खुलासा

# पैरासिटामोल के सेवन से गुर्दे के गंभीर रोग का खतरा

● **नई दिल्ली**

चिकित्सक की पर्ची के बिना मिलने वाली दवाओं में शामिल पैरासिटामोल 65 वर्ष या उससे अधिक आयु के लोगों में आंत, हृदय और गुर्दे से संबंधित बीमारियों का जोखिम बढ़ा सकती है। ब्रिटेन के नॉटिंघम विवि के शोधकर्ताओं द्वारा किए गए नवीनतम अध्ययन में पाया गया कि पैरासिटामोल के उपयोग से पेप्टिक अल्सर रक्तस्राव (पाचन तंत्र में अल्सर के कारण रक्तस्राव) के जोखिम में क्रमशः 24 प्रतिशत और 36 प्रतिशत की वृद्धि होती है और आंत संबंधी रक्तस्राव में कमी आती है। पैरासिटामोल के सेवन से गुर्दे के गंभीर रोग का खतरा 19 प्रतिशत, दिल का दौरा पड़ने का खतरा नौ प्रतिशत तथा उच्च रक्तचाप का खतरा सात प्रतिशत बढ़ सकता है।



नॉटिंघम विवि के स्कूल ऑफ मेडिसिन के प्रमुख अनुसंधानकर्ता वेया झांग ने कहा कि कथित तौर पर सुरक्षित होने की वजह से पैरासिटामोल को अस्थियों से जुड़े रोगों के लिए कई उपचार दिशानिर्देशों में प्राथमिक दवा के रूप में अनुशंसित किया गया है, विशेष रूप से वृद्ध लोगों में, जिनमें दवा से उत्पन्न जटिलताओं का उच्च जोखिम होता है। आर्थराइटिस केयर एंड रिसर्च पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, यह अध्ययन वृद्ध लोगों में गुर्दा, हृदय और आंत संबंधी दुष्प्रभावों को दर्शाता है। हल्के से मध्यम बुखार के दौरान आमतौर पर इस्तेमाल की जाने वाली पैरासिटामोल, अस्थियों से जुड़ी बीमारियों के उपचार के लिए भी चिकित्सक द्वारा परामर्श दी जाने वाली पहली दवा है क्योंकि इसे प्रभावी, अपेक्षाकृत सुरक्षित और सुलभ माना जाता है।

### 1.80 लाख का जांचा गया स्वास्थ्य रिकार्ड

शोधकर्ताओं ने इन नतीजों पर पहुंचने के लिए 1,80,483 लोगों के स्वास्थ्य रिकॉर्ड का विश्लेषण किया, जिन्हें बार-बार पैरासिटामोल दी गई थी। शोधकर्ताओं ने इसके बाद इन स्वास्थ्य रिपोर्ट की तुलना उसी आयु के 4,02,478 (4.02 लाख) लोगों से की, जिन्हें कभी भी बार-बार पैरासिटामोल नहीं दी गई थी। चिकित्सक की पर्ची के बिना मिलने वाली दवाओं में शामिल पैरासिटामोल 65 वर्ष या उससे अधिक आयु के लोगों में आंत, हृदय और गुर्दे से संबंधित बीमारियों का जोखिम बढ़ा सकती है। ब्रिटेन के नॉटिंघम विविके शोधकर्ताओं द्वारा किए गए नवीनतम अध्ययन में पाया गया कि पैरासिटामोल के उपयोग से पेप्टिक अल्सर रक्तस्राव (पाचन तंत्र में अल्सर के कारण रक्तस्त्राव) के जोखिम में क्रमश: 24 फीसदी और 36 फीसदी की वृद्धि होती है और आंत संबंधी रक्तस्त्राव में कमी आती है। पैरासिटामोल के सेवन से गुर्दे के गंभीर रोग का खतरा 19 प्रतिशत, दिल का दौरा पड़ने का खतरा नौ प्रतिशत तथा उच्च रक्तचाप का खतरा सात प्रतिशत बढ़ सकता है। नॉटिंघम विवि के स्कूल ऑफ मेडिसिन के प्रमुख अनुसंधानकर्ता वेया झांग ने कहा कि कथित तौर पर सुरक्षित होने की वजह से पैरासिटामोल को अस्थियों से जुड़े रोगों के लिए कई उपचार दिशानिर्देशों में प्राथमिक दवा के रूप में अनुशंसित किया गया है, विशेष रूप से वृद्ध लोगों में, जिनमें दवा से उत्पन्न जटिलताओं का उच्च जोखिम होता है।

#### सरकार का पहला वर्ष महिलाओं को समर्पित

### नारी की सुदृढ़ स्थिति समृद्ध व मजबूत समाज का प्रतीक : शर्मा



**उदयपुर,** सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि नारी की सुदृढ़ एवं सम्मानजनक स्थिति एक उन्नत, समृद्ध और मजबूत समाज व राष्ट्र का प्रतीक है। इसी को ध्यान में रखते हुए हमारी सरकार का एक वर्ष महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और कल्याण को समर्पित रहा है।

उन्होंने कहा कि पिछले साल प्रदेश की जनता ने हमें सेवा का जो मौका दिया, उसमें माता-बहनों की आधी आबादी की महत्वपूर्ण भागीदारी रही। हमारे शास्त्रों में कहा भी गया है कि 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता' यानी जहां नारियों की पूजा होती है, वहां देवता निवास करते हैं। शर्मा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का भी कहना था कि महिलाओं की स्थिति में सुधार लाए बिना दुनिया का कल्याण संभव नहीं है।

मुख्यमंत्री राज्य सरकार का एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में शनिवार को उदयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज को उन्नत और प्रगतिशील बनाने में पुरुष एवं महिला दोनों की भूमिका होती है।

# गठबंधन में दरार, कांग्रेस की साख पर सवाल



शाहीन सबा

लोकतांत्रिक राजनीति में छोटे दलों को साधना मेंढक तौलने जैसा कठिन कार्य है। सत्ता की चाबी तराजू पर संतुलन साधने में मेंढकों को बांधने के लिए जाल का काम करती है। सत्ता से कांग्रेस की बढ़ती जा रही दूरी की वजह से लगता है कि कांग्रेस के हाथ से वह जाल निकल गया है। इसका असर इंडिया गठबंधन की राजनीति पर दिखने लगा है। कांग्रेस को उसके सहयोगी छोटे दल आंख दिखाने लगे हैं। इंडिया गठबंधन में तीसरा सबसे बड़ा दल तृणमूल की नेता ममता बनर्जी ने सीधे-सीधे विपक्षी गठबंधन की अगुआई करने की मंशा जाहिर कर दी है। ममता बनर्जी की इस घोषणा का ही शायद विपक्षी गठबंधन के दूसरे बड़े दल समाजवादी पार्टी को इंतजार था। पार्टी के महासचिव रामगोपाल यादव ने कहने में देर नहीं लगाई कि कांग्रेस उनकी नेता नहीं है।

ऐसी हालत में अव्वल तो कांग्रेस की पेशानी पर बल पड़ना चाहिए था, लेकिन कम से कम खुलेतौर पर ऐसा होता नजर नहीं आ रहा। दरअसल कांग्रेस की मजबूरी है कि वह अपनी परेशानी को खुलेतौर पर जाहिर न करे। पार्टी की परेशानी के जाहिर होने का सीधा मतलब राहुल गांधी की अगुआई पर सवाल होगा। जिस कांग्रेस में नाकामियों के लिए बलि का बकरा खोजने की परंपरा रही हो, जहां नेहरू-गांधी परिवार पर सवाल न उठाने की परंपरा रही हो, पार्टी के प्रथम परिवार को हर आलोचनाओं और नाकामियों से दूर रखने का रिवाज रहा हो, उसके लिए अपने सहयोगी दलों की बगावत को स्वीकार कर पाना आसान नहीं होगा। तृणमूल और समाजवादी पार्टी के सवालिया रूख का संदेश साफ है। दोनों दलों ने एक तरह से राहुल गांधी को प्रधानमंत्री मोदी के बरक्स कमजोर मान लिया है। समाजवादी पार्टी ने यहां तक कह दिया है कि कांग्रेस अगर बेहतर प्रदर्शन करती तो मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बन ही नहीं पाते। तृणमूल की फायरब्रांड नेता ममता बनर्जी भी एक तरह से राहुल के नेतृत्व पर ही सवाल उठा चुकी हैं।

ममता हों या समाजवादी पार्टी, उनके बदले रूख से साफ है कि अब कांग्रेस की अगुआई विपक्षी गठबंधन के दलों को मंजूर नहीं है। दोनों दलों के इस रूख को जाहिर करने की ताकत महाराष्ट्र के नतीजों ने दी है। महाराष्ट्र में तो समाजवादी पार्टी बाकायदा गठबंधन से दूर हो चुकी है। इंडिया गठबंधन के दलों को अब लगने लगा है कि राहुल की अगुआई वाली कांग्रेस के नेतृत्व में उनका भविष्य दांव पर है। उन्हें लग रहा है कि मौजूदा कांग्रेस के नेतृत्व में वे भारतीय जनता पार्टी को चुनौती नहीं दे पाएंगे। आज राजनीति, विशेषकर चुनाव बेहद महंगा सौदा है। इस महंगे सौदे के बाद अगर सत्ता की देवी आशीर्वाद दे देती हैं तो उस महंगाई को झेलना आसान हो जाता है। अगर सत्ता की उम्मीद टूटने लगे तो चुनावी राजनीति का महंगा सौदा और ज्यादा महंगा होता जाता है। ऐसे में चुनाव लड़ने के लिए दमदार उम्मीदवारों का टोटा पड़ने लगता है। कार्यकर्ताओं का मनोबल भी टूटने लगता है। सत्ता रूपी शहद लालच में कार्यकर्ताओं का झुंड मधुमक्खियों की तरह दलों के नेताओं के इर्द-गिर्द मंडराता रहता है। लेकिन जैसे ही सत्ता की देवी दूर दिखने लगती है, उत्साही कार्यकर्ता का पहले उत्साह कम होने लगता है, और इसी उदासीनता के दौर में धीरे-धीरे पार्टियों से दूर हो जाता है। जहां तक ममता की बात है, तो कम से कम पश्चिम बंगाल में उसकी सत्ता बरकरार है, लिहाजा उसके कार्यकर्ता उत्साह में हैं। लेकिन इस बात की गारंटी नहीं है कि 2026 में बीजेपी उसे मात नहीं दे सकती। उसकी इस आशंका की वजह विपक्षी गठबंधन की कांग्रेसी अगुआई का कमजोर प्रदर्शन है। जबकि समाजवादी पार्टी लगातार दो चुनावों से सत्ता से दूर है। बेशक उसने बीते लोकसभा चुनावों में बीजेपी की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया है। लेकिन उसे लगने लगा है कि अगर कांग्रेसी नेतृत्व के हालात ऐसे ही रहे तो उसका असर उत्तर प्रदेश की विपक्षी राजनीति पर भी पड़े बिना नहीं रहेगा। ऐसे में उसकी चुनावी संभावनाएं धूमिल ही होंगी।

विपक्षी गठबंधन के दलों की इस सोच की वजह सिर्फ कांग्रेस का कमजोर प्रदर्शन ही नहीं है, बल्कि कांग्रेसी नेतृत्व का मनमानापन भी है। नई लोकसभा में विपक्षी खेमे के सीट बंटवारे में कांग्रेसी नेतृत्व ने जिस तरह मनमानी की है, उससे विपक्षी गठबंधन के उसके सहयोगी अंदर ही अंदर खदबदा रहे हैं। अखिलेश यादव ने फैजाबाद से चुने गए अपने सांसद अवधेश प्रसाद को अपना पोस्टर ब्वॉय बना रखा है। जब तक सीटों का आवंटन नहीं हुआ था, तब तक अखिलेश राम जन्मभूमि के अपने इस सांसद को अपने बगल में बैठाते रहे। लेकिन कांग्रेस नेतृत्व के सुझाव पर अवधेश प्रसाद को दूसरी पंक्ति में सीट दे दी गई है। इससे अखिलेश नाराज हैं। अपने विश्वस्त सलाहकारों से कांग्रेस के मनमाने कदमों पर वे सवाल उठाते रहे है। अदाणी के आर्थिक साम्राज्य पर बार-बार सवाल उठाना अब ना तो अखिलेश को पसंद आ रहा, ना ही ममता बनर्जी को। अदाणी के खिलाफ बीते शुक्रवार यानी 6 दिसंबर के दिन संसद में कांग्रेस ने जो प्रदर्शन किया, उससे ना सिर्फ समाजवादी पार्टी, बल्कि तृणमूल कांग्रेस ने भी दूरी बना ली। अखिलेश की शिकायत यह है कि कांग्रेस ऐसे मसलों पर उनसे सलाह नहीं लेती। तृणमूल और समाजवादी पार्टी को इस बात की भी शिकायत है कि कांग्रेस अपने एजेंडे पर साथी दलों का साथ चाहती है, लेकिन उनके एजेंडे पर साथ देने से कांग्रेस कन्नी काटने लगती है। दरअसल कांग्रेस ऐसा करके यह साबित करते रहती है कि विपक्षी गठबंधन में राहुल से बड़ा कोई नेता नहीं है और बाकी सभी नेता और दल उसके सामने छोटे हैं।

जब पिछले साल यानी जुलाई 2023 में पटना में विपक्षी दलों की जुटान हुई और मोदी विरोधी मोर्चा बनाने की कोशिश हुई, तब विपक्षी दलों ने सोचा था कि नीतीश कुमार को कांग्रेस कम से कम संयोजक बनाकर अपना भी अगुआ मान लेगी। अगर ऐसा हुआ होता तो शायद ही नीतीश पाला बदलते। कई राजनीतिक जानकारों का मानना है कि अगर ऐसा हो गया होता तो शायद 2024 का चुनावी परिदृश्य दूसरा होता। यह भी सच है कि पटना के उस जुटान की असल रणनीतिकार ममता बनर्जी ही थीं। एक तरह से उन्होंने पटना में जुटान कराकर विपक्षी गठबंधन की अगुआई से राहुल गांधी को अलग रखने की कोशिश की थी। लेकिन बेंगलुरू की बैठक के बाद कांग्रेस ने गठबंधन की अगुआई अघोषित तौर पर झटक ली। राहुल की भारत जोड़ो यात्रा और मणिपुर से मुंबई तक की यात्रा के बहाने विपक्षी गठबंधन को लोकसभा चुनावों में चमत्कार की उम्मीद थी। इसलिए विपक्षी दलों ने नेतृत्व अपने हाथ में रखने के लिए कांग्रेस द्वारा अपनाए जा रहे हथकंडों पर चुप्पी साधे रखी। लेकिन चुनावी नतीजे बेहतर नहीं रहे और कांग्रेस अपने एजेंडे के हिसाब से बढ़ती रही तो विपक्षी दलों ने अलग सुर अपनाना शुरू कर दिया है। समाजवादी पार्टी और तृणमूल का नया रूख इसी बदलाव का प्रतीक है।

ऐसे माहौल में कांग्रेस को सिर्फ और सिर्फ शरद पवार का साथ मिल रहा है। वे एक बार फिर दमखम से जनता के बीच जाने की बात कर रहे हैं। वैसे विधानसभा चुनावों में महज दस सीट पर सिमट जाने वाले महाराष्ट्र के चाणक्य के लिए ऐसा रूख रखना मजबूरी भी है। उन्हें डर है कि कहीं उनके भतीजे अजित पवार उनके विधायक दल को ही न ले उड़ें। शायद यही वजह है कि वे निराशा से दूर संघर्ष और जनसंपर्क की बात कर रहे हैं। वैसै जब भी विपक्षी गठबंधन से कोई बाहर जाता है या अंदरूनी सवाल उठाता है, तब विपक्ष की ओर कहा जाता है कि इडी और सीबीआई का डर दिखाकर उनके सहयोगी दलों को तोड़ा जा रहा है। लेकिन अखिलेश और ममता की ताकत कम नहीं है, इसलिए उन पर तोहमत लगाई भी नहीं जा सकती कि डर से उन्होंने साथ छोड़ दिया। सच तो यह है कि कांग्रेस हर कीमत पर राहुल को आगे रखते हुए अपने ही एजेंडे पर काम कर रही है। वह किसी भी कीमत पर विपक्षी गठबंधन की अगुआई राहुल के अलावा किसी और के हाथ नहीं जाने देना चाहती। वह अपनी मनमानी भी कर रही है। यही वजह है कि विपक्ष के उसके सहयोगियों ने उसे ही सिखाने की ठान ली है। ऐसे में कांग्रेस की परेशानियां बढ़ना तय है।

# बांग्लादेश की स्वाधीनता और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ

सुनो भाई साधो! वर्ष 1 अंक 18





**संघ के शीर्ष नेतृत्व ने देशवासियों और स्वयंसेवकों को हमेशा प्रेरित किया है। 1971 के युद्ध के समय तत्कालीन सरसंघचालक श्रीगुरूजी ने सभी राजनीतिक मतभेदों को भुलाकर एकजुट होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मातृभूमि के प्रति प्रेम और निस्वार्थ देशभक्ति ही हमें जीत दिला सकती है। उन्होंने स्वयंसेवकों से नागरिक सुरक्षा, रक्तदान और घायल सैनिकों की सेवा करने की अपील की। इस आह्वान का प्रभाव पूरे देश में देखा गया, जब संघ के स्वयंसेवकों ने युद्ध के समय नागरिक सुरक्षा से लेकर राहत कार्यों तक हर मोर्चे पर सक्रियता दिखाई।**



विप्लव विकास

कल 16 दिसंबर यानि विजय दिवस है। 1971 के युद्ध में पाकिस्तान के 93,000 सशस्त्र सैनिकों ने इस दिन भारत के सामने आत्मसमर्पण किया और 16 दिसंबर 1971 को बांग्लादेश एक स्वाधीन राष्ट्र बना। परन्तु इस विजय की कहानी केवल रणभूमि तक सीमित नहीं है। इस ऐतिहासिक क्षण में संघ यानि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का अद्वितीय योगदान भी महत्वपूर्ण था। संघ जो व्यक्ति-निर्माण और हिन्दू समाज के संगठन के माध्यम से पुण्यभूमि भारत के परम वैभव की प्राप्ति की साधना के शताब्दी-वर्ष में प्रवेश कर चूका है, ने इस युद्धकाल में अपनी प्रतिबद्धता और सेवा भाव का परिचय दिया।

अपनी स्थापनाकाल से ही जब भी राष्ट्र संकट में रहा संघ के स्वयंसेवकों ने न केवल सहायता पहुंचाई, बल्कि समाज को नई ऊर्जा और प्रेरणा दी। विजय दिवस के अवसर पर जब हम बांग्लादेश की स्वाधीनता की गाथा का स्मरण करते हैं, तब यह आवश्यक हो जाता है कि हम उन मौन तपस्वियों के त्याग और कर्तव्यनिष्ठा को नमन करें, जिन्होंने राष्ट्र की आवश्यकताओं को आत्मसात कर अपने राष्ट्रीय दायित्वों का अद्वितीय निर्वहन किया। संघ के स्वयंसेवकों ने युद्धकाल में भारत की पूर्वी सीमाओं पर जिस अकथ श्रम, अहर्निश सेवा और अडिग समर्पण के साथ शरणार्थियों की सहायता की, सीमांत क्षेत्रों की जनता में जन-जागरण का अलख जगाया, उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की और सेना के साथ यथासंभव अपेक्षित सहयोग किया, वह न केवल प्रेरणादायी है, बल्कि भारत के सेवा व समर्पण के सांस्कृतिक मूल्यों का जीवंत उदाहरण भी है।

कोरोना जैसी महामारी या अन्य प्राकृतिक आपदाओं के समय संघ के स्वयंसेवक अपनी संगठित शक्ति और सेवा भावना के साथ अनगिनत बार समाज के आह्वान पर अपने कर्तव्यों का पालन किया है। उदाहरण के लिए, इस युद्ध से लगभग एक वर्ष पूर्व जब भारी बारिश के कारण उत्तर बंगाल में महानंदा नदी उफान पर थी और मालदा शहर को बाढ़ के खतरे का सामना करना पड़ा, तो संघ के लगभग 150 स्वयंसेवकों ने पूरी रात बांध की मरम्मत कर शहर को विनाश से बचाया। इससे दो साल पहले जलपाईगुड़ी कस्बे में आई भारी बारिश से बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हुई थी। संघ के स्वयंसेवकों ने पीड़ितों के लिए भोजन, कपड़े और राहत सामग्री पहुंचाई। वे जलपाईगुड़ी में राहत पहुंचाने वाले पहले दल थे। संघ की तत्परता और समर्पण ने न केवल पीड़ितों की मदद की, बल्कि समाज के मनोबल को भी ऊंचा किया। राष्ट्रीय आपदा के अलावा, युद्धकाल में भी संघ ने अपनी प्रतिबद्धता दिखाई है। 1965 के भारत-पाक युद्ध के दौरान, पठानकोट रेलवे स्टेशन पर सेना के हथियारों को ट्रकों से उतारने में स्थानीय कुलियों की हड़ताल के कारण समस्या उत्पन्न हुई। इस स्थिति में संघ के सैकड़ों स्वयंसेवकों ने दुश्मन की गोलीबारी और सर्द मौसम की परवाह किए बिना सारा सामान उतारने का काम पूरा किया। आजादी के तुरंत बाद कश्मीर पर पाकिस्तानी आक्रमण के दौरान, श्रीनगर हवाई अड्डे की मरम्मत के लिए संघ के स्वयंसेवक आगे आए। उनके अथक परिश्रम से भारतीय वायुसेना को हवाई क्षेत्र का उपयोग करने में सफलता मिली, जिससे पाकिस्तानी हमलावरों को खदेड़ना संभव हुआ।

संघ के शीर्ष नेतृत्व ने देशवासियों और स्वयंसेवकों को हमेशा प्रेरित किया है। 1971 के युद्ध के समय तत्कालीन सरसंघचालक श्रीगुरूजी ने सभी राजनीतिक मतभेदों को भुलाकर एकजुट होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मातृभूमि के प्रति प्रेम और निस्वार्थ देशभक्ति ही हमें जीत दिला सकती है। उन्होंने स्वयंसेवकों से नागरिक सुरक्षा, रक्तदान और घायल सैनिकों की सेवा करने की अपील की। इस आह्वान का प्रभाव पूरे देश में देखा गया, जब संघ के स्वयंसेवकों ने युद्ध के समय नागरिक सुरक्षा से लेकर राहत कार्यों तक हर मोर्चे पर सक्रियता दिखाई।

1971 के भारत-पाक युद्ध के दौरान संघ ने वास्तव में दूसरा मोर्चा सँभालने का कार्य किया। तत्कालीन क्षेत्र संघचालक श्री केशवचंद्र चक्रवर्ती ने पश्चिम बंगाल के राज्यपाल और पश्चिम बंगाल मामलों के केंद्रीय मंत्री को पत्र लिख कर कहा कि संघ के स्वयंसेवक सुरक्षा व्यवस्था में हर संभव तरीके से सरकार के साथ सहयोग करने के लिए प्रस्तुत हैं। बांग्लादेश मुक्ति संग्राम ने लाखों शरणार्थियों को भारत में शरण लेने पर विवश कर दिया था। इस अभूतपूर्व संकट के समय, संघ ने वास्तुहारा सहायता समिति के माध्यम से इन शरणार्थियों की निःस्वार्थ सेवा का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। पश्चिम बंगाल के गांदरापोटा और अन्य सीमावर्ती क्षेत्रों में राहत शिविर स्थापित किए गए, जहां लगभग पचास हजार शरणार्थियों को न केवल भोजन और दवाइयों की व्यवस्था की गई, बल्कि उनके आत्मसम्मान और मनोबल को ऊंचा रखने के लिए विशेष प्रयास भी किए गए। संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी, जैसे श्री एकनाथ रानाडे और श्री भाउराव देवरस ने इन शिविरों का निरीक्षण कर सेवा कार्यों को प्रोत्साहन और दिशा प्रदान की। इन शिविरों में शरणार्थियों के लिए केवल भौतिक सहायता तक ही सीमित न रहकर, उन्हें आत्मनिर्भरता की ओर प्रेरित करने के प्रयास भी किए गए। पश्चिम बंगाल में पाकिस्तानी सेना द्वारा गोलाबारी और अतिक्रमण के भयावह समय में, संघ के स्वयंसेवकों ने अदम्य साहस और समर्पण का परिचय दिया। बालुरघाट में पाकिस्तानी हमलों के दौरान नागरिक पलायन के लिए मजबूर हो रहे थे, किंतु संघ के स्थानीय स्वयंसेवकों ने न केवल क्षेत्र में डटे रहकर घायलों की सहायता की, बल्कि नागरिकों को भी सुरक्षा और मनोबल प्रदान किया। पश्चिम दिनाजपुर में संघ के क्षेत्र संघचालक केशवचंद्र चक्रवर्ती ने गांव-गांव भ्रमण कर लोगों को प्रोत्साहित किया और अपने गांवों में रुककर रक्षा तंत्र को सुदृढ़ करने का आह्वान किया। उनकी प्रेरणा से नागरिकों ने धैर्य और साहस का परिचय देते हुए अपने गांवों की सुरक्षा सुनिश्चित की। संघ की इस सेवा और समर्पण ने समाज के हर वर्ग को एकजुट कर राष्ट्रीय सुरक्षा और सामाजिक एकता का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया।

संघ के स्वयंसेवक संकट की घड़ी में केवल सेवा कार्य तक सीमित नहीं रहते, बल्कि राष्ट्रहित में अपने प्राणों की आहुति देने से भी पीछे नहीं हटते। 1971 के युद्ध के दौरान, बालुरघाट के समीप स्थित चक्रमप्रसाद गांव के किशोर स्वयंसेवक चुरका मुर्मू ने इस आदर्श को अपने बलिदान से चरितार्थ किया। घातक गोलाबारी के बीच, उन्होंने अदम्य साहस का परिचय देते हुए सीमा प्रहरियों को पाकिस्तानी सैनिकों की मौजूदगी की सूचना दी और उनकी हर संभव सहायता की। इस प्रयास में उन्होंने अपने प्राणों की आहुति दे दी। उनका यह अनुपम त्याग पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गया और एकता व सेवा भावना को सुदृढ़ किया। मालदा में घायल सैनिकों और उनके परिवारों की सहायता के लिए गठित नागरिक समिति में संघ के प्रचारक श्री वंशीलाल सोनी ने केंद्रीय भूमिका निभाई। इस समिति ने रक्तदान शिविर आयोजित कर घायल सैनिकों की जीवन रक्षा में योगदान दिया और युद्ध से लौटने वाले सैनिकों के स्वागत हेतु एक स्वागत केंद्र की स्थापना की। इस केंद्र में 33,667 सैनिकों और अधिकारियों को चाय, चंदन तिलक और पुष्प देकर सम्मानित किया गया। यह स्वागत केंद्र इक्कीस दिनों तक संचालित हुआ और इसका समूचा प्रबंधन संघ के स्वयंसेवकों द्वारा किया गया। इस अद्वितीय सेवा कार्य को सम्मानित करते हुए, मालदा के जिला कलेक्टर ने संघ को आधिकारिक पत्र लिखकर आभार प्रकट किया। बांग्लादेश मुक्ति संग्राम या स्वाधीनता के संघर्ष में संघ की सेवा और समर्पण भावना यह दर्शाती कि संघ के स्वयंसेवक राष्ट्र और मानव सेवा को अपना सर्वोच्च धर्म मानते हैं। आज जब वही बांग्लादेश मानवता विरोधी षड्यंत्रकारियों के द्वारा अस्थिर किया गया है तब सड़क से संसद तक संघ के स्वयंसेवक अपनी-अपनी भूमिका में मानवता की रक्षा के उद्देश्य से सक्रिय दिख रहे है।

**(लेखक स्तंभकार हैं)**

# साप्ताहिक ज्योतिष पत्रिका

ज्योतिर्विद * ब्रजेन्द्र श्रीवास्तव

## रविवार 15 दिसम्बर से शनिवार 21 दिसम्बर 2024 तक

विक्रम सम्वत 2081, शकाब्द 1946, कलियुग सम्वतसर 5125, रविवार 15 दिसम्बर मार्गशीर्ष पूर्णिमा से शनिवार 21 दिसम्बर पौषकृष्ण षष्ठी तिथि तक।

**व्रत उत्सव**

**रविवार 15 दिसम्बर:** मार्गशीर्ष पूर्णिमा अपराहन 2.35 बजे तक आज दान स्नान की पूर्णिमा। श्री त्रिपुर भैरवी जयंती पूर्णिमा। **सोमवार 16 दिसम्बर:** पूर्णिमा को मास समाप्त मान से पौष मास आरंभ पौष का कृष्णपक्ष आरंभ। **बुधवार 18 दिसम्बर:** शुक्ले मध्यान्ह व्यापनी सूत्र अनुसार आज गणेश चतुर्थी व्रत। **शनिवार 21 दिसम्बर:** सूर्य उत्तरायण अस्त सबसे छोटा दिन होकर दिन वृद्धि आरंभ। दैविक उत्तरायण आज ही है। आज ही स्नान व सूर्य को अर्ध्य दें, तिल गुड़ दान करें, गरम वस्त्र दान करें। यही वास्तविक मकर संक्रान्ति है। 14 जनवरी को तो सूर्य को उत्तरायण हुए 24 दिन हो जाते हैं इसलिए 14 जनवरी की मकर संक्रान्ति का दान पुण्य उत्तरायण का दान पुण्य नहीं है। पंचोगों में भी आज 21 दिसम्बर को उत्तरायण लिखा है। 14 जनवरी को नहीं लिखा रहता। **अगले सप्ताह:** रविवार 22 दिसम्बर भानु सप्तमी एवं कालाष्टमी। बुधवार 25 दिसम्बर को ईसाई जगत में क्रिसमस त्यौहार।

**आकाश दर्शन और मौसम**

मंगलवार 17 दिसम्बर से गुरुवार 19 दिसम्बर के बीच पूरब में चन्द्रोदय समयानुसार मंगल चतु योग सुन्दर दर्शनीय है। देखें और मोबाइल चित्र भी लें तथा मित्रों को भेजें। चन्द्रोदय 17 को 19.25 बजे 18 को 20.28 बजे तथा 19 तारीख को 21.28 बजे है। मंगल उदय पूरब में रात लगभग साढ़े आठ बजे से है। **मौसम:** सप्ताह मध्य तापमान में गिरावट कुछ कम होने का ग्रह संकेत है। पर सप्ताहांत सर्दी बढ़ने का ग्रह योग है।

**व्यापार भविष्य**

इस सप्ताह आई.टी. रियल एस्टेट, मैटल, एनर्जी के क्षेत्रों में शेयरों में तेजी का ग्रह संकेत है। फर्टिलाइजर्स, बैंकिंग, ऑटो में सामान्य घटबढ़ संभावित है।

**मेष–** आपकी राशि से भाग्य स्थान पर सूर्य का गोचर आरंभ हो गया है जो अगले चार सप्ताह तक प्रभावशील रहेगा इस अवधि में आपको कुछ महत्वपूर्ण सफलताएं मिल सकती है। इनमें पद वृद्धि, सम्मान वृद्धि कार्य क्षेत्र का विस्तार शैक्षिक कार्यों में सफलता तथा व्यापार रोजगार में उन्नति के नए अवसर जैसे कुछ प्रसंग शामिल हैं। सप्ताह के शुरू में लघु यात्रा संभावित है सप्ताह मध्य नित्य क्रम में बदलाव हो सकता है या छुट्टी लेना पड़ सकती है। मंगलवार बुधवार को वाहन मशीनरी पानी के पंप आदि पर अधिक ध्यान देने और खर्च की जरूरत पड़ सकती है। सप्ताह के आखिर में संतान पक्ष की ओर से कुछ चिंता रह सकती है, आपको सर्दी के मौसम से स्वास्थ्य कष्ट हो सकता है। सप्ताह के अधिकांश दिन व्यापार रोजगार में लाभ और सफलता के लिहाज से अनुकूल रहेंगे।

**वृष–** इस इसी सप्ताह पेंशन फंड जमा धन बचत और पेंशन इत्यादि से जुड़े मामलों में अधिक ध्यान देना पड़ सकता है। आपकी राशि का स्वामी शुक्र इन दिनों मंगल से प्रतियुति योग पर है इसका असर खर्च वृद्धि के रूप में हो सकता है, आप नए सुख साधनों पर और दूसरों की मदद करने में अधिक खर्च कर सकते हैं। इस सप्ताह लघु यात्राएं भी हो सकती हैं। आपको अपने मन के कार्य और वातावरण मिलने से प्रसन्नता होगी। घर परिवार में मित्रों और प्रियजनों का आगमन भी बढ़ेगी रविवार सोमवार मंगलवार बुधवार शुक्रवार सप्ताह के अपेक्षाकृत अनुकूल और लाभकारी दिन रहेंगे। सप्ताहांत नित्यक्रम में रद्दोबदल का संकेत है।

**मिथुन–** इस सप्ताह आपकी प्रवृत्ति जरूरत से ज्यादा खर्च करने की रहेगी। मित्रों संबंधी जनों पर तथा पारिवारिक आवश्यकताओं पर खर्च अधिक हो सकते हैं। कीमती वस्तुओं की खरीद हो सकती है। इन सब के लिए बचत का उपयोग भी आप करना चाहेंगे। यात्रा प्रवास पर बाहर जाने का ग्रह संकेत भी इस सप्ताह है। संतान पक्ष की ओर से प्रसन्नता के नए प्रसंग भी हो सकते हैं। सप्ताह के शुरू में आपका एक से अधिक काम अचानक ही सफल हो जाएंगे। जबकि सप्ताह के आखिर में पुरानी यादें ताजा करने वाले प्रसंग होने का ग्रह संकेत है। शनिवार के आसपास प्रस्तावित यात्रा में विलंब हो सकता है। सप्ताह के रविवार सोमवार मंगलवार गुरुवार अनुकूल और लाभदायक दिन हैं।

**कर्क–** आपको अपनी आर्थिक देनदारी निपटाने के अच्छे अवसर मिलेंगे। इसके लिए आपको धन की व्यवस्था करने में भी सफलता मिलेगी। रोजगार में यदि किसी बड़े कार्य के लिए धन और कुशल सलाह की जरूरत है तो इस सप्ताह से लेकर अगले तीन सप्ताह के दौरान आपको ये सब उपलब्ध हो सकते हैं। इस सप्ताह आप की प्रवृत्ति लापरवाही या अधिक उदारता के कारण फिजूलखर्ची करने कुछ ज्यादा ही रहेगी इस पर नियंत्रण करें। जबकि मंगलवार बुधवार को आकस्मिक क्रोध की स्थिति बन सकती है जिसे काबू में रखें। व्यापार रोजगार के लिहाज से सप्ताह के रविवार बुध गुरु शुक्रवार लाभकारी दिन रहेंगे।

**सिंह–** आपकी राशि के स्वामी सूर्य का बुद्धि विवेक के पंचम भाव से संचार आरंभ हो गया है इस कारण आपके आने वाले तीन चार सप्ताह में आपका निर्णय सही और लाभकारी रहेंगे। आप कई कार्यों को एक साथ सफलतापूर्वक निपटाने में भी सफल होंगे। संतान पक्ष से जुड़े कार्य भी प्रगति करेंगे। सप्ताह के शुरू में अधिकारी वर्ग से आपको अच्छी मदद मिल सकती है। बुधवार गुरुवार के आसपास आकस्मिक खर्च बढ़ सकते हैं तथा अकारण तनाव भी हो सकता है। सप्ताह के आखिर में स्वयं को या निकट संबंधी जन को स्वास्थ्य कष्ट अस्थायी रूप से उभर सकता है। व्यापार रोजगार में लाभ और सफलता के लिहाज से लगभग पूरा सप्ताह ही अनुकूल रहेगा।

**कन्या–** इस सप्ताह परिवार के संबंधी जनों के यात्रा पर वापस आने का अथवा यात्रा पर बाहर जाने का ग्रह संकेत है। आपके नित्य क्रम में भी कुछ रद्दोबदल हो सकता है तथा अवकाश भी आपको लेना पड़ सकता है। नए सुख साधनों की खरीद पर इस सप्ताह अधिक खर्च हो सकता है। इस सप्ताह शुक्र शनिवार स्वास्थ्य कष्ट कारक रह सकते हैं। जबकि सप्ताह के शेष दिन अधिकतर अनुकूल लाभदायक और प्रसन्नता दायक रहेंगे। सप्ताह के मध्य सत्तापक्ष से कुछ चिंता रह सकती है।

**तुला–** आपकी राशि के स्वामी शुक्र का मंगल से प्रतियुति योग इस सप्ताह भी जारी रहेगा यह योग आपको कार्य क्षेत्र में व्यस्तता बढ़ाने के साथ-साथ आपकी स्थिति के अनुसार आपकी लोकप्रियता बढ़ाने वाला भी रहेगा। नए सुख साधनों की प्राप्ति पर भी इस सप्ताह अधिक खर्च हो सकता है। आपके व्यक्तित्व का आभामंडल शुक्र के संचार से बढ़ेगा अधिकार संपन्न व्यक्तियों से भी आप को अच्छी मदद मिल सकती है। लघु यात्राएं अधिक हो सकती हैं। व्यापार रोजगार में कार्य क्षेत्र बढ़ाने के अवसर भी मिलेंगे इस लिहाज से पूरा सप्ताह ही अनुकूल रहेगा। मंगलवार बुधवार को कामकाज में कुछ आकस्मिक बदलाव करना पड़ सकते हैं।

**वृश्चिक–** इस सप्ताह आपके काफी समय से रुके हुए कामकाज में अच्छी प्रगति होने का ग्रह योग है। अधिकार संपन्न व्यक्तियों से चर्चा होने का तथा यात्रा एवं संपर्क क्षेत्र बढ़ने का योग भी प्रबल है। आपकी सूझबूझ और आपके सुझावों की प्रशंसा होगी। इस सप्ताह के अधिकांश दिन आपको कामकाज में सफलता की दृष्टि से अनुकूल रहेंगे। संतान पक्ष की ओर से चिंता का समाधान होगा। पुराने रुके हुए कार्य भी निपटेंगे। सत्ता के आखिर में कामकाज में कुछ विलंब हो सकता है। आपकी राशि के स्वामी मंगल से चंद्रमा का शुभ योग इस मंगल बुध गुरुवार की शाम दर्शनीय रहेगा। यह आपके लिए भाग्य वृद्धि कारक है।

**धनु–** आपकी राशि से भाग्य स्थान के स्वामी सूर्य का संचार आपकी राशि पर से इस सप्ताह से आरंभ हो गया है। इस कारण आने वाले तीन चार सप्ताह में आपको कुछ महत्वपूर्ण कार्यों में अच्छी सफलता अनायास कम मेहनत के मिल सकती है। इसलिए अपने व्यापार रोजगार आदि से जुड़ी कोशिश में तेजी लाएं। सप्ताह के शुरू में पुरानी देनदारी निपट सकती है। लघु यात्राएं भी हो सकती हैं। पुराने काम निपटाने के लिए बचत का उपयोग भी हो सकता है। सप्ताह के आखिर में प्रतीक्षित कार्यों में देर से सफलता मिल सकती है। व्यापार रोजगार में लाभ और सफलता के लिहाज से लगभग पूरा सप्ताह ही अनुकूल रहेगा।

**मकर–** आपकी राशि से संचार कर रहे शुक्र का मंगल से प्रतियुति योग इस सप्ताह आपको अपने कार्य क्षेत्र में लोकप्रियता देगा तथा तथा शौकिया कार्यों में खर्च भी बढ़ाएगा। निकट संबंधीजनों की मांग पर भी आपको अधिक खर्च करना पड़ सकता है। इस सप्ताह व्यापार रोजगार के सिलसिले में उपयोगी संपर्क अथवा यात्रा का योग भी प्रबल है। सप्ताह के आखिर में रुके लाभमिल सकते हैं या अटके हुए काम भी बन सकते हैं। मंगलवार बुधवार के आसपास किसी प्रिय जनों से थोड़े समय के लिए तनाव भी हो सकता है। व्यापार रोजगार में लाभ और सफलता के लिए रविवार सोमवार मंगलवार और शुक्रवार उत्तम और अनुकूल दिन रहेंगे।

**कुंभ–** आपको अपने व्यापार रोजगार में उपयोगी कॉन्ट्रैक्ट करने के नए अवसर इस सप्ताह मिल सकते हैं। यह योग दो-तीन सप्ताह तक जारी रहेगा इसलिए इस दिशा में निरंतर कोशिश करते रहें। इस सप्ताह किसी निकट संबंधी के यात्रा पर जाने का ग्रह योग भी है। सामाजिक क्षेत्र में आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी यदि आप राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े हैं तो आपका आभामंडल और बढ़ सकता है। सप्ताह मध्य किसी से ईर्ष्या द्वेष के कारण कुछ मानसिक क्लेश हो सकता है। व्यापार रोजगार में लाभ और सफलता की दृष्टि से रविवार सोमवार मंगलवार गुरुवार और शनिवार अनुकूल दिन रहेंगे।

**मीन–** आपके कार्य क्षेत्र में आपकी गतिविधियों का विस्तार होगा, आप एक साथ कई क्षेत्रों पर काम करने का विचार बनाएंगे तथा इसमें पर्याप्त सफलता भी प्राप्त कर सकेंगे। दूसरों के प्रति इस सप्ताह आवश्यकता से अधिक उदारता दिखाने के कारण आपकी परेशानी बढ़ सकती है, इसलिए इस मनोवृत्ति पर नियंत्रण रखें खासकर मंगलवार बुधवार के आसपास। सामाजिक क्षेत्र में आपकी लोकप्रियता बढ़ाने वाले प्रसंग भी हो सकते हैं। रविवार के लगभग कोई अच्छी खबर भी आपको मिल सकती है। आर्थिक मामलों में प्रगति बनी रहेगी। व्यापार रोजगार में लाभ और सफलता के लिहाज से रविवार सोमवार मंगलवार गुरुवार और शुक्रवार उत्तम दिन रहेंगे।

# गाबा में पहले दिन का खेल चढ़ा बारिश की भेंट



सिर्फ 13.2 ओवर फेंके गए ऑस्ट्रेलिया ने 28 रन बनाए

एजेंसी ■ ब्रिसबेन

ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच पांच टेस्ट मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में तीसरा मैच शनिवार को गाबा में शुरू हुआ। तीसरे टेस्ट के पहले दिन लगातार बारिश के कारण खेल बारिश की भेंट चढ़ गया और पहले दिन में केवल 13.2 ओवर डाले गये जिसमें मेजबान टीम ने बिना विकेट खोये 28 रन बनाये।

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। भारतीय प्लेइंग इलेवन में दो बदलाव हुए थे। रविंद्र जडेजा और आकाशदीप को आर अश्विन और हर्षित राणा की जगह टीम में जगह दी। वहीं ऑस्ट्रेलिया एक बदलाव के साथ गाबा में उतरी है। स्कॉट बोलैंड की जगह टीम में जोश हेजलवुड को प्लेइंग इलेवन में शामिल किया गया। मैच के पहले दिन के पहले सत्र में ही दो बार बारिश होने की वजह से खेल रुका। लंच से पहले हुई बारिश के बाद फिर से खेल शुरू नहीं हो पाया। मैच अधिकारियों ने मैच के बाकी दिनों के लिए मैच जल्दी शुरुआत की घोषणा की है। मौसम ठीक रहने पर दूसरे दिन 98 ओवर का खेल होगा। पहले दिन के खेल में ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा 47 गेंदों पर 19 रन बनाकर मैदान में डटे रहे और नाथन मैकस्वीनी ने 33 गेंदों पर महज चार रन बनाये। भारतीय गेंदबाज मोहम्मद सिराज और आकाश दीप की आक्रामक गेंदबाजी का आस्ट्रेलिया सलामी बल्लेबाजों ने सावधानी से सामना किया और बारिश शुरू होने से पहले बिना किसी नुकसान के 28 रन बना लिए। सिराज और आकाश दीप दोनों ने ही अनुशासन का परिचय दिया और विकेट लेने का भरपूर प्रयास किया लेकिन दोनों गेंदबाजर सफल नहीं हो पाए। पहले दिन का मैच बूंदाबांदी के साथ शुरू हुआ और लंच से पहले तेज बारिश होने के कारण मैदान में पानी भर गया, हालांकि मैदान में पानी की निकासी बहुत अच्छी व्यवस्था थी। ग्राउंड स्टाफ ने अथक परिश्रम किया, लेकिन जब स्थिति में सुधार नहीं हुआ, तो लंच के बाद खेल आधिकारिक तौर पर रद्द कर दिया गया।

## बिना खेले ही विराट कोहली ने लगा दिया शतक सचिन तेंदुलकर की लिस्ट में लिखवाया नाम



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली करियर के उस मुकाम पर पहुंच गए हैं जो जब भी मैदान पर उतरते हैं कोई न कोई रिकॉर्ड बना देते हैं। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच ब्रिस्बेन के गाबा में खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच में कोहली ने एक और बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम करते हुए शतक जमा दिया है। इस मैच में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीता और पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है।

कोहली का नाम जैसे ही प्लेइंग-11 में आया उन्होंने एक शतक पूरा कर लिया। ऐसा शतक जो अभी तक पूरी दुनिया में सिर्फ महान बल्लेबाज और कोहली के आदर्श सचिन तेंदुलकर ही लगा पाए हैं। कोहली ये शतक जमाने वाले दुनिया के सिर्फ दूसरे बल्लेबाज ही है।

**कोहली का शतक**-ब्रिस्बेन टेस्ट में कोहली ने जो शतक जमाया है वो मैच खेलने के लिहाज से जमाया है। ये कोहली का ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 100वां इंटरनेशनल मैच है। वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच खेलने में शतक जमा चुके हैं। उनसे पहले सिर्फ सचिन ने ये काम किया है। सचिन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खुल 110 इंटरनेशनल मैच खेल हैं। उनके बाद कोहली का नंबर है। तीसरे नंबर पर वेस्टइंडीज के डेसमंड हेंस हैं जिन्होंने कंगारूओं के खिलाफ 97 मैच खेले हैं। चौथे नंबर पर भारत के पूर्व कप्तान एमएस धोनी हैं जिन्होंने 91 मैच खेले हैं। वेस्टइंडीज के विवियन रिचर्ड्स 88 मैचों के सात पांचवें नंबर पर हैं।

## टी-20 में बने 416 रन, लगे 25 छक्के

### हाईस्कोरिंग मैच में साउथ अफ्रीका ने पाकिस्तान को हराया



एजेंसी ■ नई दिल्ली

पाकिस्तान को साउथ अफ्रीका में लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा। दूसरे टी20 में साउथ अफ्रीका ने पाकिस्तान को 7 विकेट से हराकर 3 मैचों की टी20 सीरीज अपने नाम कर ली है। पाकिस्तानी टीम पर अब सीरीज में क्लीनस्वीप का खतरा मंडराने लगा है। दूसरे टी20 में दोनों टीमों की ओर से कुल 416 रन बने। इस हाईस्कोरिंग मैच में पाकिस्तान की टीम दबाव को सह नहीं पाई और लगातार दूसरा मैच हारकर सीरीज भी गंवा बैठी। युवा ओपनर सैयम अयूब ने 98 रन की पारी जरूर खेली लेकिन वो भी अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। पहले टी20 में धीमी बल्लेबाजी के लिए आलोचना झेलने वाले कप्तान मोहम्मद रिजवान दूसरे टी20 में भी 13 गेंदों पर 11 रन बनाकर चलते बने। रिजवान की इस पारी पर भी सवाल उठना लाजिमी है।

पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 206 रन बनाए। ओपनर सैमय अयूब ने 57 गेंदों पर 11 चौकों और 5 छक्कों की मदद से नाबाद 98 रन बनाए जबकि इरफान खान ने 16 गेंदों पर ताबड़तोड़ 30 रन की पारी खेली। बाबर आजम ने 20 गेंदों पर 31 रन का योगदान दिया वहीं कप्तान मोहम्मद रिजवा ने 11 रन बनाए। तैयब ताहिर के बल्ले से 6 रन आए वहीं उस्मान खान ने 3 रन बनाए। साउथ अफ्रीका की ओर से डी गलिऐम और ओर्टनिकल बार्टमैन ने दो दो विकेट लिए वहीं एक विकेट जॉर्ज लिंडे के खाते में गया। मैच में कुल 25 छक्के लगे जिसमें पाकिस्तानी बल्लेबाजों ने 9 छक्के जड़े वहीं साउथ अफ्रीका ने 16 सिक्स लगाए।

#### रीजा हेंड्रिक्स ने धुआंधार शतक जड़ा

पाकिस्तान की ओर से 207 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी साउथ अफ्रीकी टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। साउथ अफ्रीका ने 28 के स्कोर पर दो विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद ओपनर रीजा हेंड्रिक्स ने शुरुआती झटको को पीछे छोड़ते हुए रासी वान डर डुसन के साथ मोर्चा संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने 28 से 185 तक स्कोर को ले गए।रीजा ने 63 गेंदों पर 117 रन की पारी खेली जिसमें 10 छक्के और 7 चौके शामिल थे। डुसन 38 गेंदों पर 66 रन बनाकर नाबाद लौटे जबकि कप्तान हेनरिक क्लासेन ने 5 गेंदों पर नाबाद 8 रन की पारी खेली। साउथ अफ्रीका ने 3 गेंद बाकी रहते 3 विकेट के नुकसान पर 210 रन बनाए।

#### हारिस रउफ की हुई धुनाई

पाकिस्तानी गेंदबाजों की साउथ अफ्रीकी बल्लेबाजों ने जमकर पिटाई की। खासकर हेंड्रिक्स और डुसन ने। पाकिस्तान के मेन स्ट्राइक गेंदबाज शाहीन अफरीदी को विकेट नहीं मिला जबकि जुनैद खान ने 4 ओवर में 40 रन देकर 2 विकेट निकाले। हारसि रउफ के चार ओवर में साउथ अफ्रीकी बल्लेबाजों ने 57 रन जुटाए वहीं अब्बास अफरीदी ने 3.3 ओवर में 46 रन देकर एक विकेट लिया।

## नीरज चोपड़ा की टी-शर्ट विश्व एथलेटिक्स विरासत संग्रह में शामिल

एजेंसी ■ मुंबई




स्टार भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा उन 23 एथलीटों में शामिल हैं, जिनकी प्रतियोगिता कलाकृतियों को विश्व एथलेटिक्स विरासत संग्रह में शामिल किया गया है, जो वर्तमान में संग्रहालय ऑफ वर्ल्ड लर्ड एथलेटिक्स (एमओड्ब्ल्यूए) के ऑनलाइन एक्स प्लेटफ़ॉर्म पर प्रदर्शित है।चोपड़ा, जो 2021 में टोक्यो खेलों में शीर्ष पोडियम फिनिश हासिल करके एथलेटिक्स में भारत के पहले ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता बने, ने इस साल पेरिस खेलों में पहनी गई प्रतियोगिता टी-शर्ट दान कर दी है।

89.45 मीटर के अपने दूसरे दौर के थ्रो के साथ, चोपड़ा ने पाकिस्तान के अरशद नदीम के पीछे पेरिस में रजत पदक हासिल किया, जिन्होंने 92.97 मीटर के प्रयास के साथ ओलंपिक रिकॉर्ड बनाया।चोपड़ा के अलावा, यूक्रेन की यारोस्लावा महुचिख, विश्व एथलेटिक्स (डब्ल्यूए) महिला फील्ड इवेंट एथलीट ऑफ़ द ईयर, और उनकी साथी पेरिस ओलंपिक पदक विजेता थिया लाफॉन्ड उन एथलीटों में शामिल हैं, जिनकी प्रतियोगिता कलाकृतियों को विरासत संग्रह में शामिल किया गया है।

प्रदेश की पहली प्राइम टेबल टेनिस लीग शुरू

## सेंशेसन, लायन वारियर्स, योद्धा एवं निंजा मजबूत स्थिति में

■ इंदौर



म.प्र. टेबल टेनिस संगठन तथा प्राइम टेबल टेनिस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित प्रदेश की पहली टेबल टेनिस लीग (प्राइम टेबल टेनिस लीग) में लायन वारियर्स, सेशेसन, योद्धा टीमे अपने अपने मुकाबले जीतकर स्पर्धा के अगले दौर में पहुंचे।

अभय प्रशाल में खेली जा रही स्पर्धा के लीग मुकाबलों में लायन वारियर्स ने थंडरबोल्टस को पराजित कर अगले दौर में प्रवेश किया। लायन के अनुज सोनी ने रूद्र चौधरी को 11-5, 11-9 से, भाग्यश्री दवे ने आराध्या राजपूत को 11-9, 11-9 से, प्रथम बॉथम व पवी परदेशी की जोड़ी पराजित विरूद्ध अंश गोयल व भव्या राव 7-11, 8-11 से, रिदम गढ़िया पराजित विरूद्ध प्रियांशु गुप्ता 5-11, 9-11 से, प्रथम बॉथम पराजित विरूद्ध अंश गोयल 7-11, 10-12, 11-6 से, अनुज सोनी व मुदित मालपानी की जोड़ी ने रूद्र चौधरी व समीर सैयद की जोड़ी को 11-8, 11-6 से, मुदित मालपानी ने समीर सैयद को 19-17, 6-11, 11-8 से, रिदम गढ़िया व भाग्यश्री दवे की जोड़ी ने प्रियांशु गुप्ता व आराध्या राजपूत की जोड़ी को 11-5, 11-8 से, संतोष खिरवड़कर ने विशाल जोशी को 11-6, 7-11, 11-6 से पराजित कर टीम को अगले दौर में पहुँचाया।

## पाकिस्तानी क्रिकेटर इमाद और आमिर ने लिया संन्यास

**कराची।** पाकिस्तान के ऑलराउंडर इमाद वसीम और तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर ने अंतराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया। दोनों खिलाड़ियों ने आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 में पाकिस्तान के लिए खेला था।



ऑलराउंडर इमाद ने 2015 में जिम्बाब्वे के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। अपने करियर के दौरान इमाद ने 1540 अंतरराष्ट्रीय रन बनाए और 117 अंतरराष्ट्रीय विकेट लिए। उन्होंने 2017 में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने पर पाकिस्तान के उप-कप्तान के तौर पर खेला था। आमिर भी उस विजेता टीम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा थे, जिन्होंने भारत के खिलाफ फाइनल में शानदार प्रदर्शन किया था। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज आमिर ने 159 मैचों में पाकिस्तान के लिए सभी प्रारूपों में 271 विकेट लिए। इमाद ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर संन्यास की घोषणा की।

न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज से पहले ऑस्ट्रेलिया को लगा झटका

## स्टार स्पिनर सोफी वनडे सीरीज से बाहर

एजेंसी ■ सिडनी

मौजूदा विश्व चैंपियन न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज के लिए आस्ट्रेलिया अपनी स्टार स्पिनर सोफी मोलिनक्स के बिना खेलेगी। आस्ट्रेलियाई स्पिनर मोलिनक्स घुटने की चोट के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ आईसीसी महिला चैंपियनशिप वनडे सीरीज से बाहर हो गई हैं। यह ऑलराउंडर पूरी गर्मियों में घुटने की परेशानी से जूझती रही थी। वह भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की 3-0 की सीरीज के अंतिम दो मैचों में खेली थीं, लेकिन पर्थ में अंतिम वनडे में टीम की जीत के बाद मोलिनक्स को असहजता का अनुभव हुआ। आईसीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार मोलिनक्स की अनुपस्थिति में ऑलराउंडर हीथर ग्राहम को उनकी जगह टीम में शामिल किया गया है। आस्ट्रेलियाई टीम में एलिसा हीली (कप्तान), ताहलिया मैकग्राथ, डार्सी ब्राउन, एशले गार्डनर, किम गर्थ, अलाना किंग, फोबे लिचफील्ड, सोफी मोलिनक्स, बेथ मूनी, एलिस पेरी, मेगन शुट्ट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वेयरहैम शामिल हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने एक बयान में कहा, सोफी मोलिनक्स को घुटने में दर्द के कारण न्यूजीलैंड सीरीज से हटा दिया गया है। हीथर ग्राहम मंगलवार को न्यूजीलैंड में आस्ट्रेलियाई टीम से जुड़ेंगी। आस्ट्रेलिया क्रिकेट बोर्ड ने कहा कि मोलिनक्स की चोट खासकर 09 जनवरी से शुरू होने वाली घरेलू एशेज सीरीज के मद्देनजर ऑस्ट्रेलिया के लिए एक बड़ा झटका है।

प्रो कबड्डी लीग : पॉइंट्स टेबल में हासिल किया दूसरा स्थान

## पटना पाइरेट्स ने तमिल थलाइवाज को रौंदा

एजेंसी ■ नई दिल्ली

अयान (13), देवांक (12) और डिफेंडर शुभम शिंदे (5) के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत पटना पाइरेट्स ने धमाकेदार जीत हासिल की। बालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बैडमिंटन हॉल में शुक्रवार को खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के 109वें मैच में तमिल थलाइवाज को 42-38 के अंतर से हराकर अंक तालिका में दूसरा स्थान हासिल कर लिया। पटना ने 18 मैचों में 11वीं जीत हासिल की जबकि मोइन शफागी (11) और सचिन (8) के सराहनीय प्रदर्शन के बावजूद थलाइवाज 18 मैचों में 11वीं हार को मजबूर हुई। इसी के साथ प्लेऑफ में जाने की थलाइवाज की उम्मीदों को झटका लगा है। जिस वक्त पटना ऑलआउट की कगार पर थे, अयान को बोनस देना थलाइवाज को भारी पड़ गया।

**8 मिनट में 9-7 से आगे था पटना**-बहरहाल, तीन बार के चैंपियन पटना ने अच्छी शुरुआत के साथ तीन मिनट में 5-2 की लीड बना ली थी। पांचवां मिनट बीतते-बीतते हालांकि थलाइवाज ने वापसी की राह पकड़ी और स्कोर 5-6 कर दिया। इसके बाद हिमांशु ने शुभम का शिकार कर स्कोर बराबर कर दिया। शुरुआती 8 मिनट में पटना को एक भी टैकल प्वाइंट नहीं मिला था, फिर भी वे 9-7 से आगे थे।

**पटना ने 16-9 की लीड ली**-इस बीच देवांक ने मल्टी प्वाइंटर के साथ न सिर्फ स्कोर 11-7 किया बल्कि थलाइवाज के लिए सुपर टैकल आन कर दिया। इसके बाद की रेड पर भी देवांक ने दो अंक लेकर थलाइवाज को आलआउट की कगार पर ला दिया। सचिन आए और लपक लिए गए. इस तरह पटना ने 16-9 की लीड ले ली। ब्रेक के बाद पटना ने शफागी को लपका तो थलाइवाज ने अयान और देवांक का शिकार कर पटना को बड़ा झटका दिया. 15 मिनट की समाप्ति तक थलाइवाज ने 12-17 के स्कोर पर वापसी की राह पकड़ ली थी। इसके बाद पटना ने लगातार दो अंक लिए पर सचिन ने मल्टी प्वाइंटर के साथ मामला बराबर कर दिया। हाफटाइम तक पटना 20-15 से आगे थे। हाफटाइम के बाद थलाइवाज ने एक अंक लिया तो दीपक ने सुपर रेड के साथ पटना को 23-16 से आगे कर दिया। इस बीच सुपर टैकल की स्थिति में देवांक ने सुपर रेड के साथ स्कोर 26-18 कर दिया। सचिन ने हालांकि ऑलआउट टाला और फिर साहिल ने देवांक को सुपर टैकल कर स्कोर 20-26 कर दिया। फिर सचिन ने डू ओर डाई रेड पर दो अंक लेकर फासला 4 का कर दिया। इस बीच सचिन ने चार के डिफेंस मे एक और अंक निकाला. पटना के लिए सुपर टैकल आना था और शुभम ने हिमांशु को लपक स्कोर 29-24 कर दिया. अगली रेड पर शफागी ने शुभम को बाहर कर दिया। 30 मिनट बाद पटना 29-25 से आगे थे।



#### पटना की टीम दूसरे स्थान पर पहुंची

ब्रेक के बाद पाइरेट्स आलआउट की कगार पर थे लेकिन दो मौकों पर अयान ने दो अंक के साथ उसे बचा लिया। तीसरे प्रयास में हालांकि वह लपके गए। अब स्कोर 31-35 था। देवांक और अयान सुपर-10 पूरा कर चुके थे। आलइन के बाद पटना ने 2 के मुकाबले तीन अंक लेकर पांच की लीड बरकरार रखी थी। थलाइवाज ने इसके बाद लगातार दो अंक लेकर फासला 3 का कर दिया। पटना ने हालांकि उसे वापसी का मौका नहीं दिया और अपनी लीड को पांच का कर लिया। इसी दौरान शुभम का हाई-5 भी पूरा हुआ। अंततः पटना ने चार अंकों का फासला बनाए रखा और एक अच्छी जीत के साथ दूसरे स्थान पर काबिज हो गई।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेल:- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)